# ज्ञानम सामयिकी

नवंबर 2020

Gyanम्



## भारत में आ रही है मैग्लेव ट्रेन

HPSSSB 1661 Posts

HP Clerk Exam 2020

Bank of India 214 Posts

B.Sc. Nursing Exams 2020

Punjab Waqf Exam 2020

6 Months G.K PACK

Scan code to download app

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

For Admission Call

9646 888 377



## Gyanm Announces Financial Scholarship worth Rs. 25 Lakh

See Page (3) for details

DOWNLOAD THE GYANM APP

ONLINE COURSES | DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

A Monthly Magazine by Gyanm Publications

₹70

USE GYANM10 COUPON CODE FOR 10% DISCOUNT ON ONLINE COURSES

Gyanम्

# HPSSSB

JOB UPDATE

Junior Office Assistant (IT)
Excise and Taxation

**1661 Vacancies**

Scan QR Code To See Video on YouTube

HP Subordinate Service Selection Board
*Hamirpur*

Eligibility: 10+2 | Age 18-45
Last Date to Apply 25-10-2020

CALL TODAY @ 99146-33222

## New Courses Launched

#getpbgovtjob

Gyanम्

COMPLETE COURSE
PUNJAB WAQF BOARD
INCLUDING URDU LANGUAGE

RECORDED COURSE
With 24*7 Faculty Support



BUY NOW | 99146-33222

Quantitative Aptitude

Gyanम्

MASTER QUANTS COURSE



BY JATIN SIR

FOR ALL COMPETITIVE EXAMS

Buy Now
9646-888-377



DOWNLOAD THE GYANM APP TODAY !

GET IT ON Google Play
Download on App Store

ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

# ज्ञानम् सामयिकी

ज्ञानम्

**नवंबर - 2020**

**वर्ष - 5** **अंक - 01**

**ज्ञानम् एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट प्राइवेट लिमिटेड, दूसरी मंज़िल, एससीओ: 13-14-15, सैक्टर 34-ए, चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित**

## विषय सूची


| | |
|---|---|
| करेंट अफेयर्स अगस्त – सितम्बर 2020 | 3-55 |
| बुलेट न्यूज़ अप्रैल– जुलाई 2020 | 56-73 |
| GK टेस्ट पेपर - 1 एवं 2 | 74-81 |
| IBPS CLERK PRELIMS Model Test Paper | 82-93 |
| नवीनतम ज्ञान बिंदु | 94-113 |


## स्मरणीय तथ्य

| | |
|---|---|
| रेपो दर | 4.00% |
| रिवर्स रेपो दर | 3.35% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 4.25% |
| बैंक दर | 4.25% |
| सांविधिक तरलता अनुपात- SLR | 18.00% |
| नकद आरक्षित अनुपात - CRR | 3.00% |
| आधार दर | 8.15 to 9.40% |

## भारत का रैंक

| | |
|---|---|
| वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक | 106 |
| मानव पूंजी सूचकांक | 116 |
| ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स | 48 |
| विश्व जोखिम सूचकांक (WRI) | 89 |
| बजट पारदर्शिता सूचकांक | 53 |
| वैश्विक ऊर्जा संचार सूचकांक | 7 |
| ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स | 142 |
| समावेशी इंटरनेट सूचकांक | 46 |
| वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट | 144 |
| बौद्धिक संपदा सूचकांक | 40 |
| सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स | 77 |
| फ्लॉरिशिंग इंडेक्स | 131 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक | 9 |
| ग्लोबल टैलेंट कॉम्पिटिटिव इंडेक्स | 72 |
| कार्बन प्रकटीकरण परियोजना रिपोर्ट | 5 |
| लोकतंत्र सूचकांक 2019 | 51 |
| भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक | 80 |
| सामाजिक गतिशीलता सूचकांक | 76 |
| हैनली पासपोर्ट इंडेक्स | 84 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक | 9 |


## ज्ञानम् का छात्रवृत्ति महाऑफर
## पाएं 25 लाख रु की छात्रवृत्तियां!

***प्रिय पाठकगण,***

*हमें आशा है कि आप और आपका परिवार स्वस्थ एवं सुरक्षित है.*

*वर्तमान कोरोना-जनित महामारी हम सब के लिए मुश्किल की घड़ी है. इसके कारण हमारे बीच कई लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है. अध्ययन के इच्छुक बहुत से ऐसे छात्र रोज़ाना हमें सम्पर्क करते हैं जो कोचिंग फीस वहन करने में असमर्थ हैं.*

*यदि आप भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं तो घबराइए नहीं! हम इसे आपके सपनों की मंज़िल के रास्ते में नहीं आने देंगे. अपने सपनों की मंज़िल तक पहुंचने में आपको मदद देने के लिए ज्ञानम आपके लिए लाया है 25 लाख रुपये की विशेष छात्रवृत्ति योजना, ताकि आप निश्चिन्त होकर सरकारी परीक्षा की तैयारी कर सकें.*

***योजना किस के लिए है?*** *सरकारी नौकरियों की तैयारी करने का इच्छुक कोई भी छात्र, जिसके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है.*

***कैसे मिलेगी छात्रवृत्ति?***

***Setp 1.*** *प्लेस्टोर से ज्ञानम ऐप डाउनलोड करें और अपने पसंदीदा कोर्स के बारे में निर्णय लें.*

***Setp 2.*** *हमें hello@gyanm.in पर ईमेल भेजकर अपनी आर्थिक परेशानी के बारे में बताएं और यह भी बताएं कि आप किस नौकरी के लिए तैयारी करना चाहते हैं. इस बात का ज़िक्र भी अवश्य करें कि आप कितनी फीस चुकाने की स्थिति में हैं.*

***Setp 3.*** *आपका ईमेल मिलने के 24 घंटे के अंदर हम आपको उचित जवाब देंगे.*

***Stet 4.*** *तो फिर तैयार हो जाइये ज्ञानम के साथ अपनी सफलता का सफर शुरू करने और सरकारी अफ़सर बनने के लिए.*

*यदि आपको इस छात्रवृत्ति की आवश्यकता नहीं भी है, तो कृपया इस जानकारी को अपने दोस्तों के साथ साझा करें और उनकी सफलता में भागीदार बनें.*

***आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित,***

***टीम ज्ञानम***


# राष्ट्रीय समाचार

## सितम्बर

### BHEL लाएगा मैग्लेव प्रौद्योगिकी



नई दिल्ली स्थित दिग्गज सार्वजनिक इंजीनियरिंग कंपनी BHEL (भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्ज़ लिमिटेड) ने भारत में मैग्लेव ट्रेन परियोजनाओं के विकास के लिए स्विट्ज़रलैंड की कंपनी स्विसरैपिड एजी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. ज्यूरिख की स्विसरैपिड एजी विश्व में मैग्लेव रेल परियोजनाओं के नियोजन, डिज़ाइनिंग और कमीशनिंग के मामले में अग्रणी कंपनी है.

चुंबकीय उत्तोलन के कारण मैग्लेव रेल पटरियों पर दौड़ने की बजाय हवा में रहती है, इसलिए उसका पटरी से कोई सीधा भौतिक संपर्क नहीं होता है. यह प्रणाली अत्यंत ऊर्जा दक्ष होती है, जिसमें रेलगाड़ी को 500 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार तक से चलाया जा सकता है और कुल परिचालन लागत काफी कम होती है.

## 75वें UNGA सत्र को प्रधानमंत्री का सम्बोधन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) को संबोधित किया.

चूंकि संयुक्त राष्ट्र महासभा का यह अधिवेशन इस वर्ष नोवेल कोरोनोवायरस से जनित महामारी की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है, इसलिए ज्यादातर गतिविधियां वर्चुअल माध्यम से ही की जा रही हैं. 75वीं UNGA का थीम है - 'भविष्य जो हम चाहते हैं, संयुक्त राष्ट्र जिसकी हमें जरूरत है, कोविड-19 से प्रभावी बहुआयामी कदम के माध्यम से संघर्ष में हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता.' UNGA- United Nations General Assembly

## भारत-श्रीलंका प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन

26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके श्रीलंकाई समकक्ष महिंदा राजपक्षे के बीच आभासी द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया. यह दोनों नेताओं के बीच पहली आधिकारिक बातचीत थी. यह भारत की "पड़ोसी पहले" वाली नीति (Neighbourhood First policy) के अनुरूप दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए मिलजुल कर काम करने और SAGAR दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता का सूचक थी. भारत SAGAR (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) के माध्यम से अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को और मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है.

## प्रथम विश्व प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन

पहला विश्व प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) द्वारा वर्चुअल मंच पर आयोजित किया गया. केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटनी सत्र के साथ-साथ इसके समापन सत्र को भी संबोधित किया. इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना है, जो सौर ऊर्जा का अधिक कुशल दोहन करने में मदद करेंगी.

ISA सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और इसका दोहन करने के लिए नवंबर 2015 में प्रधान मंत्री मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति मित्रां द्वारा शुरू की गई एक पहल है. इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित है. यह 121 देशों का गठबंधन है, जिनमें से ज्यादातर देशों में अच्छी धूप होती है. ये देश पूर्ण या आंशिक रूप से कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच अवस्थित हैं.

## ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की 5वीं बैठक

ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की 5वीं बैठक रूसी संघ की अध्यक्षता में वीडियो सम्मेलन के माध्यम से आयोजित की गई. इस बैठक में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रालयों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया. बैठक में ब्रिक्स देशों में सांस्कृतिक क्षेत्र पर पड़े कोरोना महामारी के प्रभाव पर चर्चा की गई और ब्रिक्स देशों में संयुक्त सांस्कृतिक ऑनलाइन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई.

## भारत हुआ CSW में शामिल

भारत को आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) की संस्था यूनाइटेड नेशनज़ कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन (UNCSW) का सदस्य चुना गया है. भारत 2021 से 2025 तक चार वर्षों के लिए इस प्रतिष्ठित निकाय का सदस्य होगा. संयुक्त राष्ट्र के 45 सदस्य देश इस आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हैं.

CSW वैश्विक स्तर का एक प्रमुख अंतर-सरकारी निकाय है जो विशेष रूप से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित है. यह महिलाओं के अधिकारों को प्रोत्साहित करता है, दुनिया भर में महिला जीवन की वास्तविकता को उजागर करता है और लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण पर वैश्विक मानकों को परिभाषित करने में मदद करता है. **CSW -** Commission on Status of Women

## SCO CHG बैठक की मेज़बानी करेगा भारत

भारत 29-30 नवंबर 2020 को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की प्रमुख परिषद की बैठक की मेज़बानी करेगा. व्यापार और अर्थव्यवस्था से संबंधित आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित होने वाली यह बैठक वर्चुअल मोड में होगी. भारत के SCO के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद से इसके द्वारा आयोजित की जाने वाली यह पहली प्रधानमंत्री स्तरीय बैठक होगी.

भारत 29-30 नवंबर 2020 को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के प्रधान मंत्रियों की परिषद की बैठक की मेज़बानी करेगा. व्यापार और अर्थव्यवस्था से संबंधित आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित होने वाली यह बैठक वर्चुअल मोड में होगी. भारत के SCO के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद से इसके द्वारा आयोजित की जाने वाली यह पहली प्रधानमंत्री स्तरीय बैठक होगी.



*SCO आठ देशों का स्थायी अंतर-सरकारी संगठन है, जिसके गठन की घोषणा 15 जून, 2001 को चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान द्वारा शंघाई (चीन) में की गई थी. भारत 2005 में SCO में पर्यवेक्षक के रूप शामिल हुआ और जून, 2017 में पाकिस्तान के साथ साथ इसका पूर्ण सदस्य बन गया. इसका मुख्यालय बीजिंग (चीन) में है. वर्तमान में इसकी अध्यक्षता महासचिव व्लादिमीर नोरोव (उज़्बेकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री) कर रहे हैं.*

## भारत में साक्षरता दर बढ़कर हुई 77.7% हुई



96.2 प्रतिशत साक्षरता वाला केरल एक बार फिर से देश में सबसे साक्षर राज्य के रूप में उभरा है. इसके बाद दिल्ली (88.7 प्रतिशत) और उत्तराखंड (87.6 प्रतिशत) का नंबर आता है. 66.4 प्रतिशत की साक्षरता दर वाला आंध्र प्रदेश इस सूची में सबसे नीचे है, जिसके ऊपर राजस्थान (69.7 प्रतिशत) और बिहार (70.9 प्रतिशत) आते हैं. ये आँकड़े राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के "घरेलू सामाजिक उपभोग: भारत में शिक्षा - जुलाई 2017 से जून 2018 तक" नामक 75वें दौर की रिपोर्ट के भाग के तौर पर जारी किया गया है.

*इस अध्ययन में देश की समग्र साक्षरता दर लगभग 77.7% आंकी गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर शहरी क्षेत्रों के 87.7% की तुलना में 73.5% है. अखिल भारतीय स्तर पर महिलाओं की 70.3% साक्षरता दर की तुलना में पुरुषों की साक्षरता दर 84.7% है.*

## बाल मृत्यु दर घटकर हुई 34/1000

यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) की एक ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार बाल मृत्यु दर के मामले में भारत में 1990 और 2019 के बीच काफी गिरावट आई है. लेकिन इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके बावजूद 2019 में पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की लगभग एक तिहाई मौतें नाइजीरिया और भारत में होती हैं. 'द लेवल एंड ट्रेंड्स इन चाइल्ड मॉर्टेलिटी' रिपोर्ट 2020 में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की मौतों की संख्या 1990 के 1. 25 करोड़ के आंकड़े से घटकर 2019 में 52लाख के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गई है.

वैश्विक स्तर पर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की मृत्यु दर 1990 के 93/1000 के आंकड़े से घटकर 2019 में 38/1000 हो गई. भारत में यह दर 1990 के 126 के आंकड़े से घटकर 2019 में 34 हो गई. बाल मृत्यु दर पाँच वर्ष से कम आयु की बच्चों की मृत्यु दर होती है. बाल मृत्यु दर, जिसे पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्य दर भी कहा जाता है, का अर्थ है - प्रत्येक 1,000 जीवित पैदा हुए शिशुओं में से कितने शिशुओं की जन्म से पांच वर्ष के बीच मृत्यु होने की संभाव्यता है.

## तीसरा राष्ट्रीय पोषण माह

तीसरा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया गया. हर साल व्यापक स्तर पर सभी के लिए पोषण सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री पोषण अभियान के तहत यह पोषण माह हर साल मनाया जाता है.

2018 में शुरू किये गये इस पोषण अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है ताकि कुपोषण को खत्म कर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके. महिला और बाल विकास मंत्रालय इस अभियान को चलाने वाली नोडल एजेंसी है.

## राष्ट्रीय मेडिकल कमीशन स्थापित

केंद्र सरकार द्वारा 87 वर्ष पुरानी भारतीय मेडिकल काउंसिल को समाप्त करने से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के साथ ही इसकी जगह चिकित्सा शिक्षा के नए नियामक निकाय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) ने 25 सितंबर से काम करना शुरू कर दिया. भारतीय मेडिकल कौंसिल के कामकाज में भ्रष्टाचार की बहुत सी शिकायतें थीं.

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में ENT विभाग के अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा को NMC का अध्यक्ष बनाये जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है. इस निकाय के चार स्वायत्त अंग होंगे, जो अलग अलग विषयों से जुड़े होंगें - स्नातक स्तरीय चिकित्सा शिक्षा, स्नातकोत्तर स्तरीय चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग्स, चिकित्स्कीय आचरण और चिकित्सा पंजीकरण.

NMC- National Medical Commission

## मालदीव के लिए सीधी कार्गो फैरी शुरू

भारत और मालदीव के बीच सीधी कार्गो फेरी सेवा 21 सितंबर को शुरू हो गई. शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित यह फैरी सेवा महीने में दो बार चलेगी. इससे भारत और मालदीव के बीच माल परिवहन का किफायती, सीधा और वैकल्पिक साधन मिल सकेगा. यह सेवा भारत के कोच्चि से मालदीव के माले बंदरगाह के लिए रवाना होगी.

## नेपाल ने भारत से खरीदे DMUC ट्रेन सेट

कोंकण रेलवे ने 84.65 करोड़ नेपाली रुपये की कीमत पर दो आधुनिक डीज़ल-इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (DMUC) ट्रेनें नेपाल रेलवे को उपलब्ध कराई हैं. ये ट्रेन दिसंबर के मध्य से बिहार के जयनगर से नेपाल के कुर्था के बीच चलेगी. यह नेपाल में पहली ब्रॉड-गेज रेलवे सेवा होगी. इन ट्रेनों का निर्माण इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा किया गया है.

## भारत में शहरी विकास को बढ़ावा देगा IFC

अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) ने भारत को हरित भवन विकसित करने, सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों का विस्तार कर शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए दो खरब डॉलर देने का ऐलान किया है.

IFC विश्व बैंक का सहयोगी निकाय है, जो विकासशील देशों में निजी क्षेत्र पर केंद्रित सबसे बड़ा वैश्विक विकास संस्थान है. यह निकाय अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में स्थित है.

**IFC-** International Finance Corporation



## निजी जेट के लिए नया टर्मिनल




भारत के पहले एकमात्र निजी जेट टर्मिनल का 17 सितंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उद्घाटन किया गया. यह नया टर्मिनल चार्टर्ड विमानों और कारोबारी जेट विमानों को सुचारू आवागमन प्रदान करने में सक्षम है. नए टर्मिनल में विशाल यात्री लाउंज, खुदरा दुकानें, खाद्य और पेय पदार्थों के लिए 24x7 व्यक्तिगत स्पेशल काउंटर हैं. यह टर्मिनल प्रतिदिन 150 जेट विमानों का संचालन संभालने में सक्षम है.

## सांसदों के वेतन में 30% की कटौती

कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ वर्तमान जंग में राहत और सहायता प्रदान करने हेतु लोकसभा ने सर्वसम्मति से संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2020 को 15 सितंबर को पारित कर दिया. इस विधेयक में सांसदों और मंत्रियों के वेतन और भत्तों में एक साल तक तीस प्रतिशत की कटौती का प्रावधान किया गया है. यह अधिनियम 1 अप्रैल, 2020 से एक वर्ष तक प्रभावी रहेगा.

## 118 और मोबाइल ऐप पर लगी पाबंदी

सरकार ने PUBG सहित 118 और मोबाइल ऐप को प्रतिबंधित कर दिया है, जो भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, देश की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए नुकसानदेह हैं. यह कदम करोड़ों भारतीय मोबाइल और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के हितों की सुरक्षा का हवाला देते हुए उठाया गया है. यह निर्णय भारतीय साइबरस्पेस की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने के लक्ष्य से लिया गया है. इन प्रतिबंधित मोबाइल ऐप में PUBG, WeChat, Cyber Hunter, LifeAfter और Warpath शामिल हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह प्रतिबंध विभिन्न स्रोतों से उपयोगकर्ता के डेटा को अनधिकृत तरीके से चोरी कर चुपके से सर्वर के ज़रिये भारत से बाहर भेजने की कई शिकायतें मिलने के बाद लगाया है.

## अंतिम वर्ष से कोई परीक्षा नहीं: अनुसूचित जाति: सुप्रीम कोर्ट

एक लंबे समय से प्रतीक्षित फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त को फैसला सुनाया कि छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा तय किए गए 30 सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षा दिए बिना नहीं पदोन्नत किया जा सकता है। अदालत ने फैसला सुनाया है कि राज्य और विश्वविद्यालय अंतिम वर्ष / टर्मिनल परीक्षा आयोजित किए बिना अंतिम वर्ष / टर्मिनल सेमेस्टर में छात्रों को बढ़ावा नहीं दे सकते. इसके अलावा, अदालत ने कहा कि एक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को स्थगित कर सकता है। लेकिन ऐसी स्थिति में, यूजीसी के परामर्श से नए सिरे से काम करना होगा। यूजीसी के दिशानिर्देशों से किसी भी छूट के लिए, राज्यों को स्वयं यूजीसी से अनुमति लेनी होगी.

## पुरातत्व सर्वेक्षण ने स्थापित किए 7 नए सर्किल

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने स्मारकों के प्रबंधन में सुधार के लिए सात नए प्रशासनिक हलकों (सर्कलों) की स्थापना की घोषणा की है. ये नए सर्कल त्रिची (तमिलनाडु) रायगंज (पश्चिम बंगाल), में राजकोट (गुजरात), जबलपुर (मध्य प्रदेश), झांसी (उत्तर प्रदेश), मेरठ (उत्तर प्रदेश), और हम्पी (कर्नाटक) में बनाए गए हैं.

## जनवरी 2021 में होगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

51वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) वर्चुअल और भौतिक प्रारूप दोनों में ही अगले साल गोवा में 16 से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा. पहले इसे 20 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित किया जाना था.

## भारत इनोवेशन में 48वें स्थान पर

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) में भारत पहली बार शीर्ष 50 देशों में शामिल हुआ है. 2019 के बाद से भारत चार पायदान की छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गया है. भारत ICT (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) सेवाओं के निर्यात, सरकारी ऑनलाइन सेवाओं, विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातकों की संख्या और शोध एवं विकास-गहन वैश्विक कंपनियों की संख्या जैसे संकेतकों के मामले में शीर्ष 15 में शामिल है. इस सूचकांक में कुल 131 देशों का नवीनतम वैश्विक रुझानों तथा नवाचार की स्थिति के मामले में विश्लेषण किया गया है. इस रैंकिंग में स्विट्जरलैंड शीर्ष पर है, जिसके बाद स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. WIPO संयुक्त राष्ट्र की 15 विशिष्ट एजेंसियों में से एक है, जिसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में स्थित है. WIPO- World Intellectual Property Organisation

## भारत मानव पूंजी में फिसड्डी

विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित वार्षिक मानव पूंजी सूचकांक के नवीनतम संस्करण में 174 देशों में भारत का 116वां स्थान है. हालांकि 2018 में भारत के 0.44 के स्कोर से बढ़कर 2020 में इसका स्कोर 0.49 हो गया है. सूचकांक में 0.88 के स्कोर के साथ सिंगापुर सबसे ऊपर है, जिसके बाद क्रमशः हांगकांग (0.81) और जापान (0.80) आते हैं. इस सूचकांक में विभिन्न देशों में मानव पूंजी के प्रमुख घटकों का मूल्यांकन किया जाता है.

*ताज़ा मानव पूंजी सूचकांक में 174 देशों के स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी आंकड़ों को शामिल किया गया है. ये आंकड़े दुनिया की 98 प्रतिशत आबादी पर आधारित हैं, जिनमें महामारी आने से पहले यानी मार्च 2020 तक बाल स्वास्थ्य और शिक्षा के स्तर की आधार-रेखा प्रदान की गई है. सूची में सर्वाधिक प्रगति करने का सेहरा कम आय वाले देशों के सिर बाँधा गया है. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कोरोनोवायरस के कारण वैश्विक स्तर पर गरीबी और संकट बढ़ने के अलावा असमानता की खाई और गहरी हो गई है.*



## आपदाओं से निपटने में भारत पिछड़ा



संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं मानव सुरक्षा संस्थान, बॉन (जर्मनी) द्वारा जारी किए गए वर्ल्ड रिस्क इंडेक्स (WRI) 2020 में भारत को 181 देशों में 89वां स्थान दिया गया है. इस सूचकांक के अनुसार 'जलवायु परिवर्तन की वास्तविकता' से निपटने के मामले में भारत की तैयारी बहुत लचर है, जिसके कारण चरम प्राकृतिक आपदाओं के प्रति इसकी संवेदनशीलता अधिक हो जाती है.

सूचकांक में सबसे ऊपर है दक्षिण प्रशांत महासागर का एक छोटा सा द्वीप देश वानुअतु जिसकी प्राकृतिक जोखिमों की चपेट में आने के संभावना सबसे अधिक है. निम्नतम जोखिम स्तर वाले देश कतर को सूची में सबसे नीचे रखा गया है. देश-वार निकाले जाने वाले WRI की गणना प्रत्येक देश से जुड़े जोखिम और इसकी संवेदनशीलता को गुना कर की जाती है और यह चरम प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने और उनके अनुसार स्वयं को ढालने के मामले में किसी देश की तैयारियों के स्तर का सूचक है.

## आर्थिक स्वतंत्रता में भारत बना फिसड्डी

ग्लोबल इकोनामिक फ्रीडम इंडेक्स (वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक) 2020 में भारत 26 पायदान खिसक कर 105वें स्थान पर आ गया है. कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार की गई "विश्व आर्थिक स्वतंत्रता: 2020" वार्षिक रिपोर्ट नई दिल्ली स्थित वैचारिक मंच सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के सहयोग से में जारी की गई है.

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक आज़ादी के बढ़ने की संभावना अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में अधिक खुलेपन सहित कारक बाज़ारों में अगली पीढ़ी के सुधारों पर निर्भर करती है. 2018 के आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में एक बार फिर हांगकांग और सिंगापुर को शीर्ष स्थान दिया गया है, जिन्होंने क्रमशः अपना पहला और दूसरा स्थान बरक़रार रखा है.

*इस रिपोर्ट को प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य 162 देशों और क्षेत्रों की नीतियों और संस्थानों का विश्लेषण कर आर्थिक स्वतंत्रता यानी निजी संपत्ति की आर्थिक सुरक्षा, व्यक्तिगत पसंद का स्तर, व्यापारिक प्रतिभागियों के लिए बाज़ारों में प्रवेश करने की क्षमता, कानून का शासन - का आकलन करना है.*

"भागते रहो अपने लक्ष्य के पीछे,
क्यूंकि आज नहीं तो और कभी,
करेंगे लोग गौर कभी, लगे रहो बस
रुकना मत, आयेगा तुम्हारा दौर
कभी।"

## NRA की स्थापना को मंज़ूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार और सार्वजनिक बैंकों में अराजपत्रित पदों पर चयन के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) आयोजित करवाने हेतु राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की स्थापना के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है. इस फैसले से देश के लाखों युवाओं को लाभ होगा. प्रत्येक वर्ष लगभग 2.5 करोड़ उम्मीदवार 1.25 लाख सरकारी नौकरियों में चयन के लिए परीक्षा देते हैं.

यह एजेंसी शुरुआत में 3 भर्ती एजेंसियों - कर्मचारी चयन आयोग (SSC), रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS) की जगह लेगी. अब सभी अराजपत्रित समूह बी और सी पदों के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा होगी. CET में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार किसी भी भर्ती एजेंसी की उच्च स्तरीय परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं. टेस्ट में मिला स्कोर तीन साल के लिए वैध होगा, जिसके दौरान उम्मीदवार अपनी योग्यता और पसंद के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों के लिए आवेदन कर सकता है.




**विशेषताएं:**

उम्मीदवार द्वारा सीईटी में किए जाने वाले प्रयासों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, जब तक कि वो ऊपरी आयु सीमा के अंदर है.

यह देश के विभिन्न हिस्सों से उम्मीदवारों के लिए उसकी सुविधा के अनुसार कई भाषाओं में उपलब्ध होगा.

प्रारंभ में नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी (NRA)1,000 से अधिक परीक्षा केंद्रों में वर्ष में दो बार CET आयोजित करेगा.

सभी जिलों में कम से कम एक केंद्र होगा. प्रत्येक जिले में परीक्षा केंद्रों का स्थान सामान्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों और विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों को बहुत लाभान्वित करेगा.

NRA स्नातक, उच्च माध्यमिक (12वीं पास) और मैट्रिक (10वीं पास) वाले उम्मीदवारों के लिए अलग -अलग CET आयोजित करेगा.

**CET-** Common Eligibility Test
**SSC -** Staff Selection Commission
**RRB -** Railway Recruitment Board
**IBPS-** Institute of Banking Personnel Selection

## अयोध्या में करोड़ों का सपना हुआ सच



लगभग पांच शताब्दियों के लंबे इंतज़ार के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत की. उन्होंने शुभ मुहूर्त के दौरान चांदी की करणी से 40 किलोग्राम की चांदी की शिला और अन्य प्रतीकात्मक पावन सामान रख मंदिर का भूमिपूजन कर राम मंदिर की आधारशिला रखी. प्रस्तावित भव्य मंदिर को भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय भावना का आधुनिक प्रतीक बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के करोड़ों भक्तों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है.

भूमि पूजन में देश भर के दो हजार से अधिक पवित्र स्थलों की मिट्टी और 100 से अधिक पवित्र नदियों का पानी राम मंदिर के निर्माण में उपयोग के लिए अयोध्या लाया गया. शंकराचार्यों और दुनिया भर से संतों ने भूमि पूजन के लिए कई शुभ सामग्रियाँ भेजीं, जिसका उपयोग निर्माण में किया जाएगा.

*इस प्रस्तावित राम मंदिर में पांच मंडप और अष्टकोणीय शिखर होगा. 161 फीट ऊंचे और तीन मंज़िला भव्य मंदिर के भू तल पर रामलला का मंदिर और पहली मंज़िल पर राम दरबार होगा. दूसरी मंज़िल श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए होगी.*

## साझा सौर ऊर्जा मंच OSOWOG लांच

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए अपने भाषण में प्रधान मंत्री ने 'एक विश्व, एक सूर्य, एक ग्रिड' (One Sun One World One Grid-OSOWOG) या दुनिया भर में सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाली ट्रांस-नेशनल बिजली ग्रिड नामक मेगा योजना की घोषणा की. यह महत्वाकांक्षी OSOWOG कार्यक्रम 140 देशों को साझा ग्रिड के ज़रिए जोड़ेगा, जिसका उपयोग सौर ऊर्जा के स्थानांतरण में किया जाएगा. OSOWOG के मूल में परिकल्पना है - 'सूर्य कभी अस्त नहीं होता है' तथा यह प्रत्येक निश्चित समय पर दुनिया भर में किसी न किसी भौगोलिक स्थान पर पाया जाता है"



## ग्लोबल ऑर्गेनिक मार्केट्स में भारत प्रमुख खिलाड़ी

भारत जैविक किसानों की कुल संख्या के मामले में 'नंबर वन' और जैविक खेती के तहत कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से नौवें स्थान पर है. सिक्किम पूरी तरह से जैविक बनने वाला दुनिया का पहला राज्य बन गया है यही नहीं, त्रिपुरा एवं उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों ने भी ठीक इसी तरह के लक्ष्य तय किए हैं. सरकार ने रासायनिक मुक्त खेती को प्रोत्साहित करने के लिए और किसानों को जैविक खेती अपनाने और लाभकारी (प्रीमियम) कीमतों के कारण पारिश्रमिक में सुधार हेतु वर्ष 2015 में दो समर्पित कार्यक्रम अर्थात पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट (MOVCD) और परम्परागत कृषि विकास योजना (PKKY) शुरू किए थे.

## बाढ़ पूर्वानुमान में CWC, गूगल का सहयोग

पिछले कई महीनों से भारतीय केंद्रीय जल आयोग (CWC) ने गूगल के सहयोग से बाढ़ का पूर्वानुमान जारी करने की पहल की शुरूआत की है और पूरे देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को कई सार्वजनिक अलर्ट भेजे हैं. ये अलर्ट उपयोगकर्ताओं को समय रहते अपनी, अपने परिवार और दोस्तों की सुरक्षा के बारे में समझ बूझ से निर्णय लेने में मदद देने के लिए ताज़ा और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं. किसी भी प्रभावित क्षेत्र में कोई भी उपयोगकर्ता, जिसके पास लोकेशन सर्विस से लैस एंड्रॉयड स्मार्टफोन हैं, अंग्रेज़ी, हिंदी या बंगाली में ये अलर्ट पा सकेगा. CWC पूरे भारत में लगभग 1000 स्ट्रीम गेज का उपयोग कर हर घंटे जल स्तर मापने के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने वाला पहला सरकारी संस्थान है.

## ब्रिटेन का "इनोवेशन चैलेंज फंड" लॉन्च

ब्रिटेन सरकार ने COVID-19 और पर्यावरणीय खतरों जैसी सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों से निपटने में शिक्षण और उद्योग में कार्यरत वैज्ञानिकों को मदद देने के लिए भारत में 30 लाख पाउंड का "इनोवेशन चैलेंज फंड" लॉन्च किया है. यह पहल 'ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी साझेदारी' के तहत दोनों देशों के सर्वाधिक प्रतिभावान लोगों को एक मंच पर लाने के मामले में भारतीय और ब्रिटिश प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के आधार पर शुरू की गई है. इसका लक्ष्य उच्च स्तरीय कौशल वाले रोज़गारों और आर्थिक विकास के साथ-साथ दुनिया की कुछ सर्वाधिक बड़ी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करना है.

## IIT मद्रास नवाचारी शैक्षणिक संस्थानों में अव्वल

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने लगातार दूसरे वर्ष भी भारत के शीर्ष नवाचारी शैक्षणिक संस्थानों की सूची में अपना पहला स्थान बनाए रखा है. इस प्रतिष्ठित संस्थान को अटल रैंकिंग आफ इंस्टिट्यूट्स ऑन इन्नोवेशन अचीवमेंट्स में पहला स्थान दिया गया है. इस सूची में भारत के सभी प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के छात्रों और संकायों के बीच "नवाचार और उद्यमिता विकास" से संबंधित उनके संकेतकों के आधार पर रैंकिंग दी जाती है. यह रैंकिंग पिछले साल शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा शुरू की गई थी. इस वर्ष की रैंकिंग प्रक्रिया में राष्ट्रीय महत्व के 674 संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्र द्वारा वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों ने भाग लिया था.

## बेटियों को समान अधिकार: SC




सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि 1956 में संबंधित क़ानून के बनने से ही बेटियों का बेटों के समान पिता और दादा की संपत्ति में अधिकार होगा. साल 1956 में भारत में हिंदू उत्तराधिकार कानून लागू हुआ था. यह फैसला शीर्ष अदालत द्वारा 9 सितंबर, 2005 को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की संशोधित धारा 6 की परस्पर विरोधी व्याख्याओं से उत्पन्न भ्रम के कारण दिया गया है. न्यायिक पीठ ने कहा कि पिता चाहे जीवित हो या नहीं, 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मीं बेटियां भी विरासत में बराबरी की हकदार हैं.

## सीमावर्ती, तटीय क्षेत्रों में होगा NCC का विस्तार

सरकार ने सभी सीमावर्ती और तटीय ज़िलों में रह रहे युवाओं की आकांक्षाओं के मद्देनज़र राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) विस्तार योजना के एक प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है. इस नई योजना के तहत 173 सीमांत और तटीय ज़िलों के कुल एक लाख कैडेटों को एनसीसी में शामिल किया जाएगा, जिनमें से एक तिहाई कैडेट लड़कियां होंगी. सीमावर्ती और तटीय ज़िलों में 1000 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों की पहचान की गई है जहां एनसीसी की शुरुआत की जाएगी.

*एनसीसी को 15 जुलाई, 1948 को नेशनल कैडेट कॉर्प्स एक्ट, 1948 के तहत भारतीय रक्षा बलों की युवा शाखा के रूप में स्थापित किया गया था. इसकी अध्यक्षता इसके महानिदेशक करते हैं और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है. 14 लाख से अधिक लड़के और लड़कियां अब एनसीसी का हिस्सा हैं, जिन्हें प्रारंभिक स्तर का सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें युद्ध क्षेत्र से जुड़ा अभ्यास और छोटे आग्नेयास्त्रों का उपयोग शामिल है.*

## अटल मिशन ने मिलाये गेट्स फाउंडेशन से हाथ

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने इनक्यूबेटर क्षमता वृद्धि कार्यक्रम AIM-iCREST शुरु करने के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन से साझेदारी की है, जो उच्च प्रदर्शन वाले स्टार्टअप के सृजन पर केंद्रित होगी. यह कदम पूरे भारत के इनक्यूबेटर पारिस्थितिकी तंत्र में समग्र प्रगति को प्रोत्साहित करने और इसे सक्षम बनाने की प्रमुख पहल है. यह भारत में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तरह की पहली कोशिश है.

*कारोबारी इनक्यूबेटर्स ऐसे संगठन होते हैं जो स्टार्टअप और शुरुआती चरण की कंपनियों को उनके विकास और सफलता को गति प्रदान करने हेतु कारोबारी सहायता के विभिन्न संसाधन और सेवायें जैसे कार्यस्थल, पूंजी, मार्गदर्शन, सामान्य सेवाएं और नेटवर्किंग कनेक्शन उपलब्ध कराते हैं.*

## एनटीपीसी ने 100 किया बिलियन यूनिट का आंकड़ा पार

भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक बिजली उत्पादक NTPC समूह ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल 2020 से जुलाई 2020 के बीच 100 अरब यूनिट से अधिक का कुल बिजली उत्पादन का आंकड़ा दर्ज किया. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार 97.42 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर वाला छत्तीसगढ़ का एनटीपीसी कोरबा प्लांट (2600 मेगावाट) शीर्ष प्रदर्शन करने वाले थर्मल पावर प्लांट के रूप में उभरा है. एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 62.9 गीगा वाट है. एनटीपीसी के संयंत्रों में 24 कोयला-आधारित, सात संयुक्त चक्र गैस / तरल ईंधन--आधारित, 1 पनबिजली--आधारित, 13 नवीकरणीय ऊर्जा -आधारित और 25 सहायक और संयुक्त उद्यम केंद्र स्टेशनों सहित कुल 70 पावर स्टेशन शामिल हैं.

## मालदीव को भारत का 1. 8 करोड़ डॉलर का ऋण

मालदीव इंडस्ट्रियल फिशरीज़ कंपनी (MIFCO) में मछली पकड़ने की सुविधाओं के विस्तार के लिए भारत ने माल्दीव को को 1. 8 करोड़ डॉलर (60 करोड़ रुपए) की लाइन ऑफ़ क्रेडिट दी है. यह ऋण भारत द्वारा मालदीव के लिए अनुमोदित कुल 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन का हिस्सा है, जिसे 20 साल की पुनर्भुगतान अवधि में लौटाया जाना है.

*इस परियोजना के तहत मछली संग्रह और भंडारण सुविधाओं और ट्यूना कुक्ड प्लांट और फिशमील प्लांट की स्थापना पर निवेश किया जाना है.*

## मालदीव का शीर्ष व्यापार भागीदार बनेगा भारत

भारत ने मालदीव को इसकी राजधानी माले को तीन द्वीपों से जोड़ने वाली संपर्क परियोजना के निर्माण में मदद करने के लिए 50 cr. डॉलर का पैकेज मंज़ूर किया है. दोनों देशों के बीच नई कार्गो फेरी सेवा शुरू की जाएगी. इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच एयर ट्रैवल बबल 18 अगस्त से चालू हो जाएगा. भारत ने मालदीव को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेतु निर्धारित कोटे का नवीनीकरण भी किया है. ये सभी उपाय भारत को मालदीव के शीर्ष व्यापार भागीदार बनाने के उद्देश्य से किये गए हैं.

## चेन्नई-पोर्ट ब्लेयर के बीच OFC नेटवर्क

10 अगस्त को चेन्नई और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को जोड़ने वाली 2313 किलोमीटर सबमेरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल (OFC) नेटवर्क परियोजना का उद्घाटन किया गया. चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर के बीच समुद्र के नीचे केबल बिछाने के काम में लगभग 1224 करोड़ रुपए की लागत आई है. इस परियोजना से नेटवर्क की गति बढ़ेगी और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को अधिक विश्वसनीय मोबाइल और बेहतर लैंडलाइन दूरसंचार सेवायें मिल पाएंगी. बेहतर डिजिटल सेवाओं के माध्यम से यह परियोजना इस द्वीप में डिजिटल शिक्षा, टेली-स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस सेवाओं और पर्यटन के लिए वरदान साबित होगी.



## भारत ने उत्तर कोरिया को दी चिकित्सा सहायता




भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से प्राप्त अनुरोध के प्रत्युत्तर में उत्तर कोरिया को लगभग 10 लाख डॉलर की चिकित्सा सहायता दी है. चिकित्सा सहायता डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (DPRK) में चल रहे डब्ल्यूएचओ एंटी-ट्यूबरकुलोसिस प्रोग्राम के तत्वावधान में दी गई है. ये दवाइयां उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में वितरित की गयी हैं.

## कोरोना से जंग में ADB का समर्थन

एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत को कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने में मदद देने के लिए इसकी आपातकालीन पहल को अपने एशिया प्रशांत आपदा प्रतिक्रिया कोष से 30 लाख अमेरिकी डॉलर देने को मंज़ूरी दी है. इस अनुदान से बीमारी पर नज़र रखने, संक्रमण का पता लगाने और इलाज के कामों को और आगे ले जाने में मदद मिलेगी.

## भारत ने बांग्लादेश को सौंपे ब्रॉडगेज इंजन

भारत ने 27 जुलाई को 10 ब्रॉड-गेज डीजल रेल इंजन बांग्लादेश को सौंप दिए. भारत सरकार की ओर से अनुदान सहायता के अंतर्गत इन रेल इंजनों को सौंपा जाना, पिछले वर्ष अक्टूबर में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान की गई एक एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता को पूरा करता है. इन इंजनों को बांग्लादेश रेलवे की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया है. सभी लोको इंजनों का कार्यकाल 28 साल या उससे अधिक है. इन्हें 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिये डिजाइन किया गया है. ये लोकोमोटिव बांग्लादेश में यात्री और मालगाड़ी परिचालन की बढ़ती मात्रा को संभालने में मदद करेंगे.




## भारत ने दिए यूएन कोष के लिए 1. 55 करोड़ डॉलर

भारत ने सततशील विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में विकासशील देशों की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी निधि में 1. 55 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि दी है. (UNO ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में 2030 तक प्राप्त किये जाने वाले 17 SDG अंगीकार किये हैं)

*इस साझेदारी निधि का प्रबंधन भारत और संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (UNFSSC) द्वारा किया जाता है और इसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, निधियों और कार्यक्रमों की शक्ति का दोहन कर साझेदार विकासशील देशों के नेतृत्व में कार्यान्वित किया जाता है. वर्ष 2017 में इस फंड की स्थापना के बाद से अब तक 4. 18 करोड़ अमेरिकी डॉलर की 55 परियोजनाओं और प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है. UNOSSC- United Nations Office for South-South Cooperation*

## भारतीय सौर-चालित नौका को पुरस्कार




भारत की पहली सौर-चालित नौका "आदित्य" ने सशुल्क यात्री सेवा के लिए बनाई गई नावों की श्रेणी में उत्कृष्टता के लिए सर्वोत्तम इलेक्ट्रिक बोट और बोटिंग का प्रतिष्ठित गुस्ताव ट्रावे अवॉर्ड जीता है. यह नाव केरल राज्य जल परिवहन विभाग (KSWTD) से संबंधित है, जो जनवरी 2017 से अलप्पुझा ज़िले में वैक्कोम-थ्वानक्वाक्वाडु मार्ग पर चलाई जा रही है. भारत और यूरोपीय संघ ने अगले पांच वर्षों तक यानी 2025 तक वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग को मज़बूत करने के लिए किये गए समझौते का नवीनीकरण किया है.

*इससे वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा और साझा हित के क्षेत्रों में मिलकर काम करने से जुड़ी गतिविधियों को मज़बूती मिलेगी और आर्थिक तथा सामाजिक लाभ भी प्राप्त होगा.*

*इस समझौते पर सबसे पहले 23 नवंबर, 2001 को हस्ताक्षर किए गए थे और उसके बाद 2007 और 2015 में इसे दो बार नवीनीकृत किया गया. इस समझौते के तहत किफ़ायती स्वास्थ्य देखभाल, पानी, ऊर्जा, भोजन और पोषण जैसी सामाजिक चुनौतियों के समाधान हेतु कदम उठाए गए हैं. इस सहयोग के मामले में जल, हरित परिवहन, ई-गतिशीलता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव-अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य पर ध्यान पर केंद्रित किया गया है.*

# ख़बर राज्यों से

## सितम्बर

### यूपी में बनेगी सबसे बड़ी फिल्म सिटी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिल्ली- आगरा यमुना एक्सप्रेस वे पर हस्तिनापुर क्षेत्र के पास भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी बनाए जाने का ऐलान किया है. यह फिल्म सिटी कॉम्प्लेक्स यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 1, 000 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा. प्रस्तावित जगह जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल 6 किलोमीटर, दिल्ली से लगभग 70 किमी और आगरा से 150 किमी दूरे पर स्थित है.

### मिज़ोरम, पंजाब की बल्ले बल्ले

मिज़ोरम, पंजाब और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह राष्ट्रीय खुशहाली और प्रसन्नता पर आधारित पहली वार्षिक इंडिया हैप्पीनेस रिपोर्ट में शीर्ष तीन राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में उभरे हैं. देश के अग्रणी प्रबंधन रणनीति विशेषज्ञ राजेश पिलानिया द्वारा किया गया यह अध्ययन मार्च- जुलाई 2020 के बीच 16,950 लोगों पर किये गए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसमें जनजीवन पर पड़ने वाले COVID-19 के प्रभाव का आकलन किया गया है. इस अध्ययन में प्रसन्नता का स्तर मापने के लिए छह घटकों का उपयोग किया गया - काम और काम से संबंधित मुद्दे जैसे धनोपार्जन और इसमें वृद्धि; परिवार और दोस्तों सहित नाते-रिश्ते; शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य; परोपकार; आध्यात्मिक झुकाव; और प्रसन्नता के स्तर पर COVID-19 का प्रभाव. इस सूचकांक में ओडिशा, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ सर्वाधिक फिसड्डी तीन राज्य बन कर उभरे हैं.

### स्टार्टअप रैंकिंग में गुजरात शीर्ष पर

सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग के दूसरे संस्करण की घोषणा की है. इस रैंकिंग का उद्देश्य राज्यों को नए उद्यमियों को अनुकूल माहौल देने और नवाचार तथा उद्यमशीलता को मदद देने के लिए राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करने को प्रोत्साहित करना है.

*इस सूची के अनुसार सभी राज्यों में गुजरात सर्वोत्तम है जबकि केरल और कर्नाटक शीर्ष पर हैं. केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है. इन राज्यों का सात 7 कारकों - संस्थागत समर्थन, अनुपालन का सरलीकरण, सरकारी खरीद के मानकों में छूट, तकनीकी सहयोग, वित्तीय मदद, जागरुकता और पहुंच -के आधार पर आकलन किया गया था. भारत में इस समय 30 से अधिक यूनिकॉर्न और 50,000 से अधिक स्टार्टअप कंपनियां हैं.*

*कारोबारी लिहाज़ से यूनिकॉर्न वह निजी स्टार्टअप कंपनी होती है, जिसका वर्तमान मूल्यांकन एक अरब अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक हो.*

### कारोबारी सुगमता में आंध्र अव्वल

बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) 2019 रैंकिंग में आंध्र प्रदेश सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शीर्ष स्थान पर रहा है. उत्तर प्रदेश और तेलंगाना को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला है. यह रैंकिंग राज्यों द्वारा निर्माण के परमिट, श्रम कानूनों, पर्यावरणीय पंजीकरण, जानकारी तक पहुंच, भूमि की उपलब्धता और सिंगल विंडो सिस्टम जैसे मापदंडों के ज़रिये प्रदान की गई कारोबारी सुगमता के स्तर को दर्शाती है.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) व्यापार सुधार कार्य योजना के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह अभ्यास आयोजित करता है. BRAP रैंकिंग का उद्देश्य घरेलू तथा वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों के बीच कारोबारी माहौल सुधारने की प्रतिस्पर्धा शुरू करना है. DPIIT- Department for Promotion of Industry and Internal Trade

### कर्नाटक ने शुरू की एयर एम्बुलेंस सेवा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिटिकल एयर ट्रांसफर टीम (ICATT) और विमानन प्रौद्योगिकी फर्म कयती द्वारा संयुक्त रूप से बेंगलुरु में HAL एयरपोर्ट से देश की पहली एकीकृत एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है. यह दक्षिण भारत में स्थित पहली एयर एम्बुलेंस होगी, जो चिकित्सकीय आपात स्थितियों में सेवाएं प्रदान करेगी. इसमें विमान, हेलीकाप्टर और ज़मीनी वाहनों की सेवाओं को एकीकृत कर इस सेवा को सुचारू रूप से अंतिम छोर तक पहुँचाया जाएगा.






**Online Videos for All Government Exams**

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

## मेघालय ने लॉन्च किया सुअर पालन मिशन



मेघालय सरकार ने 10 सितंबर को 209 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाला भारत का सबसे बड़ा सुअर पालन मिशन लॉन्च किया गया. इस मिशन का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य को सुअर के मांस के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है. सूअर के मांस का घरेलू बाज़ार बहुत बड़ा है. इस एकीकृत परियोजना को केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत सांविधिक निकाय राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC), मेघालय और केंद्र सरकार की साझेदारी में शुरू किया गया है.

## बेंगलुरु में रो-रो सेवा को हरी झंडी

31 अगस्त को पश्चिम रेलवे के नेलमंगला (बेंगलुरु के पास) से सोलापुर (महाराष्ट्र) के पास स्थित बेल तक पहली बार रोल ऑन रोल ऑफ़ (रो-रो) सेवा को हरी झंडी दिखाई गई.

रो-रो रेल 1,260 टन वज़नी माल वाले 42 ट्रकों को ले जाने में सक्षम है. यह सेवा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिससे राजमार्गों पर भीड़ कम होगी. इससे बेंगलुरु के APMC कृषि बाजार और पीन्या औद्योगिक क्लस्टर को विशेष लाभ होगा.

## केरलवासियों ने मनाया ओणम

दुनिया भर में फैले केरलवासियों ने 31 अगस्त को लोकप्रिय त्योहार थिरुवोनम मनाया. थिरुवोनम ओणम त्यौहार का सबसे शुभ दिन है. यह वार्षिक फसल कटाई उत्सव पौराणिक और धर्मी राजा महाबली की यात्रा का जश्न है. इस दौरान लोग महाबली के स्वागत में घरों को फूलों से सजाते हैं. हर साल केरल में ओणम के मौके पर विशाल आयोजन होता है, लेकिन इस साल कोरोनावायरस के कारण त्यौहार की खुशियां थोड़ी फीकी पड़ गई हैं.

## असमी हस्तशिल्प को बढ़ावा देगा फ्लिपकार्ट

दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपने डिजिटल मार्केटप्लेस पर असम की स्थानीय कलाकृतियों और हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट फ्लिपकार्ट समर्थ के तहत असम सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी से राज्य के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों को देश भर के लाखों ग्राहकों के समक्ष अपने उत्पाद, विशेष रूप से रेशम, बांस और बेंत से बने अपने अनूठे हॉलमार्क उत्पादों पेश करने में मदद मिलेगी.

## कानपुर मेट्रो को 65 करोड़ यूरो का ऋण देगा EIB

यूरोपीय निवेश बैंक (EIB) कानपुर की पहली शहर मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए 65 करोड़ यूरो का ऋण देगा. कानपुर में प्रस्तावित नई मेट्रो रेल आने-जाने के समय को कम करने और शहर के लगभग 30 लाख लोगों को तेजी से किफायती सार्वजनिक परिवहन प्रदान करने में मदद करेगी.

## HP सड़कों के लिए WB ऋण

विश्व बैंक ने हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क रूपान्तर परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 8. 2 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है, जो राज्य में सड़कों के नेटवर्क की स्थिति, सुरक्षा, लचीलेपन और इंजीनियरिंग मानकों में सुधार लाकर हिमाचल प्रदेश के परिवहन और सड़क सुरक्षा संस्थानों को मज़बूती देगा.

# अगस्त

## निर्यात तैयारी सूचकांक में गुजरात सबसे ऊपर

नीति आयोग ने निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) 2020 जारी किया है. EPI का उद्देश्य चुनौतियों और अवसरों की पहचान करना, सरकारी नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ावा देना और सुविधाजनक नियामक ढांचे को प्रोत्साहन देना है. EPI के चार स्तंभों में निर्यात नीति, व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र, निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र और निर्यात प्रदर्शन शामिल हैं. इस सूचकांक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उन मापदंडों के लिहाज़ से रैंकिंग दी गयी है, जो किसी विशिष्ट आर्थिक इकाई द्वारा निर्यात में सततशील विकास प्राप्त हासिल करने में महत्वपूर्ण हैं. इस सूचकांक में में गुजरात शीर्ष पर है, जबकि महाराष्ट्र का दूसरा और तमिलनाडु का तीसरा स्थान है.

## स्वच्छता सर्वेक्षण: इंदौर चौथी बार पहले पायदान पर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में मध्य प्रदेश के इंदौर को लगातार चौथी बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. सूरत और नवी मुंबई ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है.

नई दिल्ली को देश के सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में सम्मानित किया गया है. 100 से अधिक शहरों वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ को पहला स्थान दिया गया है. 100 से कम शहरों में सबसे साफ राज्य का खिताब झारखंड को मिला. जालंधर छावनी बोर्ड को देश के सबसे स्वच्छ छावनी (कैंटोनमेंट) बोर्ड का पुरस्कासर दिया गया. *गुजरात में अहमदाबाद को 40 लाख से अधिक आबादी वाले सबसे स्वच्छ शहर के लिए सम्मानित किया गया.*

*सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत भारत में स्वच्छ शहर बनने की दिशा में शहरों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के साथ, मिशन में बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी पैदा करने के उद्देश्य से की गई थी.*



## आकांक्षात्मक ज़िलों में बीजापुर शीर्ष पर




छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले ने फरवरी-जून 2020 की अवधि में सरकारी वैचारिक मंच नीति आयोग द्वारा संकलित आकांक्षात्मक ज़िलों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है. री-भोई (मेघालय) और बहराइच (उत्तर प्रदेश) को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रखा गया है. डेल्टा रैंकिंग में इस साल फरवरी-जून के दौरान छह विकास क्षेत्रों (स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र ) में 115 आकांक्षात्मक ज़िलों द्वारा की गई वृद्धिशील प्रगति का आकलन किया गया था.

*जनवरी 2018 में शुरू किए गए आकांक्षात्मक ज़िले परिवर्तन कार्यक्रम का उद्देश्य 115 चयनित ज़िलों (हर राज्य से कम से कम एक), जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति दिखाई है और कम विकसित ज़िलों के तौर पर उभरे हैं, में कारगर सुधार लाना है. इस कार्यक्रम को नीति आयोग द्वारा कई केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है. ज़िलों की प्रगति के आकलन के लिए 49 प्रमुख कार्य निष्पादन संकेतकों का चयन किया गया है. ये ज़िले प्रतिस्पर्धी और सहयोगपूर्ण संघवाद की भावना से प्रेरित होकर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर और सीखकर पहले अपने राज्य के सर्वश्रेष्ठ ज़िले की बराबरी करने का प्रयास करते हैं और तत्पश्चात् देश का सर्वश्रेष्ठ जिला बनने का प्रयास करते हैं.*

## ओडिशा के गांवों की यूनेस्को ने की प्रशंसा

भारत और भारतीय महासागर क्षेत्र में पहली बार ओडिशा के दो तटीय गांवों (गंजम जिले के वेंकटरायपुर और जगतसिंहपुर ज़िले के नोलियासाही) को सुनामी से निपटने हेतु इनकी समग्र तैयारियों के लिये यूनेस्को अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (IOC) द्वारा 'सुनामी रेडी' गांव घोषित किया है. ये गाँव ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित किये गए हैं, जिसकी स्थापना 1999 में राज्य में आये सुपर-साइक्लोन (जिसमें लगभग 10,000 लोगों की मृत्यु हुई थी) के बाद हुई थी. यह पुरस्कार राज्य को 326 गांवों और शहरी स्थानीय निकायों को एक वर्ष में सुनामी-रेडी होने को प्रेरित करेगा.

*26 दिसंबर, 2004 को रिक्टर पैमाने पर आये 9.1- 9.3 तीव्रता के भूकंप से जनित भारतीय महासागरीय सुनामी ने भारतीय महासागर क्षेत्र के 14 देशों में भारी तबाही मचाई थी, जिसमें 2.3 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी. इनमें से ज्यादातर मौतें इंडोनेशिया में हुई थीं.*

## मनरेगा में छाये कारगिल और लेह

लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के कारगिल और लेह ज़िले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत सर्वाधिक दिनों का काम देकर देश के बाकी हिस्सों के लिए आदर्श के रूप में उभरे हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि योजना के लाभार्थियों को राष्ट्रीय ई-फंड प्रबंधन प्रणाली से सीधे दस दिनों के भीतर ही उनका पारिश्रमिक मिलना शुरू हो गया है.

कारगिल ज़िले में 18 हज़ार से अधिक जॉब कार्ड धारक हैं और यहां अप्रैल, 2020 से अब तक 2.20 लाख कार्य दिवसों के बराबर काम दिया गया. इसी तरह लेह ज़िले में अब तक 10,000 से अधिक जॉब कार्ड धारकों को 2.65 लाख कार्य दिवसों के बराबर काम दिया गया है.

मनरेगा के तहत भारत के सभी गाँवों में हर परिवार में न्यूनतम एक व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम 100 दिन के लिए काम दिए जाने का प्रावधान है.

## जंगलों को अधिकार देने वाला जगदलपुर पहला MC

छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों और अन्य पारंपरिक वन-निवासियों को घरेलू प्रयोजनों के लिए शहरी वनभूमि प्रदान करने का निर्णय लिया है. इस फैसले से जगदलपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन देश का ऐसा पहला नगरीय निकाय बन गया है, जिसने नगरीय आदिवासियों को शहरी वनों में भूमि का अधिकार प्रदान किया है. जगदलपुर भारत के चुनिंदा नगर निगमों में से एक है, जिसके अधिकार क्षेत्र में वनक्षेत्र शामिल हैं.

## यूपी ने किया इजरायल से समझौता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार लाने के लिए इज़रायल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. इस परियोजना के तहत इस क्षेत्र में बेहतर कृषिगत उपायों और एकीकृत ड्रिप सिंचाई की मदद जल संचयन किया जाएगा. दक्षिणी यूपी के बुंदेलखंड क्षेत्र में इस परियोजना के तहत 25 गांवों को शामिल किया जाएगा. इस इलाके का प्रमुख भाग उत्तरी मध्य प्रदेश से सटा हुआ है.

## महाराष्ट्र ने गूगल के साथ किया समझौता

महाराष्ट्र स्कूली छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए वैश्विक आईटी दिग्गज गूगल कंपनी के साथ साझेदारी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. इस परियोजना में निजी, सरकारी, सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त 1.09 लाख विद्यालय कवर किये जाएंगे, जिससे 2. 203 करोड़ से अधिक छात्रों को लाभ होगा. इस कार्यक्रम के तहत दूरस्थ शिक्षण में मदद देने के लिए गूगल शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपने 'गूगल क्लासरूम' और 'G सूइट' (G Suite) उपलब्ध कराएगा.



## यूपी जुड़ा फ्लिपकार्ट के साथ




उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी 'एक जिला- एक उत्पाद योजना' (ODOP) को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस करार के तहत योजना से जुड़े कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों को "फ्लिपकार्ट समर्थ" पहल के दायरे में लाया जाएगा. इससे उन्हें अपने व्यवसाय को ऑनलाइन विस्तार करने का अवसर मिलेगा क्योंकि उन्हें अपने उत्पादों के विकास और विपणन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.

जुलाई, 2019 में शुरू की गई फ्लिपकार्ट समर्थ पहल से कारीगरों को विभिन्न सहायक सेवाएं जैसे मार्गदर्शन, कैटलॉग प्रस्तुति, पैकेजिंग, वेयरहाउसिंग और प्रशिक्षण, फ्लिपकार्ट के पूर्ति केंद्रों में समर्पित जगह, विक्रेता को निरंतर समर्थन और वित्तीय सहायता भी मिलती है.

*ODOP कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों में से हरेक को अपने सर्वोत्तम स्वदेशी और विशेष उत्पादों और शिल्प को बढ़ावा देने को प्रोत्साहित करना है. इन उत्पादों में गेहूं के तने से बना दुर्लभ और जटिल शिल्प, विश्व प्रसिद्ध चिकनकारी, कपड़ों पर हुआ ज़री-ज़रदोजी का काम, मृत जानवरों के सींग की हड्डी पर हुआ जटिल और शानदार काम शामिल है.*

## भारत का सबसे लंबा रोपवे गुवाहाटी में शुरू

असम सरकार ने ब्रह्मपुत्र नदी पर भारत का सबसे लंबा केबल रोपवे शुरू किया है. 2 किमी लंबा यह रोपवे गुवाहाटी के कचहरी घाट को उत्तरी गुवाहाटी के डोल गोविंदा मंदिर से जोड़ेगा. इस रोपवे को यह यात्रा करने में 6-7 मिनट लगेंगे, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा में लगने वाला समय लगभग एक घंटे कम हो जाएगा. केबल कार एक बार में 32 यात्रियों को ले जा सकती है.



## उत्तराखंड में पहला 'ग्रीन रामायण पार्क'

उत्तराखंड के वन विभाग ने हल्द्वानी में एक ग्रीन रामायण पार्क विकसित किया है. इस पार्क में महर्षि वाल्मीकि की 'रामायण' में वर्णित प्रजातियां हैं जो किसी ना किसी तरीके से भगवान राम से संबंधित हैं. वाल्मीकि 'रामायण' में पौधों की लगभग 139 प्रजातियों का उल्लेख मिलता है, जिनमें से 90% प्रजातियां पुस्तक में दिए गए वर्णानुसार अभी भी यहां मौजूद हैं. इस पार्क में भगवान राम द्वारा भारत के चार प्रकार के मुख्य जंगलों में की गई यात्रा से जुडी प्रजातियां हैं. इन पौधों के नाम संस्कृत में हैं, जिनका उल्लेख ऋषि वाल्मीकि की 'रामायण' में मिलता है. इसके अतिरिक्त उनके वैज्ञानिक नामों और सटीक संख्या में 'श्लोक' की संख्या का उल्लेख भी किया गया है.

## मुंबई मेट्रो के लिए AIIB से ऋण

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) ने मुंबई शहरी परिवहन परियोजना- III के लिए 50 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है. इस परियोजना का उद्देश्य मुंबई में उपनगरीय रेलवे प्रणाली की नेटवर्क क्षमता, सेवा की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार करना है.

बहुपक्षीय विकास बैंक AIIB का उद्देश्य एशिया में आर्थिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार करना है. इसका मुख्यालय बीजिंग (चीन) में है और इसके 103 सदस्य हैं. इसके वर्तमान अध्यक्ष चीन के जिन लिकुन हैं.

## दिल्ली-मेरठ RRTS के लिए ADB ऋण

एशियाई विकास बैंक ने तीव्र गति प्रदान करने में सक्षम, आधुनिक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम के निर्माण के लिए 1 अरब डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है. दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (RRTS) की लम्बाई 82 किलोमीटर है और यह 2021 की NCR क्षेत्रीय योजना के तहत देश के एकीकृत परिवहन नेटवर्क में प्राथमिकता वाले तीन रेल गलियारों में से पहला है.

## आईआईएम, सिरमौर को मिलेगा नया परिसर

हिमाचल प्रदेश के ज़िला सिरमौर के पांवटा साहिब के पास धौला कुआँ में भारतीय प्रबंधन संस्थान, सिरमौर के नए परिसर की आधारशिला रखी गई है. पांवटा साहिब में स्थित इसके अस्थायी परिसर से पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के पहले बैच के 20 छात्रों के साथ IIM सिरमौर अगस्त 2015 में इसके संरक्षक संस्थान IIM लखनऊ ने शुरू किया था. धौला कुआँ में यह नया स्थायी परिसर 1170 छात्रों के हिसाब से बनाया गया है. केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए 531.75 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है, जिसमें से 392.51 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों के लिए हैं.

*केंद्र सरकार द्वारा IIMs की स्थापना भारतीय उद्योग की भविष्य की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर उनके लिए उच्च कोटि के प्रबंधन पेशेवर तैयार करने हेतु उत्कृष्ट संस्थान के तौर पर की गई थी. शुरुआत में 1961 में दो IIMs (कोलकाता और अहमदाबाद) की स्थापना की गई थी. वर्तमान में देश में 20 IIMs कार्यरत हैं.*

## AFSPA असम में फ़रवरी 2021 तक बढ़ा



असम सरकार ने राज्य में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (AFSPA) को 28 अगस्त से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है. सुरक्षा बलों पर हालिया विद्रोही हमलों और पूर्वोत्तर असम के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के कारण राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है.

*AFSPA से सुरक्षा बलों को बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई करने और किसी को, कहीं भी गिरफ्तार करने का अधिकार मिल जाता है. यह कानून असम में नवंबर 1990 से अब तक जारी है। इसे हर छह महीने बाद नवीनीकृत किया जाता है.*

❖ *गोवा के पारंपरिक त्यौहारी मीठे पकवान 'खाजे', मसालेदार हरमल मिर्च और मंडोली केला (मोयरा केला) को भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री से जीआई टैग मिला है.*

# योजनाएं एवं नीतियां

## सितम्बर

### कृषि विधेयक: आखिर क्या है ये सारा मामला?

हाल ही में संसद ने कृषि क्षेत्र का उदारीकरण करने और किसानों को और मज़बूत करने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र से संबंधित तीन महत्वपूर्ण बिल पारित किए. लेकिन कई राज्यों के किसान, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में, बिलों को किसान विरोधी करार देकर इनके विरोध में सड़कों पर उतर आये हैं. आइए डालते हैं इन बिलों पर एक नज़र.




**कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2020**

इस विधेयक का उद्देश्य ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जिसमें किसान अपनी फसल विभिन्न राज्य कृषि उपज विपणन विधानों के तहत अधिकृत मंडियों में बेचने के बजाए इसे अन्यत्र कहीं बेच सकते हैं. इसमें किसानों को अपने उत्पाद का कारोबार नोटिफाइड ऐग्रिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग कमेटी (APMC) यानी तय मंडियों से बाहर निर्बाध तरीके से राज्य के अंदर और अन्य राज्यों में करने की भी अनुमति होगी.
राज्यों का तर्क है कि यदि किसान अपनी उपज को बाहर बेचते हैं, तो उन्हें राजस्व का नुकसान होगा क्योंकि वे 'मंडी शुल्क' नहीं ले पायेंगे. इसलिए वे इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं.

**किसान (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) मूल्य आश्वासन अनुबंध एवं कृषि सेवाएं विधेयक, 2020**

इस विधेयक में भारत में अनुबंध खेती की रूपरेखा दी गई है. इसके तहत किसानों को पूर्व-सहमति से निर्धारित दामों पर भविष्य में कृषि कंपनियों, प्रोसेसर, थोक विक्रेताओं, व्यापारी, निर्यातकों या बड़े खुदरा विक्रेताओं को अपनी उपज बेचने की इजाज़त होगी.
इसके विरोधियों का तर्क है कि यह बिल नकदी से भरी तिजोरियों वाले कारोबारियों के साथ मोलभाव करने के मामले में अधिकांशत: अशिक्षित किसानों की शक्ति को कमज़ोर करेगा.

**आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020**

इस प्रस्तावित विधेयक में अनाज, दलहन, तिलहन, प्याज़ और आलू को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटाने का लक्ष्य है. इसका उद्देश्य इन आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी (युद्ध स्थिति जैसे अपवादों को छोड़) पर अंकुश लगाना है. विधेयक का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी वातावरण का सृजन और शीत भंडारण द्वारा कृषि आपूर्ति श्रृंखलाओं का आधुनिकीकरण करना है. *इसके विरोधियों का कहना है कि इस विधेयक के फलस्वरूप निजी कंपनियां इन वस्तुओं की जमाखोरी कर पाएंगी और उन्हें दामों के मामले में किसानों का शोषण करने का मौका मिलेगा.*

### संसद ने पारित किये तीन श्रम कोड

एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए संसद ने 23 सितंबर को श्रम कानूनों में सुधार लाने के लिए तीन श्रम कोड पारित किए. ये श्रम कोड हैं - औद्योगिक संबंध कोड; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां कोड, और सामाजिक सुरक्षा कोड. इन श्रम कोड का लक्ष्य बदलते कारोबारी माहौल में पारदर्शिता लाना है.

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय विधेयक पारित

संसद ने 22 सितंबर को राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय विधेयक, 2020 पारित कर दिया. इस विधेयक के तहत गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव है. इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है. राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय विभिन्न हितधारकों की भागीदारी में अनुसंधान और सहयोग से नव ज्ञान सृजन हेतु स्थापित बहु-विषयक विश्वविद्यालय होगा. इसकी स्थापना से पुलिस व्यवस्था, आपराधिक न्याय प्रणाली और सुधारात्मक प्रशासन में विशेष ज्ञान एवं कौशल से लैस पेशवरों की ज़रूरत पूरी की जा सकेगी.

## राष्ट्रीय फोरेंसिक विश्वविद्यालय विधेयक पारित

राज्य सभा ने 22 सितंबर को राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक (NFS), 2020 पारित किया. लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है. इस विधेयक में गुजरात फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय का उन्नयन कर इसे राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय का दर्जा देने का प्रस्ताव है. प्रस्तावित NFS विश्वविद्यालय फोरेंसिक विज्ञान में अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देने में मदद करेगा. विश्वविद्यालय में प्रयुक्त व्यवहार विज्ञान, विधि, अपराध विज्ञान और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में कोर्स भी कराए जाएंगे.

फोरेंसिक विज्ञान में आपराधिक जांच और कानूनी समस्याओं के निवारण के लिए वैज्ञानिक ज्ञान और कार्यप्रणाली का अध्ययन किया जाता है. इस बहु-आयामी विषय में विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्र जैसे रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, भूविज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग आदि शामिल हैं.

## खुली मिठाई पर "बेस्ट बिफोर" लेबल ज़रूरी

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (FSSAI) ने अधिसूचना जारी कर कहा है कि "बिना पैकिंग वाली और खुली मिठाइयों के मामले में, विक्रेता को दुकान में मिठाई रखने वाले बर्तन और ट्रे पर अनिवार्यत: बेस्ट बिफोर तारीख प्रदर्शित करनी होगी. यह आदेश 1 अक्टूबर, 2020 से प्रभावी होगा. खुली मिठाइयों का कारोबार करने वाले खाद्य पदार्थ विक्रेता स्वैच्छिक और गैर-बाध्यकारी तौर पर मिठाई के बनने की तारीख भी अंकित कर सकते हैं.

## कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देगा KRITAGYA

महिलाओं के अनुकूल उपकरणों पर विशेष जोर देते हुए कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी समाधानों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) ने राष्ट्रीय कृषिगत उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत KRITAGYA (कृषि-टेक्नीक-ज्ञान) हैकाथॉन आयोजित करने की घोषणा की है.

विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के छात्र, अध्यापक, नवचारकर्ता अथवा उद्यमी समूह के रूप में इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं.

## कृषि क्षेत्र में भूमि पट्टे के लिए रोडमैप

केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में भूमि के पट्टे के नियमितीकरण के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है. रोडमैप का लक्ष्य सुधार के माध्यम से कल्याणकारी लाभों से चूक जाने वाले भूमिहीन कृषि श्रमिकों के अधिकारों को निर्धारित करना है. यह समिति ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग के सचिव अजय तिर्की की अध्यक्षता में गठित की गई है.

## डिजिटल साक्षरता में व्हाट्सएप और CSC

व्हाट्सएप ने देश के नागरिकों को डिजिटल साक्षरता सेवाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए एक चैटबोट लॉन्च करने के लक्ष्य से कॉमन सर्विसेज़ सेंटर (CSC) के साथ भागीदारी की है. प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल अभियान अभियान (PMGDISHA) और डिजिटल बेटी पहल जैसे कार्यक्रम अंग्रेज़ी, हिंदी और सात अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे. इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में शिक्षा और कौशल विकास में अड़चन डालने वाली कोरोनोवायरस महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना है. डिजिटल बेटी और PMGDISHA जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के मॉड्यूल के बारे में जानकारी पाने के लिए CSC अकादमी के आधिकारिक व्हाट्सएप अकाउंट 9999189321 पर 'नमस्ते' लिखकर भेजा जा सकता है.

## फाइव स्टार विलेज लॉन्च

एक आधिकारिक बयान के अनुसार डाक विभाग ने देश के ग्रामीण इलाकों में प्रमुख डाक योजनाओं का सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने और विशेष रूप से सुदूरवर्ती गांवों में जन जागरूकता के स्तर को बढ़ाने के लिए फाइव स्टार गांव (Five Star Village Scheme) नामक योजना शुरू की है. इस योजना से ग्रामीण इलाकों में डाक उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी.

इस योजना के तहत प्रमुख डाक योजनाओं की सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस और सरकारी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना सहित सभी डाक उत्पादों और सेवाओं को ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध करा उनका विपणन और प्रचार किया जाएगा. शाखा कार्यालय ग्रामीणों की सभी डाकघर संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु वन-स्टॉप-शॉप के रूप में कार्य करेंगे.

## समुद्री क्षेत्र के लिए विवाद निवारण प्रणाली

केंद्रीय नौवहन राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने समुद्री क्षेत्र से जुड़े विवादों के किफायती और समय रहते समाधान करने के उद्देश्य से "SAROD-Ports" (सोसाइटी फॉर अफोर्डेबल रिड्रेसल ऑफ डिस्प्यूट्स-पोर्ट्स) नामक विवाद निवारण तंत्र का शुभारंभ किया. सरोद-पोर्ट्स की मदद से समुद्री क्षेत्र में मध्यस्थों के माध्यम से विवाद निपटान में सलाह के अलावा सहायता मिल सकेगी, जिनमें प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट और गैर-प्रमुख बंदरगाह में बंदरगाह और जेट्टी शामिल हैं.

इस मज़बूत विवाद समाधान तंत्र से समुद्री क्षेत्र में कारोबारी सुगमता बढ़ावा मिलेगा क्योंकि यह तेज़ गति से, समय रहते, किफायती समाधान देने में मदद देगा.

## CSCAF 2.0 लॉन्च

आवास और शहरी राज्यों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक वर्चुअल कार्यक्रम में क्लाइमेट स्मार्ट सिटीज़ असेसमेंट फ्रेमवर्क CSCAF 2.0 लॉन्च किया. CSCAF का उद्देश्य शहरों को उन्हें निवेश सहित अपनी कार्य योजनाएं बनाने और उनका कार्यान्वयन करने में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में स्पष्ट रोड़मैप प्रदान करना है. CSCAF की पहल का मकसद भारत में शहरी नियोजन और विकास में जलवायु-संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना है.

उन्होंने शहरों की गलियों को पैदल चलने वालों के लिए अधिक सुरक्षित एवं अनुकूल बनाने हेतु "स्ट्रीट्स फॉर पीपल चैलेंज" भी लॉन्च किया. इस चैलेंज से देश भर के शहरों को हितधारकों और नागरिकों से परामर्श कर लोगों के लिए गलियों के बारे में एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता मिलेगी.

## शिक्षा मूल्यांकन में सुधार करेगा 'PARAKH'




प्रधानमंत्री ने शिक्षा की समग्र मूल्यांकन प्रणाली में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र परख (PARAKH) की स्थापना की घोषणा की है. इससे राज्यों को गुणवत्तापूर्ण मानकीकृत मूल्यांकन और बेहतर गुणवत्ता की प्राप्ति के लिए नियमित डेटा प्रदान करने में मदद मिलेगी. दीर्घावधि में यह कार्यक्रम भारत को वैश्विक मानकों जैसे प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट (PISA) से संरेखित करने में मदद कर सकता है. PARAKH - Performance Assessment, Review/ and Analysis of Knowledge for Holistic development

## लोक सेवा के कायाकल्प के लिए 'मिशन कर्मयोगी'

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए "मिशन कर्मयोगी"- राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (NPCSCB) को मंज़ूरी दे दी है. यह योजना सिविल सेवकों के क्षमता निर्माण की आधारशिला रखेगी, जिससे वे विश्व भर की सर्वोत्तम पद्धतियों से सीखने के साथ साथ भारतीय संस्कृति और संवेदनाओं से सराबोर रहें. मिशन कर्मयोगी का लक्ष्य भारतीय सिविल सेवकों को अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, क्रियाशील, पेशेवराना, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी में समर्थ बनाकर भविष्य के लिए तैयार करना है.

*इस योजना के संस्थागत ढांचे में प्रधानमंत्रीय सार्वजनिक मानव संसाधन परिषद, क्षमता निर्माण आयोग, डिजिटल परिसम्पत्तियों के स्वामित्व तथा संचालन के लिए विशेष प्रयोजन उपक्रम एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी मंच तथा मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता में समन्वयन इकाई शामिल होगी.*

*लोक संसाधन परिषद में चुनिंदा केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रख्यात सार्वजनिक मानव संसाधन पेशेवर, विचारक, वैश्विक स्तर पर वैचारिक अगुआ और लोक सेवा अधिकारी शामिल होंगे. यह सिविल सेवा सुधार और क्षमता निर्माण के कार्य को रणनीतिक दिशा प्रदान करने के शीर्ष निकाय के रूप में काम करेगा.*

*लगभग 46 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को कवर करने वाले इस कार्यक्रम पर 2020-21 से 2024-25 तक 5 वर्षों की अवधि में 510.86 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी.*

## GIS से लैस राष्ट्रीय भूमि बैंक प्रणाली का शुभारंभ

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने GIS-सक्षम राष्ट्रीय लैंड बैंक पोर्टल का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया. इस परियोजना में भारत के 3,275 औद्योगिक क्लस्टरों में 4.2 लाख हेक्टेयर भूमि का मानचित्रण किया गया है, जिसमें से लगभग 1.20 लाख हेक्टेयर भूमि निवेशकों के लिए उपलब्ध है. इस पोर्टल पर विभिन्न औद्योगिक बेल्टों में लॉजिस्टिक्स, भूमि, रेल और हवाई संपर्क, कर छूट, जल निकासी प्रणाली, बिजली की आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता से जुड़ा विवरण मिलेगा.

शुरुआत में इस पोर्टल पर छह राज्यों में स्थित औद्योगिक बेल्टों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध होगी और शेष राज्यों को दिसंबर तक कवर किया जाएगा. वैश्विक स्तर पर चीन-विरोधी भावनाओं के बढ़ने के बीच यह सरकार द्वारा निवेशकों को आकर्षित करने हेतु उठाया गया कदम है.

## स्टार्टअप को बढ़ावा देगी "चुनौती"

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने देश के टियर -2 शहरों (एक लाख - दस लाख तक की आबादी) पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य के साथ साथ स्टार्टअप्स और सॉफ्टवेयर उत्पादों को और बढ़ावा देने के लिए अगली पीढ़ी की "चुनौती" नामक स्टार्टअप प्रतियोगिता शुरू की है. इसका उद्देश्य चिन्हित क्षेत्रों में कार्यरत लगभग तीन सौ स्टार्टअप्स की पहचान करना और उन्हें 25 लाख रुपये तक की शुरुआती पूंजी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है.

इस चुनौती के तहत मंत्रालय जनमानस हेतु शैक्षणिक तकनीक, कृषि तकनीक और वित्त तकनीक; आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स व परिवहन प्रबंधन; बुनियादी ढांचा व दूरस्थ निगरानी; चिकित्सा देखभाल और कौशल प्रशिक्षण से जुड़े स्टार्टअप्स को आमंत्रित करेगा.

## GTAM देगा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा

देश में ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (GTAM) के शुभारंभ के साथ ही भारतीय विद्युत् बाज़ार ने एक और मील पत्थर पार कर लिया. GTAM के शुरू होने से नवीकरणीय ऊर्जा-संपन्न राज्यों पर बोझ कम होगा और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि होगी. इसकी प्रतिस्पर्धी कीमतों और पारदर्शी और लचीली खरीद प्रणाली से अक्षय ऊर्जा के खरीदारों को लाभ होगा. इसके ज़रिये अक्षय ऊर्जा विक्रेताओं को पूरे भारतीय बाजार में पहुंच मिल सकेगी.

GTAM से अक्षय ऊर्जा उत्पादकों को ऊर्जा की बिक्री के अतिरिक्त मौके मिल सकेंगे.



### मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के लिए हेल्पलाइन




केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने मानसिक रोगियों के पुनर्वास में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 27 अगस्त को मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-599-0019 'किरण' लॉन्च किया. इस हेल्पलाइन का लक्ष्य अन्य बातों के अलावा प्राथमिक उपचार, प्रारम्भिक स्क्रीनिंग, तनाव प्रबंधन, मानसिक संबल, विचलित व्यवहार की रोकथाम, मानसिक चंगाई (well-being) और मानसिक संकट प्रबंधन में सहायता उपलब्ध कराना है. मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही इस हेल्पलाइन का उद्देश्य तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), पैनिक अटैक, एडजस्टमेंट डिसऑर्डर, पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, मादक पदार्थों का दुरूपयोग, आत्महत्या संबंधी विचार, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े आपातकालीन सेवाएं और महामारी के चलते पैदा हुए मानसिक विकारों के समाधान का प्रयास करना है.

## अगस्त

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की घोषणा

34 साल के अंतराल के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 जुलाई को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 को मंजूरी दे दी. कैबिनेट ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय करने की भी मंजूरी दे दी है. मौजूदा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में बनाई गई थी और इसमें अंतिम संशोधन 1992 में किया गया था.

नई शिक्षा नीति के लिए प्रक्रिया अक्टूबर 2015 में तब शुरू हुई जब पूर्व कैबिनेट सचिव टीएसआर सुब्रमण्यन की अध्यक्षता में नई शिक्षा नीति के विकास के लिए एक समिति की स्थापना की गई. समिति ने मई 2016 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की. इस रिपोर्ट के आधार पर, इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति ने वांछित शोध के बाद नई शिक्षा नीति का शोधपूर्ण मसौदा पेश किया. इस समिति ने मई 2019 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की.




### नई नीति की मुख्य विशेषताएं

नई नीति की मुख्य विशेषताओं में उच्च शिक्षा संस्थानों हेतु एकल नियामक, डिग्री पाठ्यक्रमों में बहुल प्रवेश और निकासी (बहु स्तरीय प्रवेश एवं निकासी) व्यवस्था लागू करना, एमफिल कार्यक्रमों को बंद करना, केवल 12वीं के लिए बोर्ड परीक्षा, विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु साझा प्रवेश परीक्षा शुरू करना आदि शामिल हैं. व्यवसायिक शिक्षा सहित उच्चतर शिक्षा में सकल पंजीकरण अनुपात को 26.3 प्रतिशत (2018) से बढ़ाकर 50 प्रतिशत (2035) किया जाना है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें सृजित की जाएंगी.

नए शैक्षणिक पाठ्यक्रम को 5 + 3 + 3 + 4 प्रणाली के तौर पर निम्नानुसार 4 भागों में बांटा गया है:

आधारभूत चरण (3 से 8 साल): स्कूली शिक्षा के पहले पांच साल में प्री-प्राइमरी स्कूल के तीन साल और कक्षा 1 और 2 सहित बहु स्तरीय खेलकूद आधारित शिक्षण

प्रारंभिक चरण (8-11 वर्ष): कक्षा 3 से 5; क्षेत्रीय भाषा में खेल, खोज और गतिविधि-आधारित इंटरैक्टिव कक्षा आधारित शिक्षण

मध्य चरण (11-14 वर्ष):कक्षा 6 से 8; विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी में अनुभव आधारित शिक्षा

माध्यमिक चरण (14-18 वर्ष): कक्षा 9 से 12; छात्रों के लिए बहु-विषयी अध्ययन, आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और पसंदीदा विषयों पर ज़ोर को बढ़ावा

### डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का शुभारंभ




प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णतय प्रौद्योगिकी-आधारित पहल "राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान" की शुरुआत की है.

NDHM के तहत देश के प्रत्येक नागरिक का एक हेल्थ आईडी कार्ड बनेगा, जिसमें उसकी पहले की बीमारियों, उपचार और नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टर द्वारा संस्तुति की गई दवाओं के बारे में सभी प्रासंगिक स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध होगी. भविष्य में जब भी कार्ड धारक किसी डॉक्टर के पास या अस्पताल में जाता है तो प्रेस्क्रिप्शन सहित सभी विवरण आईडी कार्ड में दर्ज किए जाएंगे.

इससे रोगियों को टेली-परामर्श और ई-फार्मेसियों के माध्यम से दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी अन्य लाभ भी मिल सकेंगे. इस मिशन का उद्देश्य देश में स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता, प्रभावशीलता और पारदर्शिता में सुधार करना है. इसे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत लॉन्च किया गया है.

**NDHM** - National Digital Health Mission

## राजमार्ग के किनारे वृक्षों की निगरानी हेतु “हरित पथ”



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वेब-आधारित जीआईएस-सक्षम निगरानी उपकरणों के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे लगाए गए वृक्षों की निगरानी के लिए 'हरित पथ' नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है. NHAI ने 'हरित भारत पहल' के तहत 21 जुलाई से 15 अगस्त 2020 तक राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 25 लाख से अधिक पौधे लगाए. इस ऐप से NHAI की क्षेत्रीय इकाइयां वृक्षारोपण परियोजनाओं के तहत लगाए गए प्रत्येक वृक्ष की अवस्थिति, विकास, प्रजाति विवरण, रखरखाव गतिविधियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों पर नज़र रख सकेंगी.

**NHAI** - The National Highways Authority of India.

## पारदर्शी कराधान प्लेटफॉर्म लॉन्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ईमानदार करदाताओं के सम्मान में “पारदर्शी कराधान – ईमानदार का सम्मान” नामक मंच का शुभारंभ किया है. इस मंच में फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील और करदाता चार्टर जैसे प्रमुख सुधार शामिल हैं. फेसलेस असेसमेंट और करदाता चार्टर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जबकि फेसलेस अपील सेवा 25 सितंबर से उपलब्ध होगी.

फेसलेस मूल्यांकन में करदाताओं को निष्पक्ष, विनम्र और तर्कसंगत व्यवहार का आश्वासन मिल सकेगा. यह नया मंच राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ईमानदार करदाताओं के मन में डर की भावना दूर करेगा. आयकर विभाग संवेदनशीलता से करदाता की गरिमा का सम्मान करेगा और अकारण ही किसी पर भी संदेह नहीं किया जाएगा.

## सरकार का "स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज"

सरकार ने इनोवेटर्स, स्टार्टअप और छात्रों के लिए दो माइक्रोप्रोसेसर यानी "शक्ति (32 बिट) और वेगा (64 बिट)" का उपयोग कर विभिन्न प्रौद्योगिकी उत्पाद विकसित करने से जुड़ी प्रतियोगिता "स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज- #आत्मनिर्भर भारत के लिए" लॉन्च की है. इस पहल से न केवल भारत की रणनीतिक और औद्योगिक क्षेत्रों की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा, बल्कि इसमें सुरक्षा, लाइसेंसिंग, प्रौद्योगिकी के पुराने होने और सबसे महत्वपूर्ण आयात पर निर्भरता कम करने के मसलों का हल निकालने की भी क्षमता है. हार्डवेयर का प्रोटोटाइप विकसित करने में मदद देने के लिए इस चुनौती के विभिन्न चरणों में 4.30 करोड़ रु की धनराशि प्रदान की जाएगी। शक्ति और वेगा माइक्रोप्रोसेसरों को क्रमशः IIT मद्रास और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (CDAC) ने विकसित किया है.

## आयुष मंत्रालय ने शुरू किया आयुर्रक्षा कार्यक्रम

कोविड योद्धाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए आयुष मंत्रालय ने तीन महीने का एक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और किसी भी रोग की रोकथाम करने के आसान एवं किफायती उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है.

## आदिवासी स्वास्थ्य का ई-पोर्टल “स्वास्थ्य”

आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने आदिवासी स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित “स्वास्थ्य” नामक पोर्टल लॉन्च किया, जहां एक ही मंच पर भारत की जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी. इस पोर्टल के माध्यम से साक्ष्यों, विशेषज्ञता और अनुभवों के आदान-प्रदान को सुगम बनाने के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों से एकत्र की गई नवाचारी प्रक्रियाओं, शोध रिपोर्टों, केस स्टडीज़ और श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को साझा किया जाएगा.

## विद्यार्थी उद्यमशीलता कार्यक्रम 2.0 का शुभारंभ

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने अमेरिका की बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी डेल टेक्नोलॉजीज़ के सहयोग से अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) के युवा नवाचारकर्ताओं (अन्वेषकों) के लिए विद्यार्थी उद्यमशीलता कार्यक्रम (SEP 2.0) के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया, जिसमें वे डेल वालंटियर्स के साथ मिलकर काम कर सकेंगे. इससे छात्रों को अपने विचारों / प्रक्रियाओं को पेटेंट कराने के साथ पूरी तरह कार्यशील, बाज़ार के लिए तैयार नए डिजिटल उत्पादों का निर्माण करने में सहायता और मार्गदर्शन मिल पाएगा.

## प्रोजेक्ट लायन, प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च

केंद्र सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता से प्रेरित होकर प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च करने की योजना बनाई है. इन दोनों परियोजनाओं का उद्देश्य दोनों प्रजातियों का संरक्षण करना और इनकी आबादी में बढ़ोत्तरी करना है. ‘डॉल्फिन परियोजना’ में दोनों किस्म की डॉलफिन (समुद्री डॉल्फिन और नदी की डॉल्फ़िन) पर ध्यान केंद्रित रहेगा. इससे जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे. यह प्रोजेक्ट पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा.

*'बाघ परियोजना' के तहत भारतीय शेरों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए बुनियादी ढांचा निर्माण पर काम किया जाएगा. वर्तमान में एशियाई शेर गुजरात के सौराष्ट्र में स्थित गिर राष्ट्रीय उद्यान और इसके आसपास के इलाकों में ही पाए जाते हैं, जबकि गंगाई डॉल्फिन गंगा नदी में पायी जाती हैं. दोनों प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची में 'लुप्तप्राय' प्रजातियां बताया गया है.*



Telegram

## Government Jobs Made Easy




For Free Learning

Join the

**Gyanm Telegram Channel**

**http://t.me/gyanm34**

www.gyanm.in

### 'किसान रेल' सेवा का शुभारंभ



देश की पहली किसान स्पेशल पार्सल ट्रेन या "किसान रेल" महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर स्टेशन के लिए रवाना हुई. इस ट्रेन के ज़रिये महाराष्ट्र क्षेत्र से बिहार क्षेत्र के बीच कृषि उपज को लाने - ले जाने का काम किया जाएगा. कई स्टेशनों पर रुकने और सामान लादकर ले जाने वाली यह ट्रेन फल और सब्ज़ियां लेकर जाएगी. फ्रोज़न कंटेनरों से लैस इस ट्रेन के चलने से मछली, मांस और दूध सहित खराब होने वाले उत्पादों को ले जाने के लिए 'राष्ट्रीय कोल्ड सप्लाई चेन' बन सकेगी.

*किसान रेल इन दो स्टेशनों के बीच लगभग 1519 किमी का सफर करीब 32 घंटे में तय करेगी. कृषि उपज की आवाजाही के लिए ऐसी विशेष ट्रेनें शुरू करने की घोषणा बजट 2020-21 में की गई थी.*

### HEC पर अंकुश के लिए "सुरक्ष्या" पोर्टल

वास्तविक समय में जानकारी के संग्रहण और टकराव प्रबंधन के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय ने मानव हाथी टकराव (HEC) पर "सुरक्ष्या" नामक राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया है. इस पोर्टल से नीति-निर्माताओं को HEC के डेटा का प्रयोग कर टकराव के शमन के लिए नीति निर्माण और सटीक कार्य योजना तैयार करने में मदद देने के लिए डेटा संग्रह प्रोटोकॉल, डेटा ट्रांसमिशन पाइपलाइन और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन टूल स्थापित करने में मदद मिलेगी.

### मौसम पूर्वानुमान के लिए "मौसम" लॉन्च

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के लिए मोबाइल ऐप "मौसम" लॉन्च किया. यह 200 शहरों के लिए तापमान, आर्द्रता, हवा की गति और दिशा सहित वर्तमान मौसम की जानकारी प्रदान करेगा और सूचना दिन में आठ बार अपडेट की जाएगी. यह स्थानीय मौसम की घटनाओं सूर्योदय, सूर्यास्त, चंद्रोदय और चंद्रमास के लिए अब तीन घंटे की चेतावनी और लगभग 800 स्टेशनों और जिलों के लिए उनकी तीव्रता को भी जारी करेगा. यह ऐप भारत के लगभग 450 शहरों के लिए अगले सात दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान प्रदान करेगा. पिछले 24 घंटों की मौसम की जानकारी भी इसी ऐप पर उपलब्ध होगी.

*उपयोगकर्ता मौसम, पूर्वानुमान, रडार छवियों का उपयोग कर सकते हैं और निकट भविष्य में आने वाले मौसम की घटनाओं के प्रति सचेत रूप से चेतावनी देख सकते हैं. यह मोबाइल ऐप आम जनता को समर्पित है और तकनीकी शब्दजाल के बिना आकर्षक तरीके से मौसम की जानकारी और पूर्वानुमान का संचार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ये ऐप प्ले स्टोर और ऐपस्टोर दोनों पर उपलब्ध है.*

### अगरबत्ती के लिए KVIC योजना

एमएसएमई मंत्रालय ने भारत को आत्म-निर्भर बनाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा प्रस्तावित अगरबत्ती उत्पादन की एक नई योजना को मंज़ूरी दी है. 'खादी अगरबत्ती आत्म-निर्भर' नामक इस योजना का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बेरोजगारों और प्रवासी श्रमिकों के लिए रोज़गार सृजित करना और घरेलू अगरबत्ती उत्पादन में पर्याप्त तेज़ी लाना है. KVIC मशीनों की लागत पर 25% सब्सिडी प्रदान करेगा और शेष 75% राशि की कारीगरों से आसान मासिक किस्तों में वसूली करेगा.

**KVIC**- Khadi and Village Industries Commission

### 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन-2020-21' लॉन्च

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन' 2020-21 का शुभारंभ किया. यह राष्ट्रीय कार्यक्रम कक्षा 6वीं से 11वीं तक के स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए 2011 में शुरू किया गया था. इस कार्यक्रम को स्वायत्त संगठन 'विज्ञान भारती' (VIBHA) द्वारा भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कार्यरत स्वायत्त संस्थान 'विज्ञान प्रसार' और NCERT (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाया जाता है.

### बीआईएस-केयर ऐप लॉन्च

उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने एक मोबाइल ऐप बीआईएस-केयर लॉन्च किया है, जिसका उपयोग उपभोक्ता आईएसआई और हॉलमार्क वाले गुणवत्ता प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच के लिए करने के अलावा हिंदी और अंग्रेजी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं. इसके अलावा मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन और प्रशिक्षण पर आधारित भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के तीन पोर्टल लॉन्च किए गए, जिन पर उपभोक्ता और हितधारक लॉगिन कर सकते हैं.

*BIS देश में मानक स्थापित करने वाला शीर्ष संस्थान है. अब तक इसने कुल 358 उत्पादों के लिए अनिवार्य मानक स्थापित किये हैं और 20,866 मानक स्थापित किये हैं. ISI चिन्ह भारत में 1955 से औद्योगिक उत्पादों के लिए शुरू हुआ मानक है जबकि हॉलमार्क नामक मानक गोल्ड ज्यूलरी हेतु स्थापित गुणवत्ता प्रमाणीकरण है.*



## रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति



केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति 2020 (DPEPP 2020) का मसौदा तैयार किया है. यह मसौदा आत्मनिर्भर भारत पैकेज को मजबूत करने की दिशा में भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को गति प्रदान करने वाला मार्गदर्शक दस्तावेज़ होगा. इस नीति का लक्ष्य भारत को रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के समूह में स्थापित करना है. इसका लक्ष्य 2025 तक एयरोस्पेस और रक्षा से जुड़े साजो सामान और सेवाओं में 35,000 करोड़ रुपये के निर्यात सहित 1,75,000 करोड़ रुपये का कारोबार करना है.

## भारत डिजिटल शिक्षा रिपोर्ट

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने 29 जुलाई को भारत डिजिटल शिक्षा रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट में घर पर ही बच्चों के लिए सुलभ और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने और अधिगम की खाई को पाटने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों द्वारा अपनाये गए अभिनव उपायों को विस्तार से बताया गया है.

*मंत्रालय ने शिक्षकों, विद्वानों और छात्रों को सीखने में सहायता देने के लिए कई डिजिटल परियोजनाओं की शुरुआत की है, जिनमें दीक्षा मंच, स्वयं प्रभा टीवी चैनल, ऑन एयर - शिक्षा वाणी, ई-पाठशाला और टीवी चैनल का टेलीकास्ट शामिल है.*

## रेलवे में खत्म हुई 'खलासी प्रणाली'

रेलवे बोर्ड ने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर काम करने वाले "खलासियों" या 'बंगला चपरासियों' की नियुक्ति की औपनिवेशिक युग की प्रणाली को समाप्त करने की पूरी तैयारी कर ली है. 6 अगस्त को जारी आदेश में रेलवे बोर्ड ने कहा कि टेलीफोन अटेंडेंट-कम-डाक खलासी (टीएडीके) से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की जा रही है और यह भी फैसला लिया गया है कि अब इन पदों पर कोई भर्ती नहीं की जाएगी. अस्थायी कर्मचारियों के तौर पर रेलवे में शामिल होने के बाद TADK लगभग तीन वर्ष के बाद स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद ग्रुप 'डी' स्टाफ में शामिल हो जाते हैं.



## बिना बैटरी के बिकेंगे EV

इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के प्रयास के तौर पर सरकार ने प्री-फिटेड बैटरी रहित इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) की बिक्री और पंजीकरण की अनुमति दी है. इससे इन वाहनों की लागत कम हो जाएगी, क्योंकि ऐसे वाहनों की कुल लागत में 30 से 40 फीसदी भाग बैटरी की कीमत का होता है. OEM (मूल उपकरण निर्माता) या ऊर्जा सेवा प्रदाता अलग से बैटरी प्रदान कर सकते हैं. इस कदम का उद्देश्य वाहन -जनित प्रदूषण कम करना और तेल के आयात बिल को कम करना है.

## छूट लेने के लिए FASTag अनिवार्य

सरकार ने देश भर में राजमार्ग टोल प्लाज़ा पर किसी भी छूट का लाभ उठाने के लिए उपयोगकर्ताओं के लिए फास्टैग (FASTag) होना अनिवार्य कर दिया है. यह फैसला डिजिटल भुगतान मोड को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन कर यह प्रावधान किया है कि अगर कोई वैध और चालू FASTag वाला वाहन 24 घंटों के अंदर लौटता है तो इस पर लागू छूट स्वत ही फास्टैग खाते से लगाकर पैसे कटेंगे. अन्य स्थानीय छूट भी केवल उन मामलों में मिलेगी, जिनमें गाड़ी पर वैध FASTag लगा होगा.

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री:** नितिन गडकरी

## 47 से अधिक चीनी ऐप्स प्रतिबंधित

भारत ने 24 जुलाई को 47 और चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया जोकि पहले 29 जून को प्रतिबंधित हुए 59 ऐप्स के क्लोन हैं. प्रतिबंधित क्लोन ऐप में टिक टोक लाइट और कैम स्कैनर एडवांस शामिल हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नया प्रतिबंध उन एप्स पर लक्षित है जो पहले से प्रतिबंधित सेवाओं जैसे कि टिकटोक और कैम स्कैनर तक पहुंच की सुविधा प्रदान कर रहे थे.

# उद्योग-अर्थव्यवस्था

### सितम्बर

## भारतीय अर्थव्यवस्था 5.9% सिकुड़ेगी: UNCTAD

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD) की 'व्यापार एवं विकास रिपोर्ट 2020' में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में 2020 के दौरान 5.9 फीसदी की कमी आने का अनुमान है. लेकिन रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अगले साल इस दर में वृद्धि होने होने की उम्मीद है. रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था के मामले में 4.3 फीसदी की कमी होने का अनुमान दिया गया है, जिसके कारण वर्ष के अंत तक वैश्विक उत्पादन में 6 खरब डॉलर की कमी आएगी.

## आर्थिकी पहुंची - 23.9% गहरे गड्डे में




राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा 31 अगस्त को जारी किए गए आंकड़ों से पता चला है कि कम उपभोक्ता मांग और घटते निजी निवेश के चलते अप्रैल से जून तिमाही (Q1 FY21) में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वन मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि 2020-21 की पहली तिमाही में स्थित कीमतों (2011-12) पर सकल घरेलू उत्पाद 2019-20 पहली तिमाही के 35.35 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 26.90 लाख करोड़ रुपये रहा. पिछले वर्ष की इसी तिमाही में हुए 5.2 प्रतिशत विकास की तुलना में इस वर्ष की पहली तिमाही में 23.9 प्रतिशत का संकुचन देखा गया है.

*पिछली बार भारत में ऐसी मंदी वित्त वर्ष 1979 में देखी गई थी जब देश के सकल घरेलू उत्पाद में 5.2 प्रतिशत की कमी आई थी.*

*आंकड़ों के अनुसार इस तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर - 39.3 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की इस तिमाही में यही दर 3 प्रतिशत थी. इसी तरह खनन क्षेत्र में पिछले साल की पहली तिमाही की 4.7 % की विकास दर की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में 23.3 % की गिरवाट देखी गई है. यह संकुचन मुख्य तौर पर COVID-19 संक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के चलते लगभग सभी गतिविधियों पर लगे विराम के कारण हुआ है.*

*निराशा से भरे इस सारे माहौल में एकमात्र राहत है कृषि क्षेत्र, जिसमें 3.5% की विकास दर देखी गई.*

## 2020-21 में 9% की आर्थिक गिरावट का अनुमान: ADB

मनीला स्थित एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अपने एशियाई विकास परिदृश्य (ADO) -2020 अपडेट में चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान लगाया है. इसकी वजह भारत में कोरोना वायरस की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुई आर्थिक गतिविधियां और उपभोक्ता मांग में सुस्ती बताया गया है. लेकिन ADB का अनुमान है कि 2021-22 में आवाजाही तथा कारोबारी गतिविधियां फिर से शुरू होने से भारत की भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आएगा और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की विकास दर आठ प्रतिशत रहेगी.




## भारतीय अर्थव्यवस्था 9% तक सिकुड़ेगी: S & P

S & P ग्लोबल रेटिंग्स (USA) ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत के बारे में पहले जारी किये गए आर्थिक पूर्वानुमान को (-) 5% से घटाकर (-) 9% कर दिया है. इसके पीछे की वजह COVID-19 के बढ़ते मामलों के कारण अधिक लम्बे समय तक निजी उपभोग और निवेश का निचले स्तरों पर रहना बताया गया है. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास दर के लिए विद्यमान जोखिमों में अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक क्षेत्रों में कमज़ोर रिकवरी और सूक्ष्म और लघु उद्यमों को हुए आर्थिक नुकसान शामिल हैं. लेकिन इसे वित्त वर्ष 2021-22 में आर्थिक विकास दर के 10 प्रतिशत होने की उम्मीद है.

## रबी फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में हुए निर्णय के बाद केंद्र सरकार ने सभी निर्धारित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSPs) में वृद्धि की घोषणा की है. कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में दिए गए अपने बयान में बताया कि MSPs में की गई यह वृद्धि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुरूप है.

| फसल | 2019-20 | 2020-21 | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| दाल | 4800 | 5100 | 6.3 |
| सरसों | 4425 | 4650 | 5.1 |
| जौ | 1525 | 1600 | 4.9 |
| काला चना | 4875 | 5100 | 4.6 |
| गेहूं | 1925 | 1975 | 2.6 |
| कुसुम | 5215 | 5327 | 2.1 |

## रक्षा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 74% तक बढ़ा

8 सितंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रक्षा क्षेत्र में स्वत: स्वीकृति के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत कर बढ़ाने से संबंधित नई नीति को मंज़ूरी दे दी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडी शर्त शामिल रहेगी. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित नई शर्त के अनुसार रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश प्रस्ताव राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर जांचे जा सकेंगे और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने में सक्षम किसी भी विदेशी निवेश की समीक्षा करने का अधिकार होगा.

*सरकार की देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए रक्षा क्षेत्र को ग्रोथ इंजन बनाने की योजना है और इस क्षेत्र में 2025 तक 35,000 करोड़ रुपये के निर्यात सहित कुल 1.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है. पिछले साल तक एयरोस्पेस और शिप बिल्डिंग उद्योग सहित रक्षा उद्योग का अनुमानित कारोबार 80,000 करोड़ रुपये का था, जिसमें सार्वजनिक उपक्रमों का हिस्सा लगभग 80% या 63,000 cr.रुपये था.*

## 2023 तक ब्रॉड गेज का 100% विद्युतीकरण

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि रेलवे की अपनी ब्रॉड गेज लाइनों का वर्ष 2023 तक शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने की योजना है. इस वर्ष एक अप्रैल तक कुल 63 हज़ार, 631 किलोमीटर लम्बी रेल लाइनों में से लगभग 63 प्रतिशत लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है. शेष 23,765 किलोमीटर किलोमीटर लाइनों का विद्युतीकरण वर्ष 2023 तक किया जाएगा.

### त्रिपुरा से बांग्लादेश के लिए नया नदी मार्ग



बांग्लादेश के दाउदकंडी से त्रिपुरा के सोनमुरा तक एक नये अंतर्देशीय जल मार्ग का परीक्षण 3 सितंबर को गुमती नदी से शुरू हुआ. 50 मीट्रिक टन सीमेंट की खेप के साथ एमवी प्रीमियर दाउदकंडी से त्रिपुरा के सोनमुरा के लिए रवाना हुआ, जिसने 93 किलोमीटर की दूरी तय की. यह पहला अंतर्देशीय जलमार्ग है जो त्रिपुरा को बांग्लादेश के साथ जोड़ेगा. नया मार्ग बांग्लादेश और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बीच संपर्क को बहुत बढ़ाएगा, जिससे बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा.

### PGCIL बेचेगा परिसंपत्तियां

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के माध्यम से पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (PGCIL) की सहायक कंपनियों की संपत्तियां बेचने को अपनी मंज़ूरी दे दी है, जिससे PGCIL पहले चरण में 7,000 करोड़ रुपये अर्जित करेगी. ऐसा पहली बार हो रहा है कि विद्युत क्षेत्र का कोई भी PSU InVT (इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) मॉडल के माध्यम से परिसंपत्तियां बेचकर पूंजी जुटाएगी.

परिसंपत्ति बेचकर प्राप्त आय को पावरग्रिड अपनी नई और निर्माणाधीन परियोजनाओं में निवेश करेगा. विद्युत् मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्यरत सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी PGCIL विद्युत् पारेषण के कारोबार में संलग्न है.

### रिलायंस का पूंजीकरण 200 अरब डॉलर के पार

7 सितंबर को रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के शेयरों के दाम 7 फीसदी से अधिक तक चढ़ गए, जिसकी बदौलत इसका बाज़ार पूंजीकरण 200 अरब डॉलर पार कर गया. रिलायंस यह कीर्तिमान हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है. इससे पहले के कारोबारी सत्र में कंपनी का बाज़ार पूंजीकरण 97,246.46 करोड़ रुपये बढ़कर कुल 14,67,350.26 करोड़ रुपये हो गया था. देश की सबसे मूल्यवान फर्म का शेयर मुंबई स्टॉक एक्सचेंज पर 7.10 प्रतिशत चढ़कर 2,314.65 रुपये पर बंद हुआ.

### बिग बाज़ार हुआ रिलायंस का

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने अमेज़ॉन से अपनी प्रतिस्पर्धा को रफ्तार देने के लिए बिग बाज़ार के स्वामित्व वाले फ्यूचर ग्रुप को 24,713 करोड़ रुपये के सौदे में अधिग्रहित करने की घोषणा की है. रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) फ्यूचर ग्रुप के रिटेल और होलसेल बिज़नेस और लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग बिजनेस का अधिग्रहण करेगी.

### वोडाफोन + आइडिया = VI

लोकप्रिय टेलीकॉम ब्रांड वोडाफोन और आइडिया ने अपने विलयन के दो साल बाद अब अपनी नई एकीकृत ब्रांड पहचान 'VI' (उच्चारण 'वी') का अनावरण किया है. इन दोनों ब्रांड का एकीकरण टेलीकॉम जगत का सबसे बड़ा एकीकरण क़रार दिया गया है. नए ब्रांड का लक्ष्य प्रतिद्वंद्वी कंपनियों जिओ और एयरटेल द्वारा दी जा रही प्रतिस्पर्धा का प्रभावी ढंग से सामना करना है. 31 अगस्त 2018 को दो साल पहले वोडाफोन और आइडिया का विलय हुआ था.

## अगस्त

### अर्थव्यवस्था लगाएगी 4.5% की डुबकी: RBI

25 अगस्त को जारी की गयी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2020-21 के लिए भारत की विकास दर के (-) 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. अगस्त, 2020 में हुई अपनी मौद्रिक नीति समिति बैठक का हवाला देते हुए केंद्रीय बैंक ने कोरोना महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में पड़े व्यवधानों और लागत पर दबावों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के माहौल की बात कही। केंद्रीय बैंक ने COVID-19 संकट के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए व्यापक सुधारों की मांग की है और कहा है कि हालात में सुधार करने और COVID-19 से पूर्व की आर्थिक रफ़्तार प्राप्त करने में काफी समय लगेगा.

### गन्ने का FRP 10 रुपये क्विंटल बढ़ा

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने चीनी मिलों को 2020-21 के लिए चीनी मिलों द्वारा देय गन्ने का FRP (*उचित एवं लाभकारी* मूल्य) दाम 10 रुपये बढ़ाकर 285 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है. एफआरपी को गन्ना (नियंत्रण) आदेश 1966 के तहत तय किया जाता है. यह गन्ने का न्यूनतम मूल्य होता है जिसे चीनी मिलों को गन्ना उत्पादक किसानों को भुगतान करना होता है.

रिकवरी दर चीनी की मात्रा है जो गन्ने से मिलती है और जितनी चीनी की मात्रा अधिक होती है, बाजार में इसकी कीमत उतनी ही अधिक होती है. रिकवरी में 10 फीसदी से अधिक प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के लिए प्रति क्विंटल 2.85 रुपए का प्रीमियम प्रदान करने और प्रत्येक रिकवरी में 0.1 फीसदी की कमी पर एफआरपी में 2.85 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमी करने का प्रावधान किया गया है. FRP- Fair and Remunerative Price



## रिलायंस बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ब्रांड




तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में संलग्न कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने फ्यूचर ब्रांड इंडेक्स 2020 में एपल के बाद दूसरे सबसे बड़े ब्रांड के रूप में जगह हासिल की है. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सर्वाधिक लाभप्रद कंपनियों में शामिल रिलायंस काफी जानी-मानी कंपनी है। इसका कारोबारी आचरण नैतिक है और साथ ही इसे विकास, नवाचारी उत्पादों व उत्तम ग्राहक सेवा के लिए जाना जाता है.

*ब्रांड मैनेजमेंट और प्रमोशन से जुड़ी अमेरिकी कंपनी फ्यूचर ब्रांड इंडेक्स वार्षिक अंतराल पर बाज़ार पूंजीकरण के आधार पर पीडब्ल्यूसी ग्लोबल में शामिल 100 कंपनियों का आकलन उनकी वित्तीय क्षमता के बजाय अनुभूति के आधार पर करती है.*

## छोटे व्यवसायों के लिए बड़ी जीएसटी राहत

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने छोटे व्यवसायों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए 40 लाख रुपये सालाना तक के टर्नओवर वाले कारोबार को जीएसटी से मुक्त करने की घोषणा की है. पहले यह सीमा 20 लाख रुपये थी. इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना टर्नओवर वाले कारोबार को कम्पोज़िट स्कीम का चुनाव कर महज़ 1 फीसदी टैक्स देने का विकल्प भी दिया गया है. पहले यह सीमा 75 लाख रुपये और कराधान की दर 2% थी. इस योजना को अब सेवा क्षेत्र में भी लागू किया गया है.

## पड़ोसियों से कोयला खनन में FDI पर रोक

सरकार ने स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक कोयला खनन के मामले में भारत की सीमा से सटे किसी भी देश से संबंधित किसी इकाई से मिला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रस्ताव सरकार की मंजूरी के बाद ही आगे बढ़ सकता है. भारत सरकार ने हाल ही में 2019 का प्रेस नोट 4 जारी कर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) नीति, 2017 में संशोधन किया था, जिसके ज़रिये इससे जुड़े प्रसंस्करण के बुनियादी ढाँचे सहित कोयला खनन गतिविधियों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी गई थी.

## रिलायंस फॉर्च्यून शीर्ष 100 में शामिल

भारत की शीर्ष कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने 11 अगस्त को फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में शीर्ष 100 में स्थान पाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन कर एक और मील पत्थर पार कर लिया. 86.27 अरब डॉलर की कमाई कर, तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में संलग्न यह समूह 2020 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 96वें स्थान पर विराजमान एकमात्र भारतीय कंपनी है.

*इस सर्वेक्षण में कंपनियों को 31 मार्च, 2020 को या उससे पहले समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के हिसाब से उनके द्वारा अर्जित राजस्व के आधार पर रैंकिंग दी जाती है. इस सूची में कुछ अन्य भारतीय कंपनियां जैसे IOC - 151, ONGC - 190 भी शामिल हैं. 523.96 अरब डॉलर के राजस्व वाला वॉलमार्ट समूह सूची में शीर्ष पर है, जिसके बाद की तीन कंपनियां चीन से हैं. फॉर्च्यून न्यूयॉर्क स्थित फॉर्च्यून मीडिया समूह की प्रतिष्ठित व्यावसायिक पत्रिका है.*

## MCX का बुलियन इंडेक्स 'बुलडेक्स' लॉन्च

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया (MCX), मुंबई ने 24 अगस्त को 'बुलडेक्स' नामक देश का पहला बुलियन इंडेक्स लॉन्च किया. 'बुलडेक्स' में बाज़ार लॉट का साइज़ 50 होगा और सोने और चांदी-आधारित अनुबंधों के विपरीत यह नकदी में निपटान-योग्य वायदा अनुबंध होगा. इस विशेषता के कारण यह उन संस्थागत प्रतिभागियों के लिये आकर्षक साबित होगा, जो सोना या चांदी की डिलीवरी लेने में हिचकिचाते हैं. बुलियन यानी सोने और चांदी की ईंटों और बार आदि का कारोबार देश के प्रमुख कमोडिटी एक्सचेंज में पहले से ही चल रहा है.

# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## सितम्बर

## बैंकों के NPA का कामकाज होगा स्वचालित

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को NPA के वर्गीकरण और इनकी गणना की प्रक्रिया को पूर्णतय स्वचालित करने का आदेश दिया है. यह निर्णय सभी लोन खातों पर लागू होगा, और इसे 30 जून, 2021 तक अमल में लाया जाना है. रिज़र्व बैंक को बैंकों द्वारा ऋण वर्गीकरण को दिन के अंत की प्रक्रिया के भाग के तौर पर अपडेट किये जाने की अपेक्षा है. इसके अलावा रिज़र्व बैंक ने कहा है कि बैंकों को ऋण वर्गीकरण प्रक्रियाएं क्रियान्वित करने में मानवीय हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए.

वर्तमान में बैंक अभी भी NPA की पहचान करने के लिए मैनुअल कामकाज पर ही निर्भर हैं और NPA का स्तर कम दिखाने के लिए नियमित तौर पर सिस्टम-जनित ऋण वर्गीकरण को दरकिनार कर मानवीय हस्तक्षेप करते हैं.



## बैंक क़र्ज़दारों को राहत हेतु समिति का गठन



सरकार ने बैंकों के क़र्ज़दारों को राहत देने से संबंधित आकलन करने के लिए पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) राजीव महर्षि की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है. यह समिति क़र्ज़दारों को ब्याज से राहत देने और कोविड-19 के कारण ऋण चुकौती में दी गई मोहलत से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करेगी. यह कदम ब्याज में छूट और ब्याज पर ब्याज और अन्य संबंधित मुद्दों के बारे में उच्चतम न्यायालय में चल रही सुनवाई के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए उठाया गया है.

## प्राथमिकता ऋण दिशानिर्देशों में संशोधन

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद नए प्राथमिकता ऋण (PSL) दिशानिर्देश जारी किये हैं. इनके अनुसार स्टार्ट-अप्स को 50 करोड़ रु तक का वित्तपोषण देना, ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सोलराइज़ेशन के लिए सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना हेतु किसानों को दिए जाने वाले ऋण और कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना हेतु ऋण भी प्राथमिक क्षेत्र ऋणों में शामिल होंगे.

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का अर्थ है - वे ऋण जो बैंकों को अनिवार्यत कृषि, छोटे व्यवसाय, आवास और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को देने होते हैं. सभी वाणिज्यिक बैंकों को अपनी कुल उधारी का न्यूनतम 40 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्र में देना होता है. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों के लिए अपनी कुल उधारी का 70 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्र को देना आवश्यक है.

## लोकसभा में बैंकिंग संशोधन विधेयक पारित

लोकसभा ने 26 जून को लागू किये गए बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अध्यादेश के स्थान पर 16 सितंबर को बैंकिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित कर दिया. इस विधेयक का उद्देश्य नियमों और विनियमों के संदर्भ में सहकारी बैंकों और वाणिज्यिक बैंकों में समानता लाना है. इस बिल में जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिये बेहतर प्रबंधन और बैंकिंग में हो रहे बदलावों के अनुरूप समुचित नियमन के ज़रिये सहकारी बैंकों में बदलाव लाने का प्रावधान है.

## एक समान होंगी बैंकों की अनुपालन परिपाटियां

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों में एक समान अनुपालन परिपाटियां लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं. केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं में बोर्ड-अनुमोदित अनुपालन नीति, मुख्य अनुपालन अधिकारी (CCO) की नियुक्ति और अनुपालन की आंतरिक लेखा परीक्षा शामिल है. मज़बूत अनुपालन प्रणाली के अंग के तौर पर बैंकों के लिए अपने और समूह के स्तर पर कारगर अनुपालन संस्कृति, स्वतंत्र कारोबारी अनुपालन तंत्र और मज़बूत जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम का होना आवश्यक है.

## डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ

9 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों द्वारा डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ किया. डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं की परिकल्पना कॉल सेंटर, वेब पोर्टल या मोबाइल ऐप जैसे सार्वभौमिक टच पॉइंट्स के ज़रिये ग्राहकों को उनके घर पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है. ये सेवायें चयनित सेवा प्रदाताओं द्वारा देश भर में 100 केंद्रों पर तैनात डोरस्टेप बैंकिंग एजेंटों द्वारा प्रदान की जाएंगी.

*वर्तमान में ग्राहकों के लिए केवल गैर-वित्तीय सेवाएं जैसे कि नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट (चेक/ डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर आदि) लेना, नई चेक बुक के लिए अनरोध पर्ची लेना, फॉर्म 15जी/ 15एच लेना, स्थायी निर्देशों (स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन) के लिए अनुरोध, खाता विवरण अनुरोध उपलब्ध हैं. अगले महीने से वित्तीय सेवायें भी मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएंगी.*

## स्टार्टअप्स के लिए विशेष बैंक खाता

ICICI बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है, जो उनकी बैंकिंग और इसके इतर अन्य ज़रूरतों जैसे कि नियामकीय सहायता, एनालिटिक्स, स्टाफिंग, अकाउंटिंग, ग्राहक बनाना और ग्राहकों तक डिजिटल आउटरीच आदि को पूरा करने में मदद देगा. इस विशेष चालू खाते का नाम iStartup2.0 होगा. इस खाते की सुविधा नए व्यवसाय (10 वर्ष तक पुराने) ले सकते हैं. इस खाते के लिए आवेदन करते समय फिर से विवरण नहीं भरना पड़ेगा. इससे कंपनी के संस्थापकों / उद्यमियों को बड़ी सुविधा मिलेगी क्योंकि इससे समय और ऊर्जा, दोनों की बचत होगी.



## स्टेट बैंक का टाइटन से क़रार




देश के शीर्ष ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और टाइटन वॉच कंपनी ने घड़ियों के माध्यम से टाइटन पे (Titan Pay) नामक कॉन्टैक्टलेस पेमेंट सेवा शुरू करने के लिए भागीदारी की है. इसमें SBI खाता धारकों को SBI का YONO ऐप डाउनलोड करना होगा, जिसके बाद वे द्रुत गति से, बिना किसी परेशानी के संपर्क-रहित भुगतान प्रणाली का आनंद लेने के लिए अपने डेबिट कार्ड को स्वाइप किये या अंदर डाले बिना ही पॉइंट ऑफ सेल मशीनों पर अपनी टाइटन पे घड़ी पर टैप कर सकते हैं.

## BoI का डेबिट कार्ड “Signature Visa Debit Card”

बैंक ऑफ इंडिया (BoI) ने अपने 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों अथवा औसतन 10 लाख रुपये और उससे अधिक तिमाही औसत बैलेंस बनाए रखने वाले व्यक्तियों के लिए अंतरराष्ट्रीय संपर्क-रहित डेबिट कार्ड “Signature Visa Debit Card” लॉन्च किया है. इस कार्ड पर पीओएस और ई-कॉमर्स के लिए 5 लाख रु और एटीएम पर 1 लाख रु खर्च करने की सीमा उपलब्ध होगी.

## आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक पर लगा ताला

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949 के तहत 28 जुलाई, 2020 से आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग गतिविधियां बंद करने का आदेश दिया है. दरअसल इस बैंक ने पिछले साल जुलाई में कारोबार के आर्थिक रूप से गैर-व्यवहार्य होने के कारण इसे बंद करने के लिए आवेदन किया था. फरवरी, 2018 में शुरू हुए इस बैंक में आदित्य बिरला नुवो की 51 प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. RBI ने पेमेंट बैंक शुरू करने के लिए अगस्त 2015 में 11 फर्मों को लाइसेंस जारी किए थे.

## EASE बैंकिंग सूचकांक पुरस्कारों की घोषणा

भारतीय बैंक संघ (IBA) ने सार्वजनिक बैंकों के अच्छे प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए EASE पुरस्कारों की घोषणा की है. इस सूचकांक में बैंक ऑफ बड़ौदा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक और पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला. EASE का अर्थ है "Enhanced Access and Service Excellence’. यह सूचकांक IBA और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा तैयार किया जाता है और इसे वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार कराया जाता है.

*इस सूचकांक का उद्देश्य सरकारी बैंकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा कर उन्हें एक-दूसरे से सीखने को प्रोत्साहित कर इन बैंकों के कामकाज में सार्थक बदलाव लाना है.*



## RBI ने रेपो रेट रखा अपरिवर्तित

अपने "उदार" रुख को क़ायम रखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने 6 अगस्त को हुई अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में सर्वसम्मति से नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है. रेपो दर को पूर्ववत 4 प्रतिशत पर ही रखा गया है. तदानुसार रिवर्स रेपो दर भी 3.35 प्रतिशत के स्तर पर बनी रहेगी. स्थायी सीमांत सुविधा (MSF) दर और बैंक दर भी 4.25% पर अपरिवर्तित रहेंगी. MSF- Marginal Standing Facility

## RBI ने दिया सरकार को 57,128 करोड़ रु का सरप्लस

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्निंग बोर्ड ने 30 जून को समाप्त हुए लेखांकन वर्ष 2019-20 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 57,128 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने को मंज़ूरी दे दी है. RBI अधिनियम, 1934 की धारा 47 के अनुसार इसके द्वारा अर्जित लाभ का हस्तांतरण केंद्र सरकार को किया जाना होता है. ध्यान देने योग्य है कि RBI में निवेशित 100 प्रतिशत पूंजी भारत सरकार की है.

## रिज़र्व बैंक करेगा 20,000 करोड़ रु का OMO

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दो बराबर किस्तों में 20,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए विशेष खुला बाजार परिचालन (OMO) करने की घोषणा की है. OMO के तहत केंद्रीय बैंक एक ही समय पर सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री करेगा. इस OMO के पीछे का मुख्य उद्देश्य बॉन्ड बाज़ार में अल्पकालिक और दीर्घकालिक सरकारी प्रतिभूतियों पर मिलने वाले मुनाफ़े को बढ़ाना है. यहाँ ध्यातव्य है कि प्रतिभूतियों की खरीद से बाज़ार में तरलता बढ़ती है, जबकि उनकी बिक्री से बाज़ार में तरलता कम हो जाती है. OMO- open market operations

## RBI ने जारी किया रिटेल पेमेंट सिस्टम का फ्रेमवर्क




भारतीय रिज़र्व बैंक ने खुदरा भुगतान के लिए एकछत्र निकाय (Umbrella Entity) की स्थापना के लिए रूपरेखा का अनावरण किया है. इस फ्रेमवर्क के तहत 500 करोड़ रुपये से अधिक नेट वर्थ वाली कंपनियां ऐसा एक एकछत्र निकाय स्थापित करने की पात्र होंगी. ऐसी इकाइयों को अन्य चीज़ों के अलावा एटीएम, व्हाइट लेबल PoS, आधार-आधारित भुगतान और प्रेषण सेवाओं के लिए नई भुगतान प्रणालियों को स्थापित करने उनका प्रबंधन करने और उन्हें संचालित करने की अनुमति होगी.

## सुरक्षित चेक भुगतान हेतु 'Positive Pay'



चेक भुगतान में ग्राहक सुरक्षा बढ़ाने और चेक से छेड़छाड़ कर होने वाली धोखाधड़ी को कम करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 50,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के सभी चेक के लिए 'पॉजिटिव पे' प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है. इस प्रणाली से जारी किए जाने वाले कुल चेकों का लगभग 20% (मात्रा के लिहाज़ से) और 80% (राशि के लिहाज़ से) कवर होगा. इससे संबंधित परिचालन दिशानिर्देश अलग से जारी किए जाएंगे.

*पॉज़िटिव पे मैकेनिज़्म के तहत खाताधारक को चेक नंबर, चेक की तिथि, लाभार्थी का नाम, खाता नंबर, रकम आदि सभी विवरणों के साथ चेक के अगले और पिछले हिस्से की फोटो साझा करनी होगी. ग्राहक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भुगतानकर्त्ता बैंक भुगतान के लिए चेक को प्रोसेस करेगा. ICICI बैंक पहले से ही इस प्रणाली का उपयोग कर रहा है.*

## RBI ने श्रीलंका में मुद्रा विनिमय का किया विस्तार

भारतीय रिजर्व बैंक ने सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका को 40 करोड़ डॉलर की करेंसी स्वैप सुविधा दी है. यह मुद्रा स्वैप व्यवस्था नवंबर 2022 तक उपलब्ध रहेगी. इस समझौते का उद्देश्य दोनों पड़ोसियों के बीच आपसी हित के सभी मामलों में आर्थिक सहयोग बढ़ाना है. इस सुविधा से COVID-19 के बीच आर्थिक संकटों का सामना कर रहे श्रीलंका को अपने आर्थिक नुकसान में मदद मिलेगी.

*एक मुद्रा स्वैप एक लेनदेन है जिसमें दो पार्टियां विभिन्न मुद्राओं में मूलधन और ब्याज का आदान-प्रदान करती हैं. उदाहरण के लिए यदि श्रीलंका भारत से 100 रुपये उधार लेता है और भारतीय मुद्रा में 100 रुपये चुकाने का वादा करता है, लेकिन डॉलर या इसके विपरीत ब्याज, दोनों पार्टियों को विनिमय दर के जोखिम से बचाव से लाभ होता है.*

## एनपीए के निपटान हेतु विशेषज्ञ समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने COVID-19 से उपजी दाबित परिसम्पत्तियों (NPA) के निपटान की देखरेख के लिए अनुभवी बैंकर के वी कामथ की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है. यह समिति निपटान की योजनाओं में निहित होने वाले वित्तीय मापदंडों और क्षेत्र-विशिष्ट बेंचमार्क रेंज के बारे में सिफारिश करेगी। इसके अतिरिक्त यह समिति निर्धारित न्यूनतम राशि से ऊपर वाले खातों की निपटान योजना प्रक्रिया के सत्यापन का कार्य भी करेगी.

## बैंकों में चालू खाता खोलने पर रोक

ऋणगत संयम में सुधार करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बैंकों को कैश क्रेडिट या ओवरड्राफ्ट सुविधाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों के चालू खाते खोलने पर रोक लगाने को कहा है. केंद्रीय बैंक ने कहा कि नया चालू खाता खोलने के बजाय सभी लेनदेन कैश क्रेडिट (सीसी) या ओवरड्राफ्ट (ओडी) खाते के माध्यम से किया जाना चाहिए. केंद्रीय बैंक ने कहा है कि चालू खाता खोलने के मामले में बैंकों को अनुशासित होने की आवश्यकता है.

## "MSMESaksham" पोर्टल लॉन्च

स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया (SIDBI) ने ट्रांसयूनियन CIBIL के सहयोग से "MSMESaksham" नामक एकल खिड़की जानकारी पोर्टल लॉन्च किया है जो MSMEs को ऋण तक त्वरित पहुंच हासिल करने में मार्गदर्शन करेगा और ऋण से जुड़े उनके दायित्वों के प्रबंधन में भी उनकी मदद करेगा.

*1990 में भारत सरकार द्वारा MSMEs के लिए विकासात्मक वित्तीय संस्थान के रूप में स्थापित SIDBI का मुख्यालय लखनऊ में है.*

## HDFC ने लॉन्च किया 'शौर्य KGC कार्ड'




एचडीएफसी बैंक ने सशस्त्र बलों के लिए अपनी तरह का अनूठा उत्पाद शौर्य केजीसी (किसान गोल्ड कार्ड) कार्ड लॉन्च किया है. यह उत्पाद सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों पर आधारित है. सशस्त्र बलों के कर्मियों के काम की प्रकृति के मद्देनज़र इस कार्ड से जुड़ी काग़ज़ी कार्यवाही सरल और आसान है, जिसमें जवान को शारीरिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी.

*इस कार्ड से सशस्त्र बलों के कर्मी कृषिगत ज़रूरतों जैसे फसल उत्पादन, फसल काटने के बाद के रखरखाव और उपभोग की जरूरतों के लिए वित्तपोषण पा सकेंगे. वे इस कार्ड की मदद से खेती संयंत्र और सिंचाई उपकरण खरीदने के अलावा भंडारण परिसर का निर्माण भी कर सकते हैं. प्रत्येक कार्ड धारक को दस लाख रुपये का बीमा कवर भी मिलेगा.*

## हब स्थापित करेगा रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश के वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का दोहन कर इनोवेशन हब स्थापित करने की योजना बनाई है. यह हब देश भर में विनियामक अनुमतियों के परे अंतर -विषयी चिंतन को प्रोत्साहित करने, मदद देने और मार्गदर्शन करने का काम करेगी. यह हब नई क्षमताओं और विचारों के इन्क्यूबेशन सेंटर के तौर पर कार्य करेगी, जिनका दोहन कर बैंकिंग सेवाओं में कुशलता लाने, वित्तीय समावेशन को फैलाने, उपभोक्ता संरक्षण को मज़बूत करने और आपातकाल में कारोबारी निरंतरता प्राप्त करने के लिए अभिनव और व्यवहार्य वित्तीय उत्पादों या सेवाओं का सृजन किया जा सकेगा.

gyanm.college Follow

879 posts 3,052 followers 712 following

Gyanm

🔥 Helping students realize their dreams for more than 10 years

🏆 Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!

# Government Jobs Made Easy




Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

## भारत का पहला एंड्रॉइड-आधारित PoS डिवाइस




अग्रणी डिजिटल भुगतान सेवा प्रदाता पेटीएम ने एंड्रॉइड-आधारित, जेब के आकार का पोर्टेबल पॉइंट ऑफ़ सेल (पीओएस) डिवाइस लॉन्च किया है, जो एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर और क्यूआर स्कैनिंग से लैस है और वाई-फाई, ब्लू टूथ कनेक्टिविटी और 4 जी सिम कार्ड के साथ भी काम करता है. यह डिवाइस शक्तिशाली प्रोसेसर, लंबी बैटरी लाइफ, और क्यूआर कोड को स्कैन करने वाले इनबिल्ट कैमरा और तुरंत भुगतान प्रक्रिया से सुसज्जित है. यह सुविधाजनक डिवाइस 163 ग्राम वज़नी और 12 मिमी मोटा है, जिसमें 4.5 इंच की टच स्क्रीन है. 499 रुपये मासिक किराये पर उपलब्ध यह डिवाइस 'पेटीएम ऑल-इन-वन पोर्टेबल एंड्रॉइड स्मार्ट पीओएस' चलते फिरते कभी भी, कहीं भी ऑर्डर और भुगतान स्वीकार करने में सक्षम है.

## एक्सिस बैंक का आवाज़ से लैस BOT

ग्राहकों की बढ़ती ज़रूरतों को कारगर और त्वरित रूप से निपटने के लिए भारत के निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक ने ऑटोमेटेड वॉयस असिस्टेंट AXAA शुरू करने की घोषणा की है. कृत्रिम बुद्धि से लैस यह BOT पारस्परिक संवाद में सक्षम है. इससे अधिकांश मामलों में ग्राहकों को आईवीआर (इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पांस) के माध्यम से किसी भी मानवीय हस्तक्षेप के बिना हिंदी, अंग्रेजी या हिंग्लिश में अपने प्रश्नों के उत्तर पाने और अनुरोधों को सेवित कराने में मदद मिलेगी. किसी ग्राहक के प्रश्न या अनुरोध को सेवित करने में असमर्थ होने पर AXAA इसे सीधे किसी विशेषज्ञ सेवा अधिकारियों (मानव सहायक) को रेफर करेगी, जिससे पारंपरिक आईवीआर पर नेविगेशन करने में लगने वाला समय कम हो सकेगा.

*BOT मूल रूप से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर होता है, जिसे कृत्रिम बुद्धि के उपयोग से मानवों के साथ बातचीत करने के लिए विकसित किया जाता है. कई बीमा कंपनियां और बैंक ऐसे BOT पहले ही लॉन्च कर चुके हैं पर वे केवल इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर हैं.*

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का "शगुन - गिफ्ट एन इंश्योरेंस"

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने "शगुन - गिफ्ट एन इंश्योरेंस" नामक एक अनूठा व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी उत्पाद लांच किया है. इस पॉलिसी की अनूठी विशेषता यह है कि इसे खरीदार किसी को भी उपहार में दे सकता है. पॉलिसी का खरीदार इस उत्पाद को रिश्तेदारों, दोस्तों और यहां तक कि घरेलू सहायकों, शॉफरों, चौपर, ड्राइवरों, रसोइयों आदि को उपहार में दे सकता है.

## IRCTC और SBI कार्ड्ज़ का नया कार्ड लॉन्च

IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन) और SBI कार्ड्ज़ ने मिलकर RuPay प्लेटफॉर्म पर अपना नया सह-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है. यह नया रुपे क्रेडिट कार्ड नियर फील्ड कम्युनिकेशन (NFC) तकनीक से लैस है। इसकी मदद से उपयोगकर्ता PoS मशीनों पर कार्ड को टैप कर या इसके सामने इसे लहरा कर लेन-देन की प्रक्रिया में तेज़ी ला सकते हैं.

*NFC छोटी वेवलेंग्थ वाली रेडियो तरंगों या चुंबकीय क्षेत्र प्रेरण पर आधारित, थोड़ी दूरी पर क्रियाशील वायरलेस कनेक्टिविटी मानक है जो दो उपकरणों (जैसे स्वाइप मशीन और डेबिट / क्रेडिट कार्ड) के बीच (जब उन्हें एक दुसरे से छुआ जाता है, या कुछ सेंटीमीटर दूर रखा जाता है) संचार को संभव बनाता है.*

## ऋण पात्रता के आकलन में उपग्रह डेटा

ICICI बैंक किसानों की ऋण पात्रता के आकलन में सैटेलाइट डेटा (पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों से प्राप्त छवियों) का उपयोग करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है. इस डेटा के माध्यम से भूमि, सिंचाई और फसल पैटर्न से संबंधित कई कारकों का मापन कर उन्हें जनसांख्यिकीय और वित्तीय कारकों के साथ मिलाकर ऋण पात्रता के आकलन हेतु इस्तेमाल किया जा सकेगा.

*उपग्रह डेटा के इस उपयोग से दूरस्थ स्थानों से भूमि, फसल और सिंचाई के पैटर्न का त्वरित और तकनीकी रूप से सटीक विश्लेषण मिल सकेगा, जिसके लिए ग्राहक या बैंक अधिकारी को भौतिक रूप से उस स्थान पर जाने की ज़रूरत नहीं होगी. इससे किसानों को कोई परेशानी या अपने ऊपर यात्रा, परिचालन या अन्य खर्चों का बोझ डाले बिना ही बैंक को विश्वसनीय डेटा देने में मदद मिलेगी.*

# रक्षा-विज्ञान-टेक्नोलॉजी

### सितम्बर

## भारत का सफल हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण

भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ओडिशा के बालासोर के पास स्थित अब्दुल कलाम द्वीप से 7 सितंबर को हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (HSTDV) मिसाइल तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. यह लांच DRDO द्वारा स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों में अत्यधिक जटिल प्रौद्योगिकी के क्षमता प्रदर्शन के मामले में लंबी छलांग है जो उद्योग के साथ साझेदारी में अगली पीढ़ी के जनरल हाइपरसोनिक वाहनों के निर्माण का आधार बनेगा.

*HSTDV क्रूज़ मिसाइलों को संचालित करती है और स्क्रैमजेट इंजनों पर काम करती है, जो मैक 6 के आसपास की गति से उड़ सकते हैं. यह गति वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले रैमजेट इंजनों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत है. मैक I का अर्थ है - ध्वनि की गति है, जो लगभग 1225 किमी प्रति घंटा होती है; इस प्रकार मैक 6 का अर्थ हुआ लगभग 7350 किमी प्रति घंटा की गति. केवल तीन अन्य देशों संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के पास ही यह अत्याधुनिक उन्नत तकनीक है.*

## HEAT वाहन का सफल परीक्षण



रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने बालासोर (ओडिशा) के पास चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (HEAT) वाहन ABHYAS का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है. इसका उपयोग विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए लक्ष्य के रूप में किया जा सकता है. ABHYAS को DRDO के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है.

## हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में महिला अधिकारियों का चयन

भारतीय नौसैनिक विमानन के इतिहास में पहली बार दो महिला अधिकारियों सब लेफ्टिनेंट (SLT) कुमुदिनी त्यागी और सब लेफ्टिनेंट (SLT) रीति सिंह को हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में 'ऑब्ज़र्वर' (एयरबोर्न टेक्नीशियन) के पद के लिए चुना गया है, जिससे भविष्य में अग्रणी जंगी मोर्चों पर तैनात समुद्री जहाज़ों में महिलाओं की पदस्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा.

## AK-47/203 राइफल के लिए रूस के साथ सौदा

भारत और रूस ने 3 सितंबर, 2020 को भारत में AK-47 203 राइफल के निर्माण के लिए एक समझौते को अंतिम रूप दिया. वर्तमान में भारतीय सेना को लगभग 770,000 AK-47 203 राइफल की आवश्यकता है. इसमें से एक लाख राइफलें रूस से आयात की जाएंगी और बाकी भारत में निर्मित होंगी. 7.62 × 39 मिमी की एके -47/203 राइफल का निर्माण उत्तर प्रदेश के कोरवा आयुध कारखाने में किया जाएगा.

**द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (JIMEX):** भारतीय नौसेना और जापानी समुद्री आत्म-रक्षा बल (JMSDF) के बीच भारत-जापान द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (JIMEX) का चौथा संस्करण उत्तरी अरब सागर में सितंबर 26 से 29 तक आयोजित किया गया.

**PASSEX:** भारत और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने 23-24 सितंबर को हिंद महासागर में दो दिवसीय मेगा अभ्यास किया. इस अभ्यास में विमान-रोधी ड्रिल, जटिल नौसैनिक युद्धाभ्यास और हेलीकॉप्टर संचालन शामिल रहे.

**इंद्र नौसैनिक अभ्यास/ इंद्र नेवी:** भारतीय और रूसी नौसेनाओं ने 4-5 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में दो दिवसीय मेगा सैन्य अभ्यास किया. इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच की अंतर-संचालन क्षमता को मजबूत करना, परस्पर बेहतर समझ विकसित करना और एक दूसरे की सर्वोत्तम परिपाटियां ग्रहण करना है.

**कवकाज़ -2020:** कोरोना महामारी से जनित लॉजिस्टिक्स की दिक़्क़तों और इनके परिणामस्वरूप होने वाली कठिनाइयों के मद्देनज़र भारत ने इस वर्ष 15 से 26 सितंबर तक रूस में होने वाले कवकाज़-2020 (Kavkaz-2020) सैन्य अभ्यास में अपना रक्षा दल नहीं भेजने का फैसला किया है.

## दुर्गापुर में दुनिया का सबसे बड़ा सौर वृक्ष

CSIR-CMERI (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान) ने दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) में अपनी आवासीय कॉलोनी में दुनिया का सबसे बड़ा सौर वृक्ष विकसित किया है. इस सौर वृक्ष की स्थापित क्षमता 11.5 kWp से अधिक है. प्रत्येक सौर वृक्ष में 330 wp-330 wp वाले 35 सौर पीवी पैनल लगे हैं. इसकी वार्षिक क्षमता 12,000-14,000 यूनिट स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पन्न करने की है. जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन के दौरान वायुमंडल में छोड़ी जाने वाली ग्रीनहाउस गैसों की तुलना में प्रत्येक सौर वृक्ष से 10-12 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका सकता है.
CSIR-CMERI (Council of Scientific and Industrial Research's Central Mechanical Engineering Research Institute)

## सर्वाधिक दूरस्थ आकाशगंगा की खोज

भारतीय खगोलविदों ने ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए ब्रह्मांड में सबसे दूर स्थित सितारों की आकाशगंगा (galaxy) की खोज की है. यह खोज भारत की पहली मल्टी-वेवलेंथ स्पेस ऑब्जर्वेटरी "एस्ट्रोसैट" द्वारा की गई है, जिसने पृथ्वी से 9.3 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक आकाशगंगा से निकले वाली अल्ट्रा-यूवी किरणों का पता लगाया है. AUDFs01 नामक इस आकाशगंगा की खोज इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीए) पुणे के खगोलविदों की टीम ने की है.

एस्ट्रोसैट भारत का पहला समर्पित मल्टी-वेवलेंथ स्पेस टेलीस्कोप उपग्रह है. इसे 28 सितंबर, 2015 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट के ज़रिये प्रक्षेपित किया था. इस उपग्रह की सफलता के बाद इसरो की एस्ट्रोसैट -2 लॉन्च करने की योजना है.



## स्पेसएक्स ने लांच किये 60 स्टारलिंक उपग्रह



एलोन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट के ज़रिये 60 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया है. स्पेसएक्स अब तक 700 से अधिक इंटरनेट-बीमिंग उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचा चुकी है. स्टारलिंक स्पेसएक्स की ब्रॉडबैंड उपग्रह नेटवर्क लॉन्च कर इसे संचालित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना है, जो वैश्विक स्तर पर दूरदराज के स्थानों पर भी किफायती इंटरनेट सेवा प्रदान करेगी, विशेष रूप से उन जगहों पर, जहां टावर लगाना संभव नहीं है.

- *चीन ने समुद्र स्थित प्लेटफार्म से रॉकेट के ज़रिये किये गए पहले वाणिज्यिक प्रक्षेपण में नौ उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में भेजा. ये उपग्रह पीला सागर में एक समुद्री जहाज़ से लॉन्ग मार्च 11 रॉकेट द्वारा लांच किये गए.*

# अगस्त

## भारत को मिले पहले 5 राफेल लड़ाकू जेट

फ्रांस से उड़ान भर कर पाँच राफेल जेट विमानों की पहली खेप ने 29 जुलाई को अंबाला में वायु सेना अड्डे पर ऐतिहासिक लैंडिंग की. वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया और पश्चिमी वायु कमान के एयर-कमांडिंग-इन-चीफ मार्शल बी.सुरेश ने नए जेटों का स्वागत किया, जो 17 स्क्वाड्रन - द गोल्डन एरो का भाग बनेंगे। राफेल मल्टी-रोल लड़ाकू जेट को विश्व स्तर पर सबसे शक्तिशाली लड़ाकू जेटों में शुमार किया जाता है.

*पांच विमानों की यह खेप 2016 में भारत द्वारा फ्रांस से रु. 59,000 करोड़ में खरीदे गए 36 विमानों के समूह का हिस्सा है. फ्रेंच एविएशन फर्म डसॉल्ट द्वारा निर्मित फाइटर इन जेटों ने दक्षिणी फ्रांस के बोर्डो में मेरिग्नैक एयरबेस से उड़ान भरी थी. ये पाँच जेट दस विमानों की पहली किस्त का भाग हैं. शेष पाँच जेट अभी फ्रांस में ही एक प्रशिक्षण मिशन पर हैं, जिसके बाद वे भारत पहुंचेंगे. शेष 26 विमान अगले वर्ष के अंत तक तय समय के अंदर भारत को सौंप दिये जायेंगे.*



## वायुसेना का "MY IAF" ऐप लॉन्च

भारतीय वायु सेना ने डिजिटल इंडिया पहल के अंग के रूप में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) पुणे के सहयोग से मोबाइल ऐप "MY IAF" लॉन्च किया है. यह ऐप भारतीय वायु सेना में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए कैरियर से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बनाई गई है. इस ऐप में उम्मीदवारों को अधिकारी और एयरमैन, दोनों तरह के पदों की चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, वेतन, भत्ते, और उनसे जुड़ी अन्य जानकारी मिलेगी. अधिक जानकारी के लिए इस एप्प के ज़रिये भारतीय वायु सेना के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पहुंचा जा सकता है.

## स्वदेशीकरण पोर्टल 'सृजन' का शुभारंभ




रक्षा मंत्रालय ने वन स्टॉप शॉप ऑनलाइन पोर्टल 'सृजन' (SRIJAN) लॉन्च किया है. यह पोर्टल विक्रेताओं को उन वस्तुओं तक पहुंच प्रदान करता है, जिनका स्वदेशीकरण किया जा सकता है. इस पोर्टल पर विभिन्न रक्षा संगठन अपना वो सामान प्रदर्शित करेंगे, जिनका वे आयात कर रहे हैं या जिनका आयात करने जा रहे हैं और जिन्हें भारतीय उद्योग अपनी क्षमतानुसार या ओईएम के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से डिज़ाइन, विकसित और निर्मित कर सकते हैं. इस पोर्टल पर 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य वाली 3000 से अधिक अनन्य आइटमें उपलब्ध हैं.

## नौसैनिक नवाचार के लिए NIIO लॉन्च

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (NIIO) का शुभारंभ किया. रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए NIIO नवाचार और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग और विशेषज्ञों के साथ उत्पाद उपयोगकर्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने के लिए मंच भी प्रदान करेगा.

**NIIO** - Naval Innovation and Indigenisation Organisation

## इज़राइल ने किया "एरो -2" का परीक्षण

इज़राइल ने अपनी उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली "एरो -2" बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर का सफल परीक्षण किया. एरो -2 इंटरसेप्टर ने स्पैरो टार्गेट मिसाइल को बीच में रोका, जिससे एक सतह -से-सतह लंबी दूरी तक मार करने वाला मिसाईल उत्तेजित हुआ. एरो 2 को शॉर्ट और मिड-रेंज रॉकेट की रक्षा के लिए और लंबी दूरी की मिसाइलों से रक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसे पहली बार मार्च 2000 में पेश किया गया था.

## Kavkaz 2020 में भारत ने लिया हिस्सा



भारत को रूसी सशस्त्र बलों के प्रमुख युद्ध तत्परता अभ्यास में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है. Kavkaz 2020 या काकेशस-2020 नाम का यह अभ्यास 15 सितंबर से 26 सितंबर, 2020 तक आयोजित किया जाना है.

**ICGS सार्थक:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित अपतटीय गश्ती पोत (ओपीवी) को औपचारिक रूप से गोवा शिपयार्ड में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया.

## रक्षा उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध

घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख सुधार पहल के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश में रक्षा वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाने के लिए 101 उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की जिसमें कुछ उच्च-प्रौद्योगिकी हथियार जैसे तोप, असॉल्ट राइफल, परिवहन विमान शामिल हैं. एम्बार्गो के साथ घरेलू उद्योग को अगले पांच वर्षों के भीतर 4 लाख करोड़ रुपये के अनुबंध प्राप्त होंगे. इस योजना को अगले पांच वर्षों के भीतर 4 लाख करोड़ रुपये के रूप में इसे अगले पांच वर्षों में 2020 और 2024 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा. इसका उद्देश्य भारतीय रक्षा उद्योग को सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं के बारे में बताना है ताकि वे स्वदेशीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हो जाएं.

## चंद्रयान-2 ने ली चांद के गड्ढों की तस्वीरें

अंतरिक्ष यान चंद्रयान-2 के टेरेन मैपिंग कैमरा-2 ने हाल ही में चंद्रमा की सतह और उसके क्रेटर्स (गड्ढों) की तस्वीरें लीं हैं. इसरो ने इस क्रेटर का नाम भौतिकीविद् विक्रम साराभाई की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके नाम पर रखा है और 12 अगस्त को इसकी छवि जारी की. डॉ. विक्रम अंबालाल साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला का संस्थापक और प्रतिष्ठित ब्रह्मांड-किरण और अंतरिक्ष वैज्ञानिक माना जाता है.



## अंतरिक्ष ईंट निर्माण के लिए स्थायी प्रक्रिया विकसित

अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के (IISc) के शोधकर्ताओं की एक टीम ने चंद्र सतह पर अंतरिक्ष ईंट बनाने के लिए एक स्थायी प्रक्रिया विकसित की है. इस प्रक्रिया से चाँद की मिट्टी, बैक्टीरिया और ग्वार फलियों का उपयोग करके भार वहन सक्षम ईंटें बनाई जा सकती हैं. अंतरिक्ष ईंटों के रूप में नामित, इन का उपयोग भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निवास के लिए आवश्यक निर्माण करने के लिए किया जा सकता है.

## इसरो का निजी क्षेत्र को निमंत्रण

इसरो निजी क्षेत्र को श्रीहरिकोटा लॉन्च सेंटर (SHAR) (आंध्र प्रदेश) में अपना स्वयं का लॉन्चपैड स्थापित कर अपना रॉकेट या अंतरिक्ष यान लॉन्च करने देने के लिए पूरी तरह तैयार है. ऐसे लॉन्च के लिए इसरो उनसे कोई भी शुल्क नहीं लेगी. इस कदम से निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के उदारीकरण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी. निजी इकाइयां उपग्रह डेटा के उपयोग और वाणिज्यिक सेवायें शुरू कर अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों के विकास में भी मदद करेंगी.

## भारत में पहला निजी रॉकेट लॉन्च



हैदराबाद की अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी स्टार्टअप स्काईरुट एयरोस्पेस अंतरिक्ष रॉकेट 'विक्रम' के ऊपरी चरण के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण करने वाली पहली भारतीय निजी कंपनी बन गई है. 'रमन' नामक यह 3-डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन, जिसका नाम नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन के नाम पर रखा गया है, जो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षाओं में पहुंचा सकता है. यह इंजन कई बार स्टार्ट किया जा सकता है, जिसकी मदद से एक ही मिशन में कई उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में स्थापित किया जा सकता है. सरकार ने इस साल जून में अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी प्रतिभागियों की भागीदारी की मंज़ूरी दी थी.

## Vconsol बनी सर्वोत्तम वीडियो कॉन्फ्रेंस एप्प

केरल के जॉय सेबेस्टियन द्वारा स्थापित टेकजेंशिया सॉफ्टवेयर नामक स्टार्टअप ने विश्व स्तरीय स्वदेशी वीडियो कॉन्फ्रेंस समाधान विकसित करने की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीत ली है. उन्हें सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से एक करोड़ रुपये का पुरस्कार मिलेगा. 'Vconsol' नामक यह उत्पाद अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उद्देश्यों के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा उपयोग किया जाएगा. तीन अन्य स्टार्टअप को भी 25-25 लाख रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया है.

*इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 12 अप्रैल, 2020 को डिजिटल इंडिया पहल के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समाधान विकसित करने से जुड़ी यह अभिनव प्रतियोगिता शुरु की थी.*

## गूगल ने भारत में लॉन्च किया "पीपल कार्ड्स"




दिग्गज तकनीकी कंपनी गूगल ने भारत में अपना नया "पीपल कार्ड्स" फीचर लॉन्च किया है, जो उपयोगकर्ताओं को अपने वर्चुअल विज़िटिंग कार्ड बनाने और सर्च प्लेटफॉर्म के लिए अपना सार्वजनिक प्रोफ़ाइल बनाने की सुविधा देता है. अपना विज़िटिंग कार्ड बनाने के लिए उपयोगकर्ताओं को सिर्फ अपना गूगल अकाउंट और मोबाइल नंबर प्रदान करना होगा. फिलहाल यह पीपल कार्ड्स सुविधा केवल भारत में ही मोबाइल फोन के माध्यम से उपलब्ध है. वर्तमान में यह सुविधा केवल अंग्रेज़ी भाषा में ही उपलब्ध है.

## DIAT ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन, 2020

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अंतर्गत कार्यरत स्वायत्त संगठन डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी (DIAT) पुणे ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2020 में प्रथम पुरस्कार जीता है. SIH का ग्रैंड फिनाले 1- 3 अगस्त, 2020 के बीच नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया था. डिजिटल उत्पाद निर्माण पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का यह 36 घंटे का नॉन-स्टॉप सॉफ्टवेयर संस्करण था, जिसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था.

## गूगल ने लॉन्च किया जॉब सर्च ऐप

गूगल ने भारत में रोज़गार की तलाश करने वालों के लिए कॉर्मो जॉब्स (Kormo Jobs) नामक जॉब सर्च ऐप लॉन्च किया है. इस ऐप का उद्देश्य उन हज़ारों युवा पेशेवरों को प्रवेश स्तर पर नौकरियां प्रदान करना है, जो कोरोनावायरस प्रकोप के दौरान अपनी नौकरी खोने के बाद नई नौकरियों की तलाश में हैं. इस एप्लिकेशन की मदद से आप अपना मूल प्रोफ़ाइल बनाकर अपना सुंदर डिजिटल सीवी प्राप्त कर इसे इस ऐप पर शेयर, साझा, या प्रिंट कर सकते हैं और इस एप्प पर सूचीबद्ध नौकरियों के लिए आवेदन करने में भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अलावा यदि उपयोगकर्ता कोई अपनी पृष्ठभूमि, अनुभव और रुचियां टाइप कर अपने काम की नौकरियां ढूंढ सकता है. यह ऐप एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त उपलब्ध है. गूगल ने यह रोज़गार एप्लिकेशन पहली बार 2018 में बांग्लादेश में लॉन्च की थी, जिसके बाद 2019 में इसे इंडोनेशिया में लांच किया गया.

## सीरम संस्थान करेगा कोविद -19 वैक्सीन लांच

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया (पुणे) और अमेरिकी कंपनी नोवाक्स ने COVID-19 वैक्सीन विकसित कर उसे भारत और अन्य निम्न और मध्यम आय वाले देशों में लांच करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस समझौते से भारत और अन्य निम्न और मध्यम आय वाले देशों को NVX-CoV2373 की न्यूनतम 1 अरब (100 करोड़) खुराक मिलने की उम्मीद है. सीरम इंस्टीट्यूट निजी क्षेत्र की लिमिटेड कंपनी है, जो दुनिया की सबसे बड़ी टीका निर्माता है.

*हाल ही में सीरम इंस्टीट्यूट को भारत में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन (COVISHIELD) के चरण II + III के नैदानिक परीक्षणों के लिए भी ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) से मंज़ूरी मिली है.*

## नासा ने किया मार्स रोवर सफलतापूर्वक लॉन्च

नासा ने अपना Perseverance नामक मार्स रोवर मंगल ग्रह पर मिशन के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया, जो सात महीने की यात्रा कर मंगल पर पहुंचेगा.

मंगल ग्रह पर भेजे गए सबसे बड़े और उन्नत मार्स रोवर्स में से एक यह रोवर कार के आकार का छह पहियों वाला वाहन है, जो एक टन से अधिक वज़नी है और कैमरे, माइक्रोफोन, ड्रिल और लेज़र से लैस है. Perseverance मंगल ग्रह पर जेज़ेरो क्रेटर के अंदर एक नदी के डेल्टा में उतरेगा. यह वहां से चट्टान और मिट्टी के नमूने भी एकत्र कर इस दशक के अंत में वापस भेजेगा.

*संयुक्त राज्य अमेरिका मंगल ग्रह पर अपना अंतरिक्ष यान सुरक्षित भेजने में सफल होने वाला एकमात्र देश है. यह यान अब तक अंतरिक्ष अन्वेषण की अनबूझ पहेली रहे इस ग्रह पर अपनी नौवीं सफल लैंडिंग करने का प्रयास करेगा. यहां भेजे गए आधे से अधिक मिशन रास्ते में ही भस्म हो जाते हैं, दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं या फिर किन्हीं अन्य कारणों से विफल हो जाते हैं.*

# अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

## सितम्बर

## G -20 विदेश मंत्रियों की बैठक




3 सितंबर को सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल-सऊद ने वर्चुअल मोड में G -20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की, जिसमें COVID-19 संकट के मद्देनजर सीमा पार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मज़बूत करने पर विचार-विमर्श किया गया. सऊदी अरब वर्ष 2020 के लिए G -20 समूह का वर्तमान अध्यक्ष है. इस बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया.

## स्मार्ट सिटी इंडेक्स में सिंगापुर शीर्ष पर



इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) ने सिंगापुर यूनिवर्सिटी फॉर टेक्नोलॉजी एंड डिज़ाइन (SUTD) की भागीदारी में 2020 स्मार्ट सिटी इंडेक्स जारी किया है. इस सूचकांक में सिंगापुर सबसे ऊपर है, जिसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हेलसिंकी और ज्यूरिख आते हैं. इस सूचकांक में प्रयुक्त स्मार्ट सिटी की परिभाषा है 'ऐसा नगरीय स्थान, जहां शहरीकरण के लाभों को संवर्धित करने और इसकी कमियों को कम करने के लक्ष्य से टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है'. यह सर्वेक्षण दुनिया भर के 109 शहरों में प्रत्येक में यादृच्छिक ढंग से (रेन्डम्ली) चयनित 120 निवासियों की अनुभूतियों के आकलन पर आधारित है.

## मेक्सिको ने जारी किये SDG संप्रभु बांड

संप्रभु सततशील लक्ष्य (SDG) बॉन्ड जारी करने वाला मेक्सिको ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. इन बांड का जारी किया जाना SDG की प्राप्ति के प्रति इस देश की प्रतिबद्धता का सूचक है. मेक्सिको ने फ्रांस के निवेश बैंक नैटिक्स के सहयोग से 89 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के 7 साल की परिपक्वता अवधि वाले बांड "SDG सॉवरेन बॉन्ड फ्रेमवर्क" के तहत जारी किए. इस धनराशि को निजी फंडों से हस्तांतरित आकर SDG-उन्मुख कार्यक्रमों के वित्तपोषण हेतु इस्तेमाल किया जाएगा.

*UNO ने 2015 में मानव विकास के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, लिंग समानता, जलवायु परिवर्तन आदि से जुड़े 17 SDG को अंतिम रूप दिया था, जिन्हें सदस्य देशों द्वारा 2030 तक प्राप्त किया जाना है.*

## UAE के बाद इज़रायल-बहरीन आए साथ



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन द्वारा मध्य पूर्व में यहूदी राज्य को पूर्णतया एकीकृत करने हेतु दिए जा रहे राजनयिक प्रोत्साहन की अगली कड़ी में संयुक्त अरब अमीरात के बाद अब बहरीन इज़रायल के साथ संबंधों को सामान्य करने पर सहमत होने वाला नवीनतम अरब राष्ट्र बन गया है. इससे जुड़ा समझौता इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा के बीच हुआ.

## यूनिसेफ करेगा COVID-19 वैक्सीन की थोक खरीदारी

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने COVID-19 वैक्सीन की वैश्विक खरीद और आपूर्ति में अग्रणी भूमिका निभाने का ऐलान किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसके उपलब्ध होने पर सभी देशों को सुरक्षित, न्यायोचित और द्रुत गति से इसकी प्रारंभिक खुराक मिल सके. यह संभवतः दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा और सबसे तेज़ ऑपरेशन होगा. यूनिसेफ पोलियो और खसरा जैसी बीमारियों के वैक्सीन का दुनिया में सबसे बड़ा एकल खरीदार है, जो 100 देशों के पक्ष में प्रत्येक वर्ष इन वैक्सीनों की लगभग 2 अरब से अधिक खुराकें खरीदता है.

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय विश्व में सर्वश्रेष्ठ



टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (इंग्लैंड) को समग्र तौर पर शीर्ष स्थान मिला है. THE (टाइम्स हायर एजुकेशन) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 की सभी शीर्ष 10 संस्थाएँ अमेरिका और ब्रिटेन से हैं. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc बेंगलुरु) को समग्र वैश्विक रैंकिंग में 301-350 स्थान वाली श्रेणी में रखा गया है. 93 देशों के कुल 1527 संस्थानों का मूल्यांकन पाँच मानकों (शिक्षण (30%), अनुसंधान (30%), साइटेशन (30%), उद्योग से आय (2.5%) और अंतर्राष्ट्रीय आउटलुक (7.5%) पर किया गया था.

## जापानी प्रधानमंत्री द्वारा इस्तीफे की घोषणा

जापान के सर्वाधिक दीर्घकालिक प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने ख़राब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी है. इस के साथ ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में नेतृत्व को लेकर होड़ शुरू हो गयी है. 65 वर्षीय आबे वर्षों से अल्सरेटिव कोलाइटिस (आँतों में सूजन) से जूझ रहे हैं और एक सप्ताह के भीतर दो बार अस्पताल जा चुके हैं. वहीं उनका कार्यकाल अगले साल सितंबर में पूरा होने वाला है. इसी कारण प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के अंत तक उनके पदासीन बने रहने पर सवाल उठाए जा रहे थे.

*रूढ़िवादी माने जाने वाले आबे उन विरले राजनीतिज्ञों में से थे, जिन्होनें प्रधानमंत्री के तौर पर अपना दूसरा कार्यकाल दिसंबर 2012 में संभाल कर अत्यधिक उदार मौद्रिक नीति, राजकोषीय व्यय और सुधारों के मिश्रण "आबेनॉमिक्स" से देश के विकास में पुन: जान फूंकने का प्रण लिया था.*

## ऑस्ट्रेलिया में भी छाई मंदी



हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान कोविड महामारी के कारण ऑस्ट्रेलियाई अर्थव्यवस्था में 1929 की महामंदी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. इन आंकड़ों के मुताबिक देश पिछले 28 सालों में पहली बार मंदी का सामना कर रहा है. जून तिमाही में अर्थव्यवस्था का आकार सात प्रतिशत कम हो गया. यह दर 1959 में इन आंकड़ों की शुरुआत के बाद से न्यूनतम दर है. मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट आयी थी.

*इस साल ऑस्ट्रेलिया को दो भीषण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. पहले सितंबर 2019 से मार्च 2020 तक 12 लाख हेक्टेयर जंगलों में लगी भीषण आग से पर्यटन को भारी नुकसान पहुंचा और हजारों छोटे व्यवसायों को पर्यटक सीज़न के राजस्व से वंचित होना पड़ा. इसके बाद वैश्विक कोरोनोवायरस महामारी के चलते पर्यटकों की आमद रुक गई.*

*लगातार दो तिमाही तक अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि की दर नकारात्मक रहने की स्थिति को मंदी कहा जाता है.*

# अगस्त

## अफ्रीका हुआ पोलियो-मुक्त

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर से पोलियो का नामो निशाँ मिटाने के लिए दशकों से चले आ रहे अभियान में एक और मील पत्थर पार आकर अफ्रीका को पोलियो-मुक्त घोषित कर दिया है. इसका मतलब यह है कि पिछले चार वर्षों में पूरे अफ्रीका से पोलियो का कोई सक्रिय मामला सामने नहीं आया है. 2016 में पोलियो का अंतिम मामला नाइजीरिया में, जोकि 54-देशों से बने अफ्रीकी महाद्वीप में पोलियो के फैलाव वाला अंतिम देश था, दर्ज किया गया था।



किन्तु इस नई घोषणा का मतलब यह नहीं है कि अफ्रीका वास्तव में पोलियो-मुक्त हो चुका है क्योंकि अभी भी वैक्सीन-जनित पोलियो वायरस के मामले सक्रिय हैं, जिनमें ओरल पोलियो वैक्सीन में मौजूद कमज़ोर लेकिन जीवित वायरस का एक दुर्लभ, परिवर्तित रूप पाया जाता है। अब केवल दो देश - पाकिस्तान और अफगानिस्तान- बचे हैं, जिनमें 2020 में अब तक कुल मिलाकर पोलियो के 102 मामले सामने आए हैं।

डब्ल्यूएचओ के निदेशक: डॉ. टेड्रोस अदनोम, स्थापना: 7 अप्रैल, 1948, मुख्यालय: जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड)

## तुर्की ने खोजे प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार

तुर्की ने काला सागर में 320 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार की खोज की है. तुर्की के ड्रिलिंग जहाज़ फतह ने यह खोज टूना -1 क्षेत्र में की जबकि अन्य क्षेत्रों में खोज अभी जारी है. यह खोज तुर्की को रूस, ईरान और अजरबैजान से आयातित की जाने वाली गैस पर अपनी वर्तमान निर्भरता कम करने में मदद करेगी और इसे अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को अपने दम पर पूरा करने में मदद देगी.

## परमाणु ऊर्जा वाला पहला अरब देश



बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र की पहली इकाई के 31 जुलाई को चालू होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) परमाणु ऊर्जा संयंत्र शुरू करने वाला पहला अरब देश बन गया है. इस नए संयंत्र की स्थापना संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ऊर्जा के लिए तेल और गैस (जो इसकी अधिकांश ऊर्जा का मौजूदा स्रोत है) पर अपनी निर्भरता को कम करने का प्रयास है. अबू धाबी के अल धफरा क्षेत्र में स्थित इस संयंत्र का उद्देश्य 5.6 गीगावाट बिजली का उत्पादन कर संयुक्त अरब अमीरात की लगभग 25% बिजली आपूर्ति को पूरा करना है.

## इज़राइल-यूएई शांति समझौता

राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप के परिणामवश इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात ने 13 अगस्त को ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए. दोनों देश ने "संबंधों को पूर्णतय सामान्य बनाने" और इस शांति समझौते के अंग के तौर पर पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमति दी. इज़रायल ने वेस्ट बैंक में अपने कब्ज़े वाले क्षेत्र से कब्ज़ा हटाने पर भी सहमति जताई. इस समझौते के तहत दोनों देशों द्वारा पहली बार नियमित यात्री उड़ानों, दूतावासों के खुलने और वाणिज्यिक राजदूतों की अनुमति देने से निवेश, पर्यटन, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में अधिकाधिक सहयोग होगा. ध्यान देने योग्य है कि दोनों देश एक दूसरे से 2630 किमी दूर स्थित हैं. इज़रायल अरब प्रायद्वीप के उत्तरी पश्चिमी छोर पर और संयुक्त अरब अमीरात इसके पूर्वी छोर में स्थित है.

## सऊदी अरब ने पाकिस्तान को लताड़ा



सऊदी अरब ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए तेल की आपूर्ति और ऋण देने से मना कर दिया है जिससे दोनों देशों के बीच दशकों से चली आ रही दोस्ती का रिश्ता ख़त्म हो गया है. सऊदी अरब ने पाकिस्तान को को 1 अरब डॉलर का भुगतान करने को कहा है, जो नवंबर 2018 में सऊदी अरब द्वारा इसे दिए गए 6.2 अरब डॉलर के ऋण का भाग है. *पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत - विरोधी रुख नहीं अपनाने पर सऊदी अरब के नेतृत्व वाले संगठन 'इस्लामिक सहयोग संगठन' (OIC) को सख्त चेतावनी दी थी. यह कदम इस घटना के प्रतिकर्म के तौर पर उठाया गया है.*

## रूस ने की पहले कोरोना वैक्सीन की घोषणा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कोरोनोवायरस के खिलाफ दुनिया के पहले टीके SPUTNIK-V के सफल परीक्षण की घोषणा की. इस अवसर पर पुतिन ने बताया कि कोरोना के टीके की पहली खुराक उनकी बेटी को दी गई है. दुनिया भर में कोरोनोवायरस के बढ़ते मामलों के कारण वैज्ञानिक और चिकित्सा विशेषज्ञ तेज़ गति से मानव उपयोग के लिए कारगार वैक्सीन विकसित करने के प्रयास कर रहे हैं. वर्तमान में 160 से अधिक संभावित वैक्सीन, जो विकास के विभिन्न चरणों से गुज़र रहे हैं और इनमें से 27 वैक्सीन मानव परीक्षणों के स्तर तक पहुंच चुके हैं.

# चर्चित चेहरे

## सितम्बर



**आयुष्मान खुराना:** लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेता टाइम पत्रिका द्वारा दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता बन गए हैं. उनके अलावा भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सूची में पहले से ही शामिल हैं.

### फॉर्च्यून 40 अंडर 40

रिलायंस जियो बोर्ड के निदेशक ईशा अंबानी और आकाश अंबानी, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्त कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला और बायजू रवींद्रन (भारत की प्रमुख शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के सह-संस्थापक) 40 वर्ष से कम आयु के प्रभावशाली लोगों की वार्षिक फॉर्च्यून सूची में दुनिया भर के "उभरते अगुआओं" में शामिल किये गए हैं. वर्ष 2020 की फॉर्च्यून 40 अंडर 40 सूची में दुनिया भर के वित्त, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाओं, सरकार और राजनीति, मीडिया और मनोरंजन से जुड़ी पांच श्रेणियों (कुल 200) में हर एक में 40 प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया है.

**ख़ुशी चिंदालिया:** सूरत (गुजरात) की 17 वर्षीय लड़की को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम - टुंजा इको-जेनरेशन द्वारा भारत का क्षेत्रीय राजदूत नियुक्त किया गया है. यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जूनून और वातावरण की रक्षा करने के विषय में जागरूकता फैलाने के उनके संकल्प के कारण दिया गया है.

## अगस्त

**अक्षय कुमार:** बॉलीवुड सुपरस्टार फोर्ब्स 2020 की दुनिया के 10 सर्वाधिक कमाऊ अभिनेताओं की सूची में शामिल एकमात्र भारतीय हैं. 4.85 करोड़ डॉलर (363 करोड़ रूपए) की अनुमानित कमाई के साथ वे इस सूची में छठे नंबर पर हैं. इस सूची में 87.5 करोड़ डॉलर की कमाई के साथ हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन लगातार दूसरे वर्ष सबसे ऊपर हैं.



**नीलकांत भानु प्रकाश:** हैदराबाद के 20 वर्षीय लड़के ने विश्व में तीव्रतम "मानवीय कैलकुलेटर" होने का खिताब जीता. उन्होंने लंदन में माइंड स्पोर्ट्स ओलंपियाड में आयोजित विश्व मानसिक गणना चैम्पियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता. वर्तमान में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज में गणित (ऑनर्स) कर रहे हैं. उनके नाम दुनिया में सबसे तेज़ मानव कैलकुलेटर होने के 4 विश्व रिकॉर्ड और 50 लिम्का रिकॉर्ड हैं.

**अर्चना सोरेंग:** भारत की जलवायु कार्यकर्ता को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने नए सलाहकार समूह में शामिल किया है. इस समूह में वो युवा नेता शामिल हैं जो बिगड़ते जलवायु संकट से निपटने के लिए उचित समाधान एवं दृष्टिकोण उपलब्ध कराएंगे. यह समूह वैश्विक स्तर पर कार्रवाई के हिस्से के रूप में कार्य करेगा. ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि संयुक्त राष्ट्र कोविड-19 से उबरने के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में जलवायु कार्रवाई में गति लाने की दिशा में काम कर रहा है. *18 से 28 वर्ष की आयु के युवा कार्यकर्ता संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख को नियमित रूप से बिगड़ती जलवायु संकट से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई और महत्वाकांक्षा को बढ़ाने में सहयोग देंगे. अर्चना ओडिशा में स्थित वसुंधरा नामक एक एनजीओ (जो सतत आजीविका और आर्थिक लोकतंत्रीकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रशासन और जनजातीय अधिकारों पर काम कर रही है) में एक शोध अधिकारी हैं.*

**कला नारायणसामी:** सिंगापुर में COVID-19 महामारी के दौरान भारतीय मूल की फ्रंटलाइन वॉरियर के तौर पर काम करने वाली भारतीय मूल की नर्स को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया है. वे उन पांच नर्सों में शामिल हैं, जिनको यह पुरस्कार दिया गया है. वे सिंगापुर के वुडलैंड्स हेल्थ कैंपस में नर्सिंग की उप निदेशक हैं. सिंगापुर में नर्सों के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार उन नर्सों को मान्यता देता है जिन्होंने रोगी की देखभाल, शिक्षा, अनुसंधान और प्रशासन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है.

**जेफ बेजोस:** 26 अगस्त को 200 अरब अमेरिकी डॉलर के नेट वर्थ (निवल मूल्य) का आंकड़ा छूने वाले अमेज़न के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए. इसका मुख्य कारण COVID-19 महामारी के बावजूद इस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के शेयरों के दामों में बदस्तूर बढ़ोत्तरी होना है. फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार 27 अगस्त, 2020 तक दुनिया के सर्वाधिक बड़े धन्नासेठ बेजोस का नेट वर्थ 204.6 अरब अमेरिकी डॉलर था. बेजोस का नेट वर्थ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बिल गेट्स की तुलना में 90 अरब डॉलर अधिक है, जिनका नेट वर्थ वर्तमान में 116.1 अरब अमेरिकी डॉलर है.

**इब्राहिम बाउबकर कीता:** तख़्तापलट में विद्रोही सैनिकों द्वारा बंदूक की नोक पर उन्हें हिरासत में किये जाने के बाद माली (पश्चिमी अफ्रीका में स्थित भू-सीमित देश) के राष्ट्रपति ने अपने इस्तीफे की घोषणा करने के साथ साथ 19 अगस्त को संसद भी भंग कर दी. सैनिकों के इस विद्रोह का कारण पैसे से जुड़ी उनकी शिकायतें बताया जा रहा है.

**कमला हैरिस:** संयुक्त राज्य अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बिडेन ने उन्हें 2020 के अमेरिकी चुनावों में उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर चुना है. वे संयुक्त राज्य में किसी प्रमुख पार्टी की ओर से उप-राष्ट्रपति पद के लिए दावेदार बनने वाली पहली एशियाई-अमेरिकी महिला हैं. फिलहाल वे कैलिफोर्निया से सीनेटर हैं.

**हसन डायब:** बेरूत में हुए विनाशकारी विस्फोट के खिलाफ बढ़ते सार्वजनिक आक्रोश के बीच लेबनानी प्रधानमंत्री ने 10 अगस्त को अपनी सरकार के इस्तीफे की घोषणा की. इस विस्फोट में बड़े पैमाने पर विनाश हुआ था, जिससे 160 से अधिक लोगों की जान चली गई और 6,000 घायल हो गए थे.

# नयी नियुक्तियां

## सितम्बर

**हरिवंश नारायण सिंह:** जनता दल (यूनाइटेड) JDU सांसद को पुनः राज्यसभा उपाध्यक्ष चुना गया है.

**परेश रावल:** पूर्व लोकसभा सांसद और प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता राष्ट्रपति द्वारा चार साल की अवधि के लिए नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा (NSD) के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं. 65 वर्षीय अभिनेता परेश गुजराती रंगमंच के भी दिग्गज कलाकार रहे हैं. रंगमंच शिक्षण का प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा (NSD) संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्यरत स्वायत्त निकाय है.

**एस कृष्णन:** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर इनकी नियुक्ति को मंज़ूरी दे दी है.

**विनोद कुमार यादव:** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं.

**दिनेश कुमार खरा:** बैंक बोर्ड ब्यूरो ने भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक को बैंक का अगला अध्यक्ष नियुक्त करने की सिफारिश की है. खरा भारतीय स्टेट बैंक के वर्तमान अध्यक्ष रजनीश कुमार का स्थान लेंगे, जिनका तीन वर्षीय कार्यकाल 7 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है.

**आयुष्मान खुराना:** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) ने बॉलीवुड अभिनेता को बाल अधिकारों के लिए चलाए जा रहे अभियान "For Every Child" के लिए अपना 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' चुना है. वे बच्चों के खिलाफ हिंसा को खत्म करने और भारत में इस पहल के लिए काम करेंगे.



**योशिहिदे सुगा:** सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के 71 वर्षीय वरिष्ठ नेता को 16 सितंबर को शक्तिशाली प्रतिनिधि सभा ने जापान का नया प्रधानमंत्री चुन लिया है. इससे पहले वे जापानी सरकार के मुख्य कैबिनेट सचिव थे. उन्होंने लंबे समय से कार्यरत प्रधानमंत्री शिंजो आबे की जगह ली, जिन्होंने अप्रत्याशित रूप से निजी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अगस्त, 2020 में इस्तीफा दे दिया था.

**मुस्तफा अदीब:** 2013 से जर्मनी में लेबनानी राजदूत रहे अदीब को लेबनान का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है. उनके द्वारा 128 सदस्यीय संसद में 90 वोट हासिल करने के बाद राष्ट्रपति माइकल एउन ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की.

**मोहम्मद हुसैन रोबले:** पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए हैं.

**एलेक्जेंडर लुकाशेंको:** बेलारूस के राष्ट्रपति ने रिकॉर्ड छठे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की.

## अगस्त

**सत्य पाल मलिक:** गोवा के राज्यपाल को स्थानांतरित कर मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.

**गिरीश चंद्र मुर्मू:** जम्मू और कश्मीर के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर को देश का नया नियंत्रक और महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है. वे राजीव महर्षि की जगह लेंगे.

**मनोज सिन्हा:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आप को जम्मू-कश्मीर का अगला उपराज्यपाल नियुक्त किया है. वे गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे जिन्होंने 5 अगस्त को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. सिन्हा ने लोकसभा में तीन बार पूर्वी उत्तर प्रदेश में ग़ाज़ीपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है. उन्होंने संचार मंत्री और रेलवे राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया है.

**हार्दिक सतीशचंद्र शाह:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव (PS) नियुक्त किये गए हैं. 2010 बैच के IAS अधिकारी वर्तमान में प्रधान मंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं.

**राकेश अस्थाना:** गुजरात कैडर के 1984 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी को सीमा सुरक्षा बल (BSF) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है. वे एस एस देशवाल की जगह लेंगे.

*BSF का गठन 1 दिसंबर, 1965 को ख़ास तौर पर पाकिस्तान, जिसमें तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान, वर्तमान बांग्लादेश भी शामिल था, से सटी भारतीय सीमाओं की रक्षा करने के उद्देश्य से किया गया था. BSF तस्करी, घुसपैठ और सैन्य हमले के खिलाफ रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य कर भारत की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती है. यह गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करती है और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है.*

**जी सतीश रेड्डी:** प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक का रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल दो साल बढ़ा दिया गया है. उन्हें अगस्त, 2018 में इस पद पर दो साल के लिए नियुक्त किया गया था. DRDO रक्षा मंत्रालय के तहत काम करता है. नई दिल्ली में मुख्यालय वाले इस संस्थान की स्थापना 1958 में की गई थी.

**राजीव कुमार:** पूर्व वित्त सचिव को नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है. वे अशोक लवासा की जगह लेंगे, जिन्होंने इससे पहले इस्तीफा दे कर एशियाई विकास बैंक में पद संभाला था. भारतीय चुनाव आयोग के मुखिया मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) होते हैं, और इसमें दो चुनाव आयुक्त हैं. वर्तमान में सुनील अरोड़ा CEC हैं और सुशील चंद्र चुनाव आयुक्त हैं. CEC- Chief Election Commissioner

**डॉ. प्रदीप कुमार जोशी:** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं. वे मई, 2015 में यूपीएससी के सदस्य  बने थे. वे अरविंद सक्सेना की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल 7 अगस्त को पूरा हो गया था.

**अजय त्यागी:**  शेयर बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष का कार्यकाल 18 महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है. उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2020 को समाप्त हो रहा था लेकिन इस विस्तार के बाद यह कार्यकाल फरवरी 2022 तक जारी रहेगा. उनके कार्यकाल में वृद्धि को मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने मंज़ूरी दी.

**सोमा मोंडल:** सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) की अगली अध्यक्ष चुनी गयी हैं. नई दिल्ली में स्थित SAIL भारत की सबसे बड़ी नवरत्न कंपनियों में शुमार है, जिसके संयंत्र पूरे भारत में फैले हैं. इसे 24 जनवरी 1974 को भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, बर्नपुर और बोकारो में पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों और सलेम, दुर्गापुर और भद्रावती में 3 विशेष इस्पात संयंत्रों की सरकारी स्वामित्व वाली होल्डिंग कंपनी के तौर पर पंजीकृत किया गया था.

**संजीव सिंह:** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) के पूर्व अध्यक्ष ने रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के तेल कारोबार में समूह अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है.

**अश्विनी भाटिया:** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के प्रबंध निदेशक नियुक्त किये गए हैं. भारतीय स्टेट बैंक का मुख्यालय मुंबई में स्थित है.

**शशिधर जगदीशन:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक HDFC बैंक के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में इनके चयन को मंज़ूरी दे दी है. वे आदित्य पुरी का स्थान लेंगे जो 1994 में बैंक की स्थापना के  समय से ही इसकी कमान संभाल रहे थे. HDFC बैंक का मुख्यालय मुंबई में है.

**कीथ रॉवले:** पुनः त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री चुने गए हैं. त्रिनिदाद उत्तरी अटलांटिक महासागर में पूर्वोत्तर वेनेजुएला के पास स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है.

**फ्रांसिस्को पास्कल इयेगुए ओबामा एशुए:** लगातार तीसरी बार इक्वेटोरियल गिनी गणराज्य के प्रधान मंत्री नियुक्त किये गए हैं.

**वाल्टर रोजर मार्टोस रुइज़:** पेरू (दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी भाग में स्थित देश है, जो पश्चिम में दक्षिण प्रशांत महासागर में खुलता है) के नए प्रधान मंत्री नियुक्त किये गए हैं.

**अलेक्जेंडर लुकाशेंको:** लगातार छठी बार बेलारूस के राष्ट्रपति चुने गए हैं. उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में 80.23 प्रतिशत वोट हासिल किए.

**मोहम्मद औलद बिलाल:** पश्चिमी अफ्रीका देश मॉरिटानिया (जो पश्चिम में उत्तरी अटलांटिक महासागर में खुलता है) के नए प्रधान मंत्री नियुक्त किये गए हैं.

**महिंद्रा राजपक्षे:** 5 अगस्त को हुए आम चुनावों में अपनी पार्टी श्रीलंका पोडुजना पेरमुना की शानदार जीत के बाद श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति देश के प्रधानमंत्री चुने गए हैं. उनके छोटे भाई गोतबया राजपक्षे श्री लंका के राष्ट्रपति हैं.

**मोहम्मद इरफ़ान अली:** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के उत्तरी छोर पर छोटे से देश गुयाना के राष्ट्रपति चुने गये हैं.

**हमीद बकायोको:** आइवरी कोस्ट के रक्षा मंत्री को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है. यह दक्षिण पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक छोटा सा देश है, जिसका दक्षिणी भाग अटलांटिक महासागर में खुलता है.

**हिचेम मचिची:** ट्यूनीशिया के गृह मंत्री को देश का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया है. ट्यूनीशिया उत्तरी अफ्रीका में स्थित एक छोटा सा देश है, जिसका उत्तरी भाग मेडिटेरेनियन सागर में खुलता है.

**नरेंद्र मोदी:** भारतीय प्रधानमंत्री 19 जुलाई को ट्विटर पर 6 करोड़ फॉलोअर्स को पार कर एक लोकप्रिय और शीर्ष नेता होने के साथ साथ दुनिया भर में तीसरे सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले राजनेता बन गए हैं. राजनेताओं में केवल ट्रम्प और ओबामा ही उनसे आगे हैं.

**प्रियंका चोपड़ा जोनास:** बॉलीवुड अभिनेत्री को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (TIFF) 2020 का राजदूत (एंबेसडर) चुना गया है.

# पुरस्कार एवं सम्मान

## सितम्बर

**इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2019:** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रसिद्ध लेखक और प्रकृतिवादी डेविड एटनबरो को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया. BBC के सुप्रसिद्ध ब्रॉडकास्टर को यह पुरस्कार कुदरत के करिश्मों को दुनिया के सामने लाने और पृथ्वी पर जैव विविधता की रक्षा के लिए मानव जाति को जगाने हेतु किताबों और फिल्मों के माध्यम से दिए गए योगदान के लिए दिया गया है. पुरस्कार में 25 लाख रूपये की नकद राशि और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है.

### केरल को मिला संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार

केरल ने गैर-संक्रामक रोगों से संबंधित सततशील विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के मामले में उत्कृष्ट योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार जीता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्येयूसस ने गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर टास्क फोर्स 2020 पुरस्कार की घोषणा की.

**आदित्य पुरी:** एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक को भारत में उन हालात में जब देश में इसके तुल्य अन्य संस्थान नहीं थे, एक विश्व स्तरीय बैंक का सृजन करने में उनके कौशल के लिए यूरोमोनी अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस 2020 द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है. लंदन (ब्रिटेन) की यूरोमनी वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख वैश्विक पत्रिका है. ये पुरस्कार 1992 में स्थापित किए गए थे.

**अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2020:** डच लेखक मैरीके लुकास रिजनेवेल्ड ने अपने प्रथम उपन्यास "द डिस्कंफर्ट ऑफ इवनिंग 'के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता. 29 साल की उम्र में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली रिजनेवल्ड अब तक की सबसे कम उम्र की लेखिका हैं. किताब में एक आस्थावान ईसाई किसान परिवार की लड़की जस की काल्पनिक गाथा है, जो अपने खरगोश की मौत होने के बजाए अपने भाई की मौत की दुआ मांगती है, जिसके बाद उसका भाई वाक़ई दुर्घटना में मारा जाता है. यह पुस्तक पहली बार 2018 में डच भाषा में प्रकाशित हुई थी और अंततः मिशेल हचिसन ने इसका अंग्रेज़ी में अनुवाद किया. 50,000 यूरो (66,000 डॉलर) का यह पुरस्कार लेखिका और अनुवादक, दोनों द्वारा किए गए साहित्यिक कार्य के सम्मान में उन्हें संयुक्त तौर पर दिया जाएगा.




## अगस्त

### लघु फिल्म 'Am I?' ने जीता पुरस्कार

देशभक्ति की भावना पैदा करने के उदेश्य से स्वतंत्रता दिवस समारोह 2020 के अंग के तौर पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति पर ऑनलाइन लघु फिल्म प्रतियोगिता में अभिजीत पॉल की फिल्म 'Am I?' ने एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता है.

**स्कॉच (SKoch) गोल्ड अवॉर्ड:** जनजातीय *मामलों* के मंत्रालय ने अपनी आईटी-सक्षम छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से आदिवासियों के सशक्तिकरण की परियोजना के लिए यह पुरस्कार जीता. यह परियोजना डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने और पारदर्शिता लाने के साथ-साथ सेवाओं के वितरण को और सुविधाजनक बनाने के प्रति भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है.
ये पुरस्कार दिल्ली स्थित प्रबंधन परामर्शी कंपनी स्कॉच कॉर्पोरेट समूह द्वारा दिए जाते हैं.

### भारतीय सौर-चालित नौका को पुरस्कार

भारत की पहली सौर-चालित नौका "आदित्य" ने सशुल्क यात्री सेवा के लिए बनाई गई नावों की श्रेणी में उत्कृष्टता के लिए सर्वोत्तम इलेक्ट्रिक बोट और बोटिंग का प्रतिष्ठित गुस्ताव ट्रावे अवॉर्ड जीता है. यह नाव केरल राज्य जल परिवहन विभाग (KSWTD) से संबंधित है, जो जनवरी 2017 से अलप्पुझा ज़िले में वैक्कोम-थ्वानक्वाक्वाडु मार्ग पर चलाई जा रही है.

# चर्चित पुस्तकें

## सितम्बर

One by One: रूथ वेयर
Transcendent Kingdom: या ग्यासी
Anxious People: फ्रेड्रिक बैकमैन
Kitchens of Gratitude: शेफ विकास खन्ना
Voices of Dissent : रोमिला थापर, विख्यात इतिहासकार
Azadi: Freedom-Fascism-Fiction: अरुंधति रॉय
My Life In Design: गौरी खान (शाहरुख खान की धर्मपत्नी द्वारा रचित कॉफी टेबल बुक)
Sansad mein Himalaya: रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री
The Big Thoughts of Little Luv: करण जौहर
Gunning for the Godman: अजय पाल लांबा और संजीव माथुर
The Commonwealth of Cricket: रामचंद्र गुहा
Let us Dream: पोप फ्रांसिस
The Little Book of Green Nudges : संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम; इस पुस्तक का उद्देश्य नौजवान पीढ़ी को पर्यावरण-अनुकूल आदतें और हरित जीवन शैली अपनाने को प्रोत्साहित करना है.


USE GYANM10 COUPON CODE FOR 10% DISCOUNT ON ONLINE COURSES
Gyanम्
HPSSSB
Junior Office Assistant (IT) Excise and Taxation
JOB UPDATE
1661 Vacancies
Scan QR Code To See Video on YouTube
HP Subordinate Service Selection Board Hamirpur
Eligibility: 10+2 | Age 18-45
Last Date to Apply 25-10-2020
CALL TODAY @ 99146-33222
New Courses Launched
#getpbgovtjob
COMPLETE COURSE
PUNJAB WAQF BOARD
INCLUDING URDU LANGUAGE
RECORDED COURSE
With 24*7 Faculty Support
BUY NOW | 99146-33222
Quantitative Aptitude
MASTER QUANTS COURSE
BY JATIN SIR
FOR ALL COMPETITIVE EXAMS
Buy Now 9646-888-377
DOWNLOAD THE GYANM APP TODAY !
GET IT ON Google Play
Download on App Store
ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

## अगस्त

Who painted my lust red? श्री अय्यर

Full Spectrum: India's Wars, 1972-2020 एयर वाइस मार्शल (सेवानिवृत्त) अर्जुन सुब्रमण्यम

One Arranged Murder - चेतन भगत

Our Only Home: A Climate Appeal to the World आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा और फ्रांज ऑल (जर्मन पर्यावरणीय पत्रकार)

Connecting, Communicating, Changing (उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के कार्यकाल के तीसरे वर्ष का वृत्तांत प्रस्तुत करती हुई पुस्तक) प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय

Amazing Ayodhya - नीना राय

Quest for Restoring Financial Stability in India वी. आचार्य (भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर)

The India Way: Strategies for an Uncertain World: डॉ. एस जयशंकर (केंद्रीय विदेश मंत्री)

Vishesh: Code To Win: निरुपमा यादव. (यह भारत की राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम (पुरुष) के सबसे युवा कप्तान विशेष भृगुवंशी की सफलता की गाथा है.)

# श्रद्धांजलि

## सितम्बर



**प्रणब मुखर्जी:** भारत के पूर्व राष्ट्रपति का कोरोना संक्रमण के बाद 31 अगस्त को निधन हो गया. 84 वर्षीय वयोवृद्ध कांग्रेसी राजनेता की मस्तिष्क से खून का थक्का हटाने को लेकर हुई सफल सर्जरी से पहले ही उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉज़िटिव आई थी. उन्होंने 2012 से लेकर 2017 तक देश के 13वें राष्ट्रपति का पदभार संभाला. उनका राजनीतिक करियर लगभग पांच दशक का रहा. उन्होंने 2004-2006 के दौरान रक्षा मंत्री, 2006 से 2009 तक विदेश मंत्री और 2009 से 2012 तक वित्त मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों में कार्य किया. 2019 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया था.

**एसपी बालासुब्रह्मण्यम:** कोविड -19 से लगभग दो महीने लम्बा संघर्ष करने के बाद प्रतिष्ठित बहुमुखी गायक, जिन्हें प्यार से बालू या SPB भी कहा जाता था, 25 सितंबर को यह जंग हार गए. 40,000 से अधिक गीत गाने वाले बालासुब्रह्मण्यम का गीत संकलन रिकॉर्डों से भरा पड़ा है. उनका विचार था की कि हर गायक अभिनेता भी होता है और इसी के प्रभाव में उन्होंने 45 फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं भी निभाई. छह राष्ट्रीय पुरस्कारों के अलावा उन्हें पद्म भूषण जैसे सम्मान भी मिले.

**डॉ. शेखर बसु:** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष की कोलकाता में कोविड -19 से मृत्यु हो गई. वे 68 वर्ष के थे. उन्होंने पहली परमाणु ऊर्जा -चालित पनडुब्बी INN अरिहंत के अत्यधिक जटिल रिएक्टर के निर्माण का नेतृत्व किया था. तारापुर और कलपक्कम में परमाणु रीसायकलिंग संयंत्रों के डिज़ाइन, निर्माण और संचालन के पीछे भी डॉ बसु का दिमाग था.

**डॉ. कपिला वात्स्यायन:** भारतीय शास्त्रीय नृत्य, कला, वास्तु शिल्प और कला इतिहास की प्रख्यात विदुषी का 16 सितंबर को 91 वर्ष की आयु में उनके दिल्ली स्थित घर पर निधन हो गया. उन्हें 1955 में ललित कला अकादमी फेलोशिप और 1970 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप से सम्मानित किया गया था. वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की संस्थापक निदेशक और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की पूर्व अध्यक्ष थीं. उन्हें 2000 में राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार और कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2011 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था. उन्होंने भारत में कला और संस्कृति के इतिहास को समर्पित 20 से अधिक पुस्तकें लिखी थीं.

**रघुवंश प्रसाद सिंह:** राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के वयोवृद्ध नेता और पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री (2004-09) का नई दिल्ली में निधन हो गया. वे 74 वर्ष के थे. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री रहते हुए मनरेगा योजना की परिकल्पना करने के कारण उन्हें अक्सर मनरेगा योजना का जनक कहा जाता था. उन्होंने रिकॉर्ड पाँच बार बिहार के वैशाली संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने पांच बार बिहार के बेलसंड विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और वे बिहार विधानसभा में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे.

**स्वामी अग्निवेश:** वयोवृद्ध आर्य समाजी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता का 80 साल की उम्र में नई दिल्ली में निधन हो गया. उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था. उन्होंने 1981 में बंधुआ मजदूर मुक्ति मोर्चा की स्थापना की और बंधुआ मज़दूरों की रिहाई के लिए काम किया. स्वामी अग्निवेश आर्य समाज में शामिल होने के लिए 1968 में हरियाणा आये थे. उन्होंने 25 मार्च, 1970 को उन्होंने संन्यास लिया था और तब से वे भगवा वस्त्र धारण किया करते थे. उन्होंने सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा (आर्य समाज विश्व परिषद) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया.

**डॉ. गोविंद स्वरूप:** भारतीय रेडियो खगोल विज्ञान के जनक का पुणे में निधन हो गया. वे 91 वर्ष के थे. उन्हें खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में उनके अपार योगदान और रेडियो खगोल विज्ञान में अनुसंधान की सर्वाधिक उन्नत और शक्तिशाली अवलोकन सुविधाएं विकसित करने के लिए याद किया जाएगा. पुणे के पास विशालकाय जॉइंट मीटर वेव रेडियो टेलीस्कोप उनके सक्षम मार्गदर्शन में ही स्थापित की गई थी. उन्हें पद्मश्री, डॉ. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, एच. के. फिरोदिया पुरस्कार और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था.

**स्वामी केशवानंद भारती:** केरल के कासरगोड स्थित इदनीर मठ के 79 वर्षीय स्वामी का बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया. उन्हें लगभग चार दशक पहले उच्चतम न्यायालय में केरल भूमि सुधार अधिनियम को चुनौती देने वाले अदालती मामले के लिए हमेशा याद किया जाएगा. यह मामला संविधान की सर्वोच्चता के विषय में सर्वाधिक उल्लिखित मामलों में से एक है, जिसमें अदालत ने फैसला दिया था कि सर्वोच्च न्यायालय संविधान की मूल संरचना का संरक्षक है और संविधान में संशोधन तो किया जा सकता है लेकिन इसके मूल ढांचे में नहीं.

**डॉ. एस. पद्मावती:** भारत की पहली महिला और 'गॉडमदर ऑफ़ कार्डियोलॉजी' के नाम से प्रख्यात सर्वाधिक उम्रदराज़ कार्डियोलॉजिस्ट का 103 साल की उम्र में नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली में COVID - 19 संक्रमण के कारण निधन हो गया. इन्हें पद्म भूषण (1967) और पद्म विभूषण (1992) से भी सम्मानित किया गया था.

**न्यायमूर्ति रूथ बेडर जिंसबर्ग:** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ, तेज़ तर्रार न्यायधीश और महिला अधिकारों की कट्टर समर्थक रहीं जुझारू शख़्सियत की वाशिंगटन में उनके घर पर मृत्यु हो गई. अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की दूसरी महिला न्यायमूर्ति रहीं जिंसबर्ग 87 वर्ष की थीं. जिंसबर्ग देश की सर्वोच्च अदालत में 27 वर्षों तक सेवारत रहीं, जिसके दौरान वे इसकी सबसे मुखर सदस्य के रूप में उभरीं.

## अगस्त

**पंडित जसराज:** दिग्गज भारतीय शास्त्रीय गायक का 90 वर्ष की उम्र में न्यू जर्सी (अमेरिका) में अपने घर पर निधन हो गया. पंडित जी शास्त्रीय संगीत के मेवाती घराने से ताल्लुक रखते थे और कोरोनोवायरस के कारण हुए लॉकडाउन से पहले अमेरिका में ही थे. लॉकडाउन के बाद उन्होंने वहीं रहने का फैसला किया. उन्हें 1975 में पद्म श्री, 1990 में पद्म भूषण और 2000 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था.



**राहत इंदौरी:** 70 वर्षीय प्रसिद्ध उर्दू कवि, गीतकार और शायर (जिन्होंने पांच दशकों तक कवि सम्मेलनों और मुशायरों में अपने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किये रखा था) का 11 अगस्त को उनके गृह नगर इंदौर (मध्य प्रदेश) में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में गीतकार के रूप में भी प्रसिद्धि अर्जित की. उनके प्रसिद्ध हिंदी गीतों में - कोई जाये तो ले आये, नींद चुरायी मेरी, देखो देखो जानम हम, चोरी चोरी जब नज़रें मिली शामिल हैं जो अभी भी उनके प्रशंसकों की ज़ुबान पर हैं. उन्हें उनकी अमर पंक्तियों जैसे - सभी का ख़ून है शामिल यहाँ की मिट्टी में, किसी के बाप का हिन्दोस्तान थोड़ी है, मैं जब मर जाऊं तो मेरी अलग पहचान लिख देना, लहू से मेरी पेशानी पर हिंदुस्तान लिख देना और शाख़ों से टूट जाएँ वो पत्ते नहीं हैं हम,आँधी से कोई कह दे कि औक़ात में रहे के लिए हमेशा याद किया जाएगा.

**इब्राहिम अलकाज़ी:** आधुनिक भारतीय रंगमंच के जनक कहे जाने वाले दिग्गज रंगमंचकर्मी और महान शिक्षक की 94 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से नई दिल्ली में 4 अगस्त को मृत्यु हो गई. वे नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा के सबसे लंबे समय तक (1962-77) सेवारत रहने वाले निदेशक थे. उनकी चर्चित कृतियों में "गिरीश कर्नाड के "तुग़लक़" और धरमवीर भारती के "अंधा युग" जैसे नाटक शामिल हैं, जिनका मंचन उन्होंने दिल्ली के पुराना किला की शानदार पृष्ठभूमि में किया था. उन्होंने नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और ओम पुरी सहित अभिनेताओं की कई पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया था. उन्हें पद्म श्री (1966), पद्म भूषण (1991) और भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण (2010) से सम्मानित किया गया था.

**चेतन चौहान:** 73 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश के मंत्री का निधन हो गया. उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था. वे 1991 और 1998 में दो बार अमरोहा (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा के लिए चुने गए थे. उन्हें 1981 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

**अमर सिंह:** समाजवादी पार्टी के 64 वर्षीय राज्यसभा सांसद (चार बार) रहे नेता (जिनका मुलायम सिंह यादव और अमिताभ बच्चन के बेहद क़रीबी दोस्त होने के नाते सत्ता के गलियारों में अत्यधिक दबदबा था) का किडनी से जुड़ी समस्या के चलते इलाज के दौरान सिंगापुर में देहांत हो गया.

**कुमकुम:** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री का 86 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया. उनका असली नाम ज़ैबुन्निसा था. उन्होंने मदर इंडिया, कोहिनूर, एक सपेरा एक लुटेरा, नया दौर, उजाला, राजा और रंक, ललकार, आंखें, गीत, जैसी 110 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया था. उन्हें कभी आर, कभी प्यार (1954), मधुबन में राधिका नाचे रे (1960) और मेरे महबूब क़यामत होगी (1964) जैसे गानों में उनके यादगार नृत्य के लिए याद किया जाएगा.

**ओलिविआ दे हैवीलैंड:** ब्रिटिश- अमेरिकी अभिनेत्री, जिन्होनें Gone With The Wind (1939) नामक फिल्म में यादगार भूमिका निभाई थी, का पेरिस में 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया. दो ऑस्कर पुरस्कारों की विजेता रहीं हैवीलैंड का फिल्म करियर 1935 से 1988 तक का रहा. उन्होंने 49 फिल्मों में काम किया और वे अपने ज़माने की अग्रणी अभिनेत्रियों में शामिल थीं.

# चर्चित स्थान

## सितम्बर

**तूफान सैली:** 16 सितंबर को आए इस उष्णकटिबंधीय तूफ़ान के कारण अमेरिका के खाड़ी तट पर स्थित कैरोलिनास और जॉर्जिया में भारी बारिश हुई, जिसके फलस्वरूप बाढ़ आ गई. इस तूफ़ान के प्रभाव से फ्लोरिडा और अलबामा को भी भारी बारिश और तूफ़ान का सामना करना पड़ा, बिजली के कई खंभे गिर गए, सड़के नदियां बन गईं और घर जलमग्न हो गए.

**टाइफून हैशन:** दक्षिणी जापान के द्वीपों में दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लेने के बाद दक्षिण कोरिया पहुंचे इस शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, घरों की बिजली गुल हो गई, सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली गुल हो गई.

**तूफान लॉरा:** संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफानों में शामिल इस तूफ़ान ने दक्षिण पूर्वी राज्य लुसियाना में भयंकर तबाही मचाई. इस उष्णकटिबंधीय तूफान ने मैक्सिको की खाड़ी से विकसित होकर पूरे राज्य में व्यापक विनाश लीला रची, जिसके कारण लुसियाना में कम से कम छह लोग मारे गए.

*हरीकेन, टायफून और चक्रवात एक ही मौसमी घटनाक्रम के अलग अलग नाम हैं यानी 120 किमी प्रति घंटे से अधिक वायु वेग वाले उष्णकटिबंधीय तूफान, जो समुद्र के ऊपर बनते हैं. इनका नाम उस क्षेत्र पर निर्भर है, जहां ये पैदा होते हैं.*

*उत्तरी अटलांटिक (संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको के पूर्वी तट), मध्य और पूर्वी उत्तरी प्रशांत (संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के पश्चिमी तट) में शब्द हरीकेन का उपयोग किया जाता है. उत्तर पश्चिमी प्रशांत (कोरिया, जापान और चीन) में इसी तूफान को टाइफून कहा जाता है. इसी तरह से दक्षिण प्रशांत और हिंद महासागर में आने वाले इन तूफानों को उष्णकटिबंधीय चक्रवात कहा जाता है.*

## अगस्त

**राजमाला:** केरल के इडुक्की जिले में राजामला के पास स्थित पेटीमुडी टी एस्टेट में 6 अगस्त की रात हुए भारी भूस्खलन में 55 से अधिक लोगों की जान चली गई. मृत लोगों में से ज्यादातर तमिलनाडु से आने वाले मज़दूर थे जो पहाड़ी ढलान पर बने अस्थायी झोपड़ों में रह रहे थे.

**विजयनगर:** म्यांमार की सीमा में अरुणाचल प्रदेश में देश के सबसे दूरस्थ और पूर्वी भाग को 2 G मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है. भारत संचार निगम लिमिटेड ने वहां एक नेटवर्क टॉवर स्थापित किया है जो अब कार्यशील हो गया है. विजयनगर किसी भी पक्की सड़क से जुड़ा नहीं है

**बेरुत:** 4 अगस्त को लेबनान की राजधानी में हुए एक भयानक विस्फोट में कम से कम 135 लोग मारे गए और 5,000 घायल हो गए. इस विस्फोट के परिणामवश 300,000 से अधिक लोग बेघर हो गए. यह विस्फोट इतना भयानक था कि अधिकारियों ने बेरूत को "आपदा-ग्रसित शहर" घोषित कर दो सप्ताह का आपातकाल लगा दिया. हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस विस्फोट के पीछे वास्तव में क्या कारण था. संदेह जताया गया है कि यह धमाका बंदरगाह क्षेत्र के गोदामों में असुरक्षित तरीके से रखे गए 2750 टन अमोनियम नाइट्रेट की वजह से हुआ.

**कैलिफ़ोर्निया:** संयुक्त राज्य अमेरिका का राज्य भीषण आग से महज़ एक सप्ताह में ही 10 लाख एकड़ के क्षेत्र में फैले जंगलों के जल जाने और सैकड़ों घरों के नष्ट हो जाने के कारण खबरों में रहा. सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र के दो हिस्सों में लगी इस भीषण आग ने प्रभावित आकार के लिहाज़ से राज्य के हालिया इतिहास में दूसरे और तीसरे सबसे बड़ी वनाग्नि के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए. 15 अगस्त को आकाशीय बिजली की वजह से राज्य के जंगलों में लगी आग से अब तक 585 वन्य जीवों ने जान गंवाई है और 4046 वर्ग किलोमीटर इलाका जलकर ख़ाक हो चुका है.

**माउंट सिनाबंग:** इंडोनेशिया के प्रमुख ज्वालामुखी के 10 अगस्त को एक बार फिर से फटने के कारण आकाश में राख की ऊंची लपटें और 5,000 मीटर की ऊंचाई (16,400 फीट) तक धुआं उठा, जिससे इस इलाके में गहरा अँधेरा छा गया. क्रेटर से निकली राख से आसमान में 5000 मीटर की ऊंचाई तक और 18 किलोमीटर दूर तक राख की मोटी परत बिछ गयी. इस प्रकरण में सुखद समाचार यह रहा कि किसी भी तरह की जान की हानि नहीं हुई.

# खेल जगत

## सितम्बर

**पी इनियन:** तमिलनाडु के इरोड ज़िले से संबंधित 17 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर ने प्रतिष्ठित 48वां वार्षिक विश्व ओपन ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट जीता. उन्होंने अधिकतम 9 अंकों में से 7.5 अंक हासिल किये और छह बार जीतकर और तीन ड्रॉ के साथ शीर्ष पर रहे. इस टूर्नामेंट में 16 देशों के 31 ग्रैंडमास्टर्स सहित कुल 122 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.

**सुमित नागल:** 23 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी यूएस ओपन के पहले दौर में अमेरिका के ब्रैडली क्लैन को हराकर पिछले सात वर्षों में किसी ग्रैंड स्लैम में एकल मुख्य ड्रा मैच जीतने वाले पहले भारतीय बने.

**भारत और रूस** को फाइनल मैच के दौरान इंटरनेट का कनेक्शन टूटने के फलस्वरूप पहली ऑनलाइन FIDE शतरंज ओलंपियाड का संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। भारत ने पहली बार FIDE शतरंज ओलंपियाड जीता है.

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की राशि में बढ़ोतरी

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा मामलों और खेल मंत्री किरण रिजिजू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के सात में से चार वर्गों की इनामी राशि में भारी वृद्धि की आधिकारिक घोषणा कर देश के हज़ारों खिलाड़ियों को खुश कर दिया. इस वर्ष के विजेताओं को बढ़ी हुई इनामी राशि मिलेगी. पुरस्कार राशि की अंतिम बार समीक्षा 2008 में की गई थी. संशोधित पुरस्कार राशि निम्नानुसार है:

**राशि (लाख में)**

| क्र. | पुरस्कार | पुरानी राशि | नई राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार | 7.5 | 25 |
| 2 | अर्जुन पुरस्कार | 5 | 15 |
| 3 | द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत) | 5 | 15 |
| 4 | द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित) | 5 | 10 |
| 5 | ध्यानचंद पुरस्कार | 5 | 10 |

## अंतर्राष्ट्रीय



**टूर डे फ्रांस:** स्लोवेनिया के तडेज पोगाकर ने 20 सितंबर को दुनिया की सर्वाधिक प्रतिष्ठित और कठिनतम साइकिल रेस जीत कर 5,00,000 यूरो का पुरस्कार हासिल किया. 1904 के बाद से वे यह टूर जीतने वाले सबसे कम उम्र के विजेता हैं. 23 दिन तक चलने वाली इस रेस में फ्रांस और इसके आसपास के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में लगभग 3500 किलोमीटर की दूरी तय की जानी होती है.

**पियरे गैस्ली:** टीम स्क्यूडेरिया अल्फ़ाटौरी के फ्रांसीसी ड्राइवर ने इटली के ऑटोड्रोमो नाज़ियोनेल मोंज़ा में आयोजित इतालवी ग्रां प्री 2020 जीत ली. यह उनकी पहली फॉर्मूला वन जीत है.

**लुईस हैमिल्टन** (ब्रिटेन) ने मुगेलो (इटली) हुआ टस्कन ग्रांड प्रिक्स जीतकर अपनी 90वीं फॉर्मूला वन जीत का जश्न मनाया. उन्होंने बेल्जियम के स्टावेलोट में आयोजित बेल्जियम ग्रां प्री भी जीती.

**ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम** ने न्यूयॉर्क में हुए यूएस ओपन टेनिस ग्रैंड स्लैम में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पुरुषों का एकल खिताब जीता. वहीं महिला एकल खिताब जापान के नाओमी ओसाका ने बेलारूस के विक्टोरिया अजारेंका को हराकर जीता.

### इतालवी ओपन टेनिस टूर्नामेंट

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच (सर्बिया) ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता.

**महिला एकल खिताब सिमोन हालेप (रोमानिया)** ने अपने प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना प्लिसकोवा (चेक गणराज्य) के चोटिल होने के कारण उनके द्वारा मैच बीच में ही छोड़ देने के कारण अपने नाम किया.

**पोल वाल्टर आर्मंड डुप्लांटिस:** 20 वर्षीय स्वीडिश खिलाड़ी ने पोल वॉल्ट जंपिंग में सर्गेई बुबका का 26 साल पुराना आउटडोर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया. रोम के गोल्डन गाला पिएत्रो मेनेया में हुए मुकाबले में डुप्लांटिस ने अपने दूसरे प्रयास में 6 मीटर, 15 सेंटीमीटर (20 फीट, 2 इंच) की छलांग लगाई, जो जुलाई 1994 में सेट्रीयर में स्थापित किये गए बुबका के 6.14 मीटर (20 फीट, 1 1/2 इंच) के रिकॉर्ड से अधिक है.

**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** पुर्तगाल के 35 वर्षीय स्ट्राइकर राष्ट्रीय टीम के लिए गोलों का शतक बनाने वाले दूसरे फुटबॉलर बने. उन्होंने नेशन्ज़ लेग में स्वीडन के खिलाफ खेलते हुए यह रिकॉर्ड बनाया. 100 अंतरराष्ट्रीय गोल दाग़ने वाले एकमात्र अन्य फुटबॉलर ईरान के पूर्व स्ट्राइकर अली डेई हैं, जिन्होंने 109 गोल दाग़े हैं.

**ड्वेन ब्रावो:** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर T 20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने. यह उपलब्धि उन्होंने 26 अगस्त को पोर्ट ऑफ स्पेन में कैरिबियन प्रीमियर लीग के एक मैच के दौरान रहकेम कॉर्नवाल का विकेट लेकर हासिल की.

**माइक ब्रायन और बॉब ब्रायन:** टेनिस इतिहास की सबसे सफल पुरुष युगल जोड़ी रहे 42 वर्षीय अमेरिकी जुड़वां भाइयों ने खेल से सेवानिवृत्ति लेने की घोषणा कर दी है.

# अगस्त

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा




सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मुकुंदकम् शर्मा की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों 2020 की घोषणा की है. सभी पुरस्कार विजेता हॉकी के महान ओलंपिक खिलाड़ी ध्यान चंद के जन्मदिन के अवसर पर यानी 29 अगस्त (राष्ट्रीय खेल दिवस) को राष्ट्रपति भवन में वर्चुअल मोड में विशेष रूप से आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से पुरस्कार प्राप्त करेंगे.

### राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार

यह पुरस्कार चार वर्षों से अधिक की अवधि में खेल क्षेत्र में शानदार और सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को दिया जाने वाला पुरस्कार है. इस साल इस पुरस्कार के लिए पांच खिलाड़ियों को चुना गया है:
क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा-एथलीट मरियप्पन थंगावेलु, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा, पहलवान सुश्री दिनेश फोगट और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल.

### अर्जुन पुरस्कार

पिछले चार साल में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दृष्टिगत दिया जाता है. इस वर्ष 27 खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है.

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं के कोचों को दिया जाता है. गुरु द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों के कोच थे. जीवनपर्यन्त श्रेणी में आठ कोचों और नियमित श्रेणी में पांच कोचों को यह पुरस्कार मिलेगा.

**जीवनपर्यंत श्रेणी:** धर्मेंद्र तिवारी (तीरंदाज़ी), पुरुषोत्तम राय (एथलेटिक्स), शिव सिंह (मुक्केबाज़ी) , रोमेश पठानिया (हॉकी)

**कृष्ण कुमार हुड्डा (कबड्डी)**
विजय भालचंद्र मुनीश्वर (पैरा पावरलिफ्टिंग)
नरेश कुमार (टेनिस)
ओम प्रकाश दहिया (कुश्ती)

**नियमित श्रेणी:**
जूड फेलिक्स सेबेस्टियन (हॉकी)
योगेश मालवीय (मल्लखंब)
जसपाल राणा (निशानेबाज़ी)
कुलदीप कुमार हांडू (वुशु)
गौरव खन्ना (पैरा बैडमिंटन)

### ध्यान चंद पुरस्कार

खेलकूद के विकास और संवर्धन में आजीवन योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है. इस पुरस्कार का नाम हॉकी के जादूगर मशहूर खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद के नाम पर रखा गया है. यह पुरस्कार इस वर्ष 15 व्यक्तियों को दिया गया है.

कुलदीप सिंह भुल्लर: एथलेटिक्स, जिंसी फिलिप्स: एथलेटिक्स, प्रदीप श्रीकृष्ण गंधे: बैडमिंटन, तृप्ती मुर्गुंडे: बैडमिंटन, एन. उषा: बॉक्सिंग, लखा सिंह: मुक्केबाज़ी, सुखविंदर सिंह संधू: फुटबॉल, अजीत सिंह: हॉकी, मनप्रीत सिंह: कबड्डी, जे. रंजीत कुमार: पैरा एथलेटिक्स, सत्यप्रकाश तिवारी: पैरा बैडमिंटन, मंजीत सिंह: रोइंग,स्वर्गीय श्री सचिन नाग: तैराकी, नंदन पी. बाल: टेनिस, नेत्रपाल हुड्डा: कुश्ती

### तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार

**थल श्रेणी:** अनीता देवी, कर्नल सरफराज़ सिंह, ताका तामुत, नरेंद्र सिंह, केवल हिरेन कक्का

**जल श्रेणी:** सतेंद्र सिंह, वायु श्रेणी: गजानंद यादव, स्वर्गीय मगन बिस्सा (पर्वतारोहण) को जीवनपर्यन्त उपलब्धि पुरस्कार के लिए चुना गया.

### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरुस्कार

यह पुरस्कार संस्थागत स्तर पर खेलों के प्रचार और विकास में योगदान के लिए दिया जाता है.

**लक्ष्य इंस्टीट्यूट और आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट**: नवोदित और युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण के लिए

**ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ONGC):** कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के ज़रिए खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए

**वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (दिल्ली):** खिलाड़ियों को रोज़गार देने और खेल कल्याण उपायों के लिए

**अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रबंधन संस्थान (मुंबई):** खेल के समग्र विकास के लिए

**मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी:** - पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़), अंतर-विश्वविद्यालयीय टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला शीर्ष विश्वविद्यालय

### हरियाणा में होंगे 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स'

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की कि हरियाणा 2021 में आयोजित होने वाले 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के चौथे सत्र की मेजबानी करेगा. इन खेलों का आयोजन 2021 में टोक्यो ओलंपिक की समाप्ति के बाद पंचकूला में होगा. आमतौर पर खेलो इंडिया यूथ गेम्स हर साल जनवरी में होते हैं लेकिन महामारी के कारण उन्हें स्थगित कर दिया गया है. इन खेलों में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है.

**महेंद्र सिंह धोनी:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 आईसीसी विश्व टी -20, वर्ष 2010 और 2016 एशिया कप, 2011 आईसीसी विश्व कप और 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती. दाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर धोनी वनडे इंटरनेशनल (ODI) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिनका स्कोर 10 हज़ार से अधिक है.

**सुरेश रैना:** एम एस धोनी के नक्शेकदम पर चलते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. वे T20 और ODI विश्व कप दोनों में शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं. वे जुलाई, 2005 से भारत के लिए खेल रहे थे.

### फिट इंडिया फ्रीडम रन

खेल मंत्रालय ने 15 अगस्त से 2 अक्टूबर, 2020 तक देश के सबसे बड़े रन 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का शुभारंभ किया. वर्तमान महामारी और सामाजिक दूरी बनाये रखने के मानदंडों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रतिभागियों को अपनी रफ्तार से, कहीं भी और कभी भी अपनी सुविधानुसार दौड़ लगाने को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है. इस आयोजन का उद्देश्य COVID-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनमानस को फिटनेस के दिशा में प्रोत्साहित करना है.

## अंतर्राष्ट्रीय

**जेम्स एंडरसन:** इंग्लैंड के 38 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के साउथम्पटन के द रोज़ बाउल स्टेडियम में पाकिस्तानी कप्तान अजहर अली को आउट कर 600 टेस्ट विकेट लेने वाले इतिहास के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं.

अन्य गेंदबाज़ (स्पिनर) श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800), ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708) और भारत के अनिल कुंबले (619)) विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में एंडरसन से आगे हैं.

दिग्गज दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर जाक कैलिस, पाकिस्तान के महान बल्लेबाज़ ज़हीर अब्बास और पुणे में जन्मे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान लिसा स्टालेकर को एक वर्चुअल समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया.

**जैक्स कैलिस** टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में 10,000 रन और 250 विकेट हासिल करने वाले पहले और एकमात्र ऑल राउंडर हैं.

**ज़हीर अब्बास** एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने 4 बार 1st श्रेणी मैच में 100 और दोहरा शतक बनाया, जिसमें वे आठ पारियों में नॉट आउट रहे.

**लिसा स्टालेकर** महिला वनडे इंटरनेशनल में 2000 रन बनाने और 100 विकेट हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी हैं.

**इंग्लैंड के रॉनी ओसुलिवान** ने शेफील्ड के क्रूसिबल थिएटर में हुई वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 जीती. यह उनका 6वां विश्व खिताब है.

**कोलिन मोरीकावा (यूएसए)** ने सैन फ्रांसिस्को (यूएसए) में आयोजित PGA गोल्फ चैंपियनशिप -2020 जीती. यह टूर्नामेंट कोरोना की वैश्विक महामारी के कारण खेल पर पाबंदी लगने के बाद 2020 का पहला बड़ा टूर्नामेंट था.

**लुईस हैमिल्टन (ग्रेट ब्रिटेन):** टीम मर्सिडीज़ के ड्राइवर ने सर्किट डी बार्सिलोना-कैटालून्या (स्पेन) में आयोजित फॉर्मूला वन स्पेनिश ग्रां प्री 2020 जीती.

**मैक्स वेरस्टैपेन (नीदरलैंड):** टीम रेड बुल के चालक ने इंग्लैंड में सिल्वरस्टोन सर्किट में आयोजित फॉर्मूला वन की 70वीं ग्रैंड प्रिक्स जीती.

**जेमी वर्डी:** लीसेस्टर (इंग्लैंड) सिटी स्ट्राइकर ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के 2019-20 सीज़न में 23 गोल कर प्रीमियर लीग्स गोल्डन बूट फुटबॉल पुरस्कार जीता. मैनचेस्टर सिटी के गोलकीपर एडर्सन मोरेस ने 16 शटआउट हासिल कर प्रीमियर लीग गोल्डन ग्लोव अवार्ड जीता.

**यूईएफए चैंपियंस लीग 2019-20:** जर्मन पेशेवर स्पोर्ट्स क्लब (बायर्न म्यूनिख) ने पुर्तगाल के लिस्बन में पेरिस सेंट-जर्मेन को हराकर खिताब जीता. यह यूरोपीय फुटबॉल संघों के परिसंघ द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें यूरोप के शीर्ष फुटबॉल क्लब भाग लेते हैं.

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** ने इस बात की पुष्टि की है कि कोविड -19 के कारण स्थगित किया गया ICC पुरुष T 20 विश्व कप 2020 अब ऑस्ट्रेलिया में 2022 में आयोजित किया जाएगा. पहले की गई घोषणानुसार वर्ष 2021 के संस्करण की मेजबानी भारत द्वारा की जाएगी.

# प्रमुख दिवस

## सितम्बर

### 2 सितंबर: विश्व नारियल दिवस

इस दिन को मनाने का उद्देश्य नारियल के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना है. इस दिन को विशेष रूप से दुनिया के सबसे बड़े नारियल उत्पादक एशियाई और प्रशांत नारियल समुदाय (APCC) द्वारा एशियाई और प्रशांत क्षेत्रों में मनाया है. प्रकृति के सर्वाधिक बहुमुखी उत्पादों में शामिल नारियल और इसके विभिन्न भागों का उपयोग भोजन और पेय पदार्थों, बेकरी, मिठाई, तेल, सौंदर्य प्रसाधन, सजावट और विभिन्न प्रकार के कॉयर उत्पादों के निर्माण में किया जाता है. इस वर्ष का विषय है - "दुनिया को बचाने के लिए नारियल में निवेश करें". भारत में नारियल उत्पादन के मामले में केरल सबसे ऊपर है, लेकिन तमिलनाडु और कर्नाटक भी इस क्षेत्र में तेज़ी से उभर रहे हैं.




### 5 सितंबर: शिक्षक दिवस

यह दिन भारत के पहले उप राष्ट्रपति (1952-1962) और दूसरे राष्ट्रपति (1962-1967) रहे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. उनका शिक्षा के महत्त्व में दृढ़ विश्वास था. यह दिन छात्रों के जीवन को नई दिशा देने में शिक्षकों के योगदान को नमन करने का अवसर है.

### 5 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय परोपकार दिवस

संयुक्त राष्ट्र द्वारा यह दिन दुनिया भर के लोगों और गैर-सरकारी संगठनों को स्वैच्छिक परोपकारी गतिविधियों से दूसरों की मदद करने के बारे में जागरूक बनाने और उन्हें लामबंद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. यह दिन 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित संत "मदर टेरेसा" की पुण्यतिथि भी है.

### 7 सितम्बर: 'नीले आसमान हेतु स्वच्छ वायु' अंतर्राष्ट्रीय दिवस

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले साल 19 दिसंबर को एक प्रस्ताव पारित कर वर्ष 2020 से हर साल 7 सितंबर को 'नीले आसमान के लिए प्रथम अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस' मनाने का संकल्प लिया था. भारत में विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में 100 शहरों में 'वायु की गुणवत्ता में समग्र सुधार' की आवश्यकता पर प्रकाश डाला था.

### तीसरा राष्ट्रीय पोषण माह

तीसरा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया गया. हर साल व्यापक स्तर पर सभी के लिए पोषण सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री पोषण अभियान के तहत यह पोषण माह हर साल मनाया जाता है.

2018 में शुरू किये गये इस पोषण अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है ताकि कुपोषण को खत्म कर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके. महिला और बाल विकास मंत्रालय इस अभियान को चलाने वाली नोडल एजेंसी है.

### 8 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

दुनिया भर के देश यह दिन व्यक्तियों, समुदायों और समाजों को साक्षरता का महत्व उजागर करने के लिए मनाते हैं. यूनेस्को के अनुसार, "इस वर्ष का विषय रहा - साक्षरता शिक्षण और COVID-19 संकट के दौरान और इसके बाद सीखना और शिक्षकों की भूमिका और बदलती शिक्षण विधियों पर ध्यान." इस विषय के तहत साक्षरता अधिगम को जीवनपर्यन्त सीखने के परिप्रेक्ष्य में उजागर किया जाएगा और इसलिए मुख्य रूप से इसका ध्यान युवाओं और वयस्कों पर रहेगा.

### 10 सितंबर: विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोधी संगठन द्वारा समर्थित यह दिन आत्महत्या के जोखिमों और इसे रोकने की कोशिशों में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाने को समर्पित है. आत्महत्याएं वैश्विक स्तर पर मृत्यु होने के शीर्ष 20 प्रमुख कारणों में से एक है. विश्व में आत्महत्या से सालाना 800,000 से अधिक लोगों की मृत्यु होती है. इस वर्ष का विषय है- "आत्महत्या की रोकथाम के लिए मिलकर काम करना"

**9 सितंबर: हिमालय दिवस**

इस नाज़ुक पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस विषय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है. यह दिवस पहली बार उत्तराखंड में 2010 में प्रसिद्ध पर्यावरणविदों द्वारा की गई पहल के रूप में मनाया गया था. प्रकृति की रक्षा करने और देश को प्रतिकूल मौसम से बचाने में हिमालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. हिमालय की चोटियां विविध वनस्पति और जीव जंतुओं का समृद्ध भंडार होने के अलावा वर्षा लाने का काम भी करती हैं. लगभग 130 करोड़ लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जीवनयापन के लिए इस पर्वत श्रृंखला पर निर्भर हैं. इस वर्ष के हिमालय दिवस का विषय था- "हिमालय और प्रकृति"

**11 सितंबर: राष्ट्रीय वन शहीद दिवस**

देश के सुदूर कोनों में प्रकृति की रक्षा के लिए अपनी जान देने वाले शहीदों को याद करने के लिए हर साल मनाया जाता है. इसी दिन साल 1730 में खेजड़ली (राजस्थान) में जोधपुर के राजा द्वारा वहां पेड़ों की कटाई पर आपत्ति जताने पर बिश्नोई समुदाय के 360 से अधिक लोगों को मार दिया गया था. यह दिन उन सैकड़ों वन अधिकारियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश की वन संपदा और वन्यजीवों की रक्षा में शिकारियों, तस्करों, बीमारियों और अकेलेपन से जूझते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया. पर्यावरण और वन मंत्रालय ने इस दिन को मनाने की घोषणा 2013 में की थी.

**14 सितंबर: हिंदी दिवस / राजभाषा दिवस**

1949 में इसी दिन देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को भारतीय संविधान सभा द्वारा देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अंगीकृत किया गया था, जिसकी स्मृति में यह दिन हर साल मनाया जाता है. केंद्र सरकार की दो आधिकारिक भाषाओं में से एक हिंदी है और दूसरी अंग्रेज़ी.

**15 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा ने 2007 में प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी. इस आयोजन का उद्देश्य सभी देशों में मुक्त लोकतंत्र को बनाए रखने में सरकार की भूमिका को प्रोत्साहन देना है. यह दिन यह याद रखने का अवसर प्रदान करता है कि लोकतंत्र लोगों के बारे में है क्योंकि यह आम आदमी को आवाज देता है और यह सुनिश्चित करता है कि कानून के शासन के सामने सभी समान हैं  वर्ष 2020 का विषय है 'कोविद -19: ए स्पॉटलाइट ऑन डेमोक्रेसी'.

**15 सितंबर: इंजीनियर दिवस**

यह दिन 1955 में भारत रत्न से सुशोभित किये गए महान सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के तौर पर मनाया जाता है. उन्होंने बांधों और पानी से संबंधित कई परियोजनाओं की डिज़ाइनिंग में अविस्मरणीय योगदान दिया था. उन्होंने खाद्य आपूर्ति का स्तर और भंडारण उच्चतम स्तर तक बनाये रखने के लिए पुणे के पास खड़कवासला जलाशय में वाटर फ्लड गेट वाली सिंचाई प्रणाली स्थापित की और इसे पेटेंट कराया. उन्हें तत्कालीन किंग जॉर्ज V ने ब्रिटिश नाइटहुड से सम्मानित किया था, जिसके फलस्वरूप उनके नाम के आगे 'सर' लगाया जाने लगा. उन्हें सर MV कहा जाता था.

**16 सितंबर: विश्व ओज़ोन दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय ओज़ोन परत संरक्षण दिवस के रूप में भी जाना जाता है. यह दिन 1987 में ओज़ोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों पर केंद्रित मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के हस्ताक्षरित होने की स्मृति में हर साल मनाया जाता है. यह प्रोटोकॉल 1985 में ओजोन परत के संरक्षण के लिए आयोजित वियना कन्वेंशन का परिणाम था और इसे 1987 में लागू किया गया था.

*मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत सभी देशों ने ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों या तत्वों के कुल वैश्विक उत्पादन और खपत में 99 प्रतिशत कमी लाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था. बाद में इसमें जनवरी, 2019 से प्रभावी हुए किगाली संशोधन के ज़रिये अगले 30 वर्षों में हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFC) के अनुमानित उत्पादन और खपत में 80 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया. किगाली मध्य अफ्रीका में अवस्थित छोटे से लैंडलॉक देश रवांडा की राजधानी है. इस वर्ष का नारा है 'ओज़ोन फॉर लाइफ'.*

*ओज़ोन परत गैस से बनी नाज़ुक ढाल है, जो पृथ्वी और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है, इस तरह से यह परत इस ग्रह पर जीवन के संरक्षण में मदद करती है. ओज़ोन परत मुख्य रूप से स्ट्रैटोस्फियर के निचले हिस्से में बनती है, जो पृथ्वी से लगभग 15 से 35 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है. विशिष्ट, तीखी गंध और नीले रंग वाली ओज़ोन वायुमंडल में तब बनती है जब सूर्य की किरणें ऑक्सीजन के अणुओं को अलग अलग परमाणुओं में विभाजित करती हैं. ये परमाणु अपने पास की ऑक्सीजन से मिलकर तीन ऑक्सीजन परमाणुओं वाला अणु बनाते हैं, जिसे ओज़ोन कहा जाता है.*

**17 सितंबर: विश्व रोगी सुरक्षा दिवस**

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समर्थित यह दिवस रोगी सुरक्षा के विषय में वैश्विक जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है. इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल के दौरान रोगी की सुरक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए सभी देशों द्वारा वैश्विक एकजुटता और ठोस कार्रवाई का आह्वान करना है. इसके अलावा इसे मनाने का उद्देश्य मरीज़ों, परिवारों, देखभाल कर्ताओं, समुदायों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल के अग्रणियों और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाना है ताकि वे रोगी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकें.  इस वर्ष का विषय है- "स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुरक्षा: रोगी सुरक्षा के लिए प्राथमिकता"

**18 सितंबर: विश्व बांस दिवस**

विश्व बांस संगठन द्वारा यह दिवस बांस उद्योग के संरक्षण और संवर्धन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल मनाया जाता है. गरीब आदमी की लकड़ी के रूप में जाना जाने वाला बांस आदिवासी संस्कृतियों और समुदायों में हर जगह मिलता है.  इस वर्ष के लिए इस दिवस का थीम है-  'BAMBOO Now'.

*चीन के बाद भारत दुनिया में बांस का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है. देश में बांस के उत्पादन और दोहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सदियों पुराने भारतीय वन अधिनियम में संशोधन कर इसे पेड़ की श्रेणी से बाहर कर इसे घास वाले वर्ग में रखा है.*

### 18 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस

संयुक्त राष्ट्र की पहल के रूप में यह दिवस इस वर्ष पहली बार मनाया गया. इसका मकसद लिंग के आधार पर वेतन भुगतान में प्रचलित असमानता और भेदभाव को समाप्त करने के महत्व को उजागर करना है. यह असमानता सवैतनिक रोज़गार में पुरुषों और महिलाओं के बीच आय के अंतर के विषय में प्रचलित है.समान काम के लिए समान वेतन मिलना एक मानवीय अधिकार है, जिसका हक़ सभी महिलाएं को मिलना चाहिए.

### 19 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस

यह दिन पारंपरिक रूप से सितंबर के तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाता है. यह दिवस लोगों को समुद्र तटों को साफ करने और कचरा हटाने आदि को प्रोत्साहित करता है. यह दुनिया के महासागरों और जलमार्गों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर है. इस वर्ष का विषय है - "कचरा-मुक्त तट रेखा की प्राप्ति"

### 21 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस

दुनिया भर में शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति कायम करने के लिए मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए इस दिवस को हिंसा रोकने एवं संघर्ष-विराम की अवधि के रूप में समर्पित किया है. इस वर्ष का विषय है - "शेपिंग पीस टुगेदर." इस विषय को चुनने का लक्ष्य COVID-19 महामारी के सामने करुणा, दया और आशा का प्रसार करके शांति के इस दिवस का जश्न मनाने की ओर ध्यान आकर्षित करना है.

### 21 सितंबर: विश्व अल्ज़ाइमर दिवस

अल्ज़ाइमर रोग और इससे जुड़ी याद्दाश्त की कमी के विषय में सामाजिक भ्रांतियों के उन्मूलन के लिए विश्व स्तर पर मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है 'आइये, डिमेंशिया की चर्चा करें'. क्रमवार होने वाली दिमागी बीमारी अल्ज़ाइमर में धीरे-धीरे याद्दाश्त और सोचने की शक्ति कम होती जाती है.

### 22 सितंबर: विश्व रोज़ डे

यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है. कैंसर कोशिकाओं के अनियंत्रित विकास के कारण होता है, जिसके कारण सामान्य कोशिकाओं को पनपने की जगह नहीं मिल पाती है. इस मौके पर कैंसर रोगियों को हाथ से बने गुलाब, कार्ड और उपहार दिए जाते हैं. यह दिन 12 वर्षीय कनाडाई लड़की मेलिंडा रोज़ की याद में मनाया जाता है, जिसके कैंसर-ग्रस्त होने की पुष्टि होने पर डॉक्टरों ने उसके केवल कुछ हफ्ते ज़िंदा बचने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अपनी इच्छा शक्ति और कैंसर को मात देने के संकल्प की बदौलत वह छह महीने तक ज़िंदा रही.

### 22 सितंबर: विश्व राइनो दिवस

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कई दशकों से शिकारियों का निशाना बने हुए गैंडों को बचाने की दिशा में काम करना है. दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में गैंडे के सींगों (राइनो हॉर्न) की इनके यौन उत्तेजना बढ़ाने में सहायक होने और औषधीय महत्व के कारण बहुत मांग है. इस वर्ष का विषय है- “Five Rhino Species Forever”. दुनिया भर में भारत (असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश) में सर्वाधिक संख्या में एक सींग वाले गैंडे (3000 पाए जाते हैं.

### 23 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस

यह दिन मूक-बधिरों (जो लोग सुन या बोल नहीं सकते) के मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति में सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है. यह दिन सभी बधिर लोगों और अन्य सांकेतिक भाषा उपयोगकर्ताओं की भाषाई पहचान और सांस्कृतिक विविधता का समर्थन और सुरक्षा करने का अवसर है. वर्ष 2020 के लिए इस दिन का विषय है "Sign Languages Are for Everyone!".

### सितंबर (24): विश्व समुद्री दिवस

वैश्विक अर्थव्यवस्था की मदद करने और इसे बढ़ावा देने में समुद्री उद्योग के योगदान का जश्न मनाने के लिए इसे सितंबर के अंतिम गुरुवार को मनाया जाता है. यह दिवस समुद्री सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण और शिपिंग सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित है. इस वर्ष का थीम है "सततशील ग्रह के लिए सततशील शिपिंग".

### 25 सितंबर: विश्व फार्मासिस्ट दिवस

यह दिन स्वास्थ्य सुधार में फार्मासिस्टों की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है. यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय औषधि महासंघ, द हेग (नीदरलैंड) की पहल है. इस वर्ष की थीम है - "ट्रांसफॉर्मिंग ग्लोबल हेल्थ".

### 25 सितंबर: अंत्योदय दिवस

यह दिवस प्रसिद्ध दार्शनिक, इतिहासकार और राजनीतिक कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में मनाया जाता है. वे जनसंघ के दिग्गज अगुआ थे, जिसे भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) का अग्रदूत माना जाता है. अंत्योदय का अर्थ है समाज के सबसे कमज़ोर वर्ग का उत्थान.

### 27 सितंबर - विश्व पर्यटन दिवस

पर्यटन, जिससे रोज़गार सृजन और दुनिया भर के करोड़ों लोगों को उनके भविष्य निर्माण में मदद मिलती है, के महत्व पर प्रकाश डालने हेतु मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है "पर्यटन और रोज़गार: सभी के लिए बेहतर भविष्य".

### सितंबर (27) विश्व नदी दिवस

यह दिवस हमारे जीवन में जलमार्गों के महत्व को उजागर करने के लिए सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है. इस दिन लोगों को दुनिया भर में पानी और नदियों का संरक्षण और बचाव करने को प्रोत्साहित किया जाता है.

### 28 सितंबर: विश्व रेबीज़ दिवस

रेबीज़ की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस भयावह बीमारी पर विजय पाने में हुई प्रगति को उजागर करने के लिए मनाया जाता है. यह दिन फ्रांसीसी रसायनज्ञ और सूक्ष्म जीवविज्ञानी लुई पाश्चर की पुण्य तिथि भी है, जिन्होंने पहला रैबीज़ वैक्सीन विकसित किया था. रेबीज़ एक घातक वायरल रोग है जो संक्रमित जानवरों की लार के माध्यम से इंसानों को होता है. रेबीज़ आमतौर पर किसी जानवर मसलन आवारा कुत्तों या बंदरों द्वारा इंसान को काटने से फैलता है.

**29 सितंबर - विश्व हृदय दिवस**

दुनिया में मृत्यु का प्रमुख कारण बन चुके हृदय रोगों और स्ट्रोक के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है. यह दिवस हृदय रोगों (CVD) के जोखिम को कम करने हेतु रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है "Use heart to beat CVD".

**30 सितंबर: अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस**

यह दिन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भाषाई पेशेवरों के काम के प्रति आदरांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिसकी विभिन्न देशों को एक साथ लाने, विकास हेतु संवाद को सुगम बनाने और वैश्विक शांति को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका है.

## अगस्त

**विश्व संस्कृत दिवस - (3) अगस्त:** हिंदू कैलेंडर के अनुसार श्रावण मास की पहली पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है. भारत सरकार ने 1969 में इस प्राचीन भारतीय भाषा और इसके पुनरुत्थान को प्रोत्साहन देने के लक्ष्य से संस्कृत दिवस मनाने की घोषणा की थी.

**6 अगस्त: हिरोशिमा दिवस**

इस दिन का उद्देश्य युद्ध और परमाणु हथियार-रोधी परिचर्चाओं और विरोध प्रदर्शनों के बारे में जागरूकता पैदा करना है. 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्रमशः 6 और 9 अगस्त को दो जापानी शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम विस्फोट किए थे, जिससे लाखों लोगों की तत्काल मौत हो गई और बाद के अरसे में कई लाख लोग विकीरण के प्रभाव से बीमार और विकलांग हो गए. हालांकि जापान ने दो सप्ताह बाद आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद द्वितीय विश्व भी युद्ध समाप्त हो गया लेकिन जापान को इस परमाणु हमले की बहुत बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी. आज तक यही दो परमाणु बम इस्तेमाल किये गए हैं.

**7 अगस्त: राष्ट्रीय हथकरघा दिवस/ राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस**

यह दिन देश में हथकरघा बुनकरों को सम्मानित करने और उनके उत्कृष्ट कौशल और शिल्प कौशल पर प्रकाश डालने के लक्ष्य से मनाया जाता है. इसे मनाने का उद्देश्य लोगों में हथकरघा उद्योग के बारे में जागरूकता पैदा करना और सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके योगदान पर प्रकाश डालना है.

1905 में इसी दिन स्वदेशी शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने और तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्ज़न द्वारा घोषित बंगाल के विभाजन का विरोध करने के लिए कोलकाता के टाउन हॉल से स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की गई थी. इस अवसर पर दस्तकारों और बुनकरों को हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों में उनकी उत्कृष्टता के लिए 'संत कबीर पुरस्कार' से सम्मानित किया जाता है.

**8 अगस्त: अगस्त क्रांति दिवस**

1942 में इसी दिन महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बंबई सत्र में "करो या मरो" का क्रांतिकारी नारा देकर अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू किया था. यह अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ चलाया गया सविनय अवज्ञा आंदोलन था. यह तारीख हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मील पत्थरों में से एक है.

**9 अगस्त: विश्व आदिवासी दिवस**

इसे विश्व स्वदेशी लोग अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में भी जाना जाता है. संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से हर साल मनाये जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य विश्व की स्वदेशी आबादी के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देना और उनकी उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करना है. इस वर्ष इस दिवस का विषय है- "COVID-19 और स्वदेशी लोगों का लचीलापन".

यह तिथि 1982 में जिनेवा में स्वदेशी आबादी पर हुई संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक का स्मरण कराती है. विश्व में 37 करोड़ स्वदेशी आबादी 90 से अधिक देशों में रहती है.

**10 अगस्त: विश्व जैव ईंधन दिवस**

यह दिन पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष मनाया जाता है. जैव ईंधन के तीन प्रमुख प्रकार हैं - इथेनॉल, बायोडीज़ल और बायोगैस. 1893 में इसी दिन सर रुडोल्फ डीज़ल (डीजल इंजन के आविष्कारक) ने पहली बार सफलतापूर्वक मूंगफली के तेल से इंजन को चलाकर जैव ईंधन के प्रयोग की शुरुआत की थी. यह दिवस भारत में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 2015 से मनाया जा रहा है. भारत में इस वर्ष इस दिवस का विषय है- 'जैव ईंधन: आत्मनिर्भर भारत की ओर'

**10 अगस्त: राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डीवॉर्मिंग डे)**

हर साल दो बार (10 अगस्त और 10 फरवरी) मनाया जाता है. इस कार्यक्रम का आयोजन देश भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाता है जिसका लक्ष्य 1 से 19 वर्ष के आयु वर्ग में 11 करोड़ से अधिक बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाना है. इस दिन बच्चों को एंटी वर्म टैबलेट्स एल्बेंडाजोल निःशुल्क दी जाती हैं.

**12 अगस्त: विश्व हाथी दिवस**

इस दिन को मनाने का उद्देश्य हाथियों की मदद करने के लिए लोगों को एकजुट करना और जनमानस एवं संगठनों को हाथियों के समक्ष अस्तित्व बचाने की राह में पेश खतरों से उन्हें अवगत करवाना है.

यह दिन हाथियों के संरक्षण और सुरक्षा को समर्पित है. हालाँकि दुनिया भर में हाथी प्रेम के पात्र हैं किन्तु वे हाथी दांत के कारण होने वाले अवैध शिकार की वजह से विलुप्त होने के कगार पर भी हैं. खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की IUCN रेड लिस्ट में अफ़्रीकी हाथियों को लुप्तप्राय और एशियाई हाथियों को असुरक्षित प्रजाति बताया गया है.

**12 अगस्त: अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस**

परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका को सम्मान देने और उनके समक्ष समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. यह दिन युवाओं द्वारा समाज की भलाई के लिए किए गए प्रयासों को उजागर करने का अवसर है. 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने युवाओं के लिए जिम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन की इस सिफारिश का समर्थन किया कि 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया जाए. इस वर्ष का विषय है-'वैश्विक कार्य में युवाओं की भागीदारी'




## Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

### 13 अगस्त: विश्व अंगदान दिवस

यह दिन औरों का जीवन बचाने के लिए लोगों को अपनी मृत्यु के बाद अपने स्वस्थ और बेशकीमती अंगों को दान करने को प्रेरित करने का प्रयास है. अंग दान का तात्पर्य है - किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके दिल, लीवर, किडनी, आंत, फेफड़े और अग्न्याशय जैसे अंगों को निकालना और फिर उन्हें किसी ज़रूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित करना. भारत में बड़ी संख्या में लोग अंगों के विफल होने के कारण मर जाते हैं. राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार भारत में ज़रूरी अंगों की अनुपलब्धता के कारण 500,000 लोग मारे जाते हैं. यह दिवस अंगदान को लेकर लोगों के मन में आशंकाओं और मिथकों के उन्मूलन का प्रयास है.

### 19 अगस्त: विश्व मानवतावादी दिवस

यह दिवस मानवीय सेवाओं में अपने जीवन को जोखिम में डालने वाले श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु और दुनिया भर में संकट से प्रभावित लोगों के लिए समर्थन जुटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से दुनिया भर में मनाया जाता है. यह उन मानवतावादी कार्यकर्ताओं को 'धन्यवाद' कहने का दिन है, जिन्होंने ज़रूरतमंद लोगों को जीवन रक्षक सहायता और सुरक्षा प्रदान करते हुए अपनी जान दे दी अथवा घायल हो गए. *यह उत्सव संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के अंग संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामले समन्वय कार्यालय द्वारा समर्थित है। इस वर्ष इस दिवस का विषय है - #RealLifeHeroes, जिन्होंने "दूसरों की मदद करने को अपना जीवन समर्पित किया है."*

### 19 अगस्त: विश्व फोटोग्राफी दिवस




यह दिन फोटोग्राफी की कला, शिल्प, विज्ञान और इतिहास को समर्पित है. इसका उद्देश्य पूरे विश्व के फोटोग्राफरों को अपनी कृतियाँ शेष दुनिया के साथ साझा करने के सरल उद्देश्य की दिशा में प्रेरित करना है. यह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों को अपने कौशल के माध्यम से अपने एहसासों, भावनाओं और सामाजिक सोच को व्यक्त करने को प्रोत्साहित करता है. एक फोटोग्राफ में चंद पलों में किसी जगह या क्षेत्र, अनुभव या भावना को हमेश के लिए कैमरे में क़ैद करने की शक्ति होती है. इसीलिए कहा जाता है कि एक तस्वीर हज़ार शब्दों के बराबर होती है.

### 20 अगस्त: सद्भावना दिवस (समरसता दिवस)

सभी धर्मों और भाषाओं के लोगों में राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में मनाया जाता है। यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी (जिन्होंने 1984 -89 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था) की जयंती है. राजीव गांधी ने देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में भारत में सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और राष्ट्रीय अखंडता का प्रचार करने की कोशिश की और उन्हें विश्व के सद्भावना राजदूत के रूप में जाना जाता है.

### 20 अगस्त: अक्षय उर्जा दिवस



इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास और इसे अपनाने के बारे में जागरूकता पैदा करना है. यह दिन पहली बार वर्ष 2004 में भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा मनाया गया था. नवीकरणीय ऊर्जा ऐसी ऊर्जा होती है जो नवीकरणीय (अर्थात प्राकृतिक रूप से पुन: पूर्ति में सक्षम) होती है अर्थात प्राकृतिक संसाधनों जैसे सूर्य के ताप, वायु, वर्षा, ज्वार और भूतापीय गर्मी से उत्पन्न की जाती है.

### 21 अगस्त: विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा समर्थित यह दिवस वृद्ध लोगों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बढ़ती उम्र में उनकी मदद देने के लिए मनाया जाता है. यह दिवस समाज को वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण, उन्हें भूख और गरीबी का उन्मूलन करने में मदद देने के लिए उसकी प्रतिबद्धता याद दिलाने का अवसर है. इस दिवस का उद्देश्य समाज में वृद्ध लोगों की भागीदारी का जश्न मनाना, उन्हें धन्यवाद देना और उनका सम्मान करना है, जिससे वे स्वयं को समाज का अभिन्न अंग महसूस कर सकें.

### 26 अगस्त: महिला समानता दिवस

यह दिवस 1878 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 19वें संशोधन (जिससे पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला था) के पारित होने के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है. इस दिन महिला अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है और दुनिया भर में महिलाओं को रोज़ाना पेश आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को याद किया जाता है.

ज्ञातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है.

### 29 अगस्त: अंतर्राष्ट्रीय परमाणु परीक्षण-रोधी दिवस

परमाणु परीक्षणों के उन्मूलन का आह्वान करने और शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा समर्थित इस दिन को मनाने का उद्देश्य परमाणु हथियारों के परीक्षणों और अन्य परमाणु विस्फोटों के दुष्प्रभावों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है.

परमाणु परीक्षणों का इतिहास 16 जुलाई, 1945 से शुरू होता है, जब संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू मैक्सिको में आलमोगोर्डो में स्थित एक रेगिस्तानी परीक्षण स्थल पर परमाणु बम का परीक्षण किया गया था.

### 29 अगस्त: राष्ट्रीय खेल दिवस

पद्म भूषण से सम्मानित होने वाले एकमात्र हॉकी खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष यह दिवस मनाया जाता है. उन्होंने वर्ष 1928, 1932 और 1936 में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते. इस अवसर पर राष्ट्रपति राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं.

ALL THE NEWS ITEMS IN THIS MAGAZINE HAVE BEEN SOURCED FROM VARIOUS NEWS PAPERS AND GOVT. PRESS RELEASES.

हिमाचल G.K.

# हिमाचल का भूगोल



## हिमालय और हिमाचल

***"जो पहाड़ियों पर जाता है, अपनी माँ, स्नेहमयी, पोषणदायिनी दयालु माँ के पास जाता है"- 'पुराण '***

हिमालय भारतीय पर्वतीय श्रृंखलाओं में सबसे कम पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है. माना जाता है कि ये 4 करोड़ वर्ष पुराने हैं. इस भूभाग को विकसित होकर दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत प्रणाली बनने में लगभग 5 से 7 करोड़ साल लगे.

### हिमालय का उद्भव

हिमालय की उत्पत्ति विशाल टेथिस जियोसिंक्लाइन (पृथ्वी की पपड़ी में निचली तरफ की तह) के अवसादन के परिणामस्वरूप हुई है, जो दक्षिण में गोंडवानालैंड और उत्तर में लौरेशिया (अंगारा) के बीच स्थित था. हिमालय की उत्पत्ति महाद्वीप-महाद्वीप टकराव से यानी दो महाद्वीपीय प्लेटों के टकराने से संबंधित है.

**हिमालय में तीन अनुप्रस्थ क्षेत्र हैं. ये हैं:**

**(i) पश्चिमी हिमालय:** (जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश)
**(ii) मध्य हिमालय:** (उत्तराखंड प्रदेश के पहाड़ी जिले)
**(iii) पूर्वी हिमालय:** (संगरिला परिक्षेत्र से लेकर और ब्रह्मपुत्र जलग्रहण क्षेत्र सहित तक)
जलवायु, स्थलाकृति और वनस्पति के लिहाज़ से इन क्षेत्रों में स्पष्ट अंतर हैं.

हिमाचल का नाम हिमालय से आता है. शब्द हिमाचल का शाब्दिक अर्थ है "बर्फीले पहाड़ों की भूमि". हिमाचल प्रदेश अपने आप में छोटी सी दुनिया है, जिसमें पंजाब के मैदानी इलाकों, शिवालिक पहाड़ियों, शिमला की पहाड़ियों और पाइन और विशिष्ट समशीतोष्ण पहाड़ी वनस्पतियों से ढकी सुंदर "शांत घाटियों" के माध्यम से प्रवेश किया जा सकता है.

हिमालय क्षेत्र, जिसे प्राचीन भूगोलविद जलंधर के तौर पर जानते थे, वास्तव में हिमाचल प्रदेश ही था. प्राचीन नाम जलंधर (जलम-धरा) के का भू-भौतिक तात्पर्य था - जलम् धराती इति जलंधरति (जल को धारण करने या लेकर जाने वाली भूमि को जलंधर कहा जाता है). हालांकि, 'जल' का अर्थ है 'पानी' और 'अंधेर' का अर्थ है 'अंदर'

'जलंधर' नाम इसी नाम के एक दानव से आया हुआ माना जाता है, जिसे 'सागर' और 'गंगा' का पुत्र कहा जाता है. पद्म पुराण में सुदूर अतीत में हिमालय के भू-भौतिक निर्माण से जुड़ा वृत्तांत आता है.

### हिमाचल की स्थलाकृति

भौगोलिक दृष्टि से हिमाचल क्षेत्र को दक्षिण से उत्तर तक तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है –

**1. 'शिवालिक' या बाहरी हिमालय**

इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा की मात्रा 1500 मिमी से 1800 मिमी तक होती है. इस क्षेत्र में शामिल प्रसिद्ध स्थान हैं - सिरमौर जिले की पांवटा घाटी, नाहन तहसील, पचाड़ और रेणुका तहसील; मंडी ज़िला कांगड़ा की बल्ह घाटी और जोगिंदर नगर क्षेत्र, कांगड़ा जिले का नूरपुर, धरा, ज्वाली और पालमपुर तहसील; डलहौज़ी, भटियात, और चंबा जिले का चुराह. प्राचीन समय में शिवालिक पहाड़ियों को 'मनक पर्वत' के नाम से जाना जाता था. शिवालिक का शाब्दिक अर्थ है "शिव के बाल".

**2. भीतरी हिमालय या मध्य-पर्वत**

इस क्षेत्र की ऊंचाई समुद्र तल से (350 मीटर या 1050 फीट) - (1500 मीटर या 4500 फीट) तक है. इस क्षेत्र में सिरमौर जिले के पछड़ और रेणुका की तहसीलों के ऊपरी क्षेत्र, मंडी जिले की चच्योट और करसोग तहसीलें: कांगड़ा और पालमपुर तहसील के ऊपरी हिस्से और डलहौज़ी, भटियात और चंबा जिले के चुराह क्षेत्र आते हैं. शिमला के दक्षिण में चूड़धार नामक उच्च शिखर (3.647 मी) है, जिसे चूड़ा चांदनी भी कहा जाता है.

इन क्षेत्रों में पाई जाने वाली मिट्टी सिल्टी लोम से लेकर क्ले लोम प्रकार की और गहरे भूरे रंग की होती है, जिसमें आलू के बीज और समशीतोष्ण फलों की खेती होती है.

शिमला, सिरमौर और चंबा ज़िलों के ऊपरी भागों में मिट्टी की गहराई कम होती है, जो सिलटी लोम से लेकर गहरे भूरे रंग की लोम होती है. बागवानी के दृष्टिकोण से यह क्षेत्र गुठलीदार और नरम फलों के लिए सर्वाधिक उपयोगी है.

लघुतर हिमालय की दो प्रसिद्ध श्रेणियां हैं: 'पीर पंजाल '(चंबा जिले में) और' धौलाधार '(कांगड़ा, चंबा और मंडी जिला). कांगड़ा घाटी धौलाधार की तलहटी में स्थित खुला लंबा मार्ग है जिसका अर्थ है 'श्वेत चोटी'.

बद्रीनाथ (उत्तराखंड) के पास स्थित हिमालयई श्रृंखला सबसे विशेष है. इसके मार्ग में रामपुर-बुशहर में सतलुज, लारजी में ब्यास और चंबा के दक्षिण-पश्चिम में रावी आती हैं.

लघु हिमालयी श्रृंखला में सबसे बड़ा पीर पंजाल सतलुज के तट के पास से बृहत्तर हिमालयी श्रृंखला अलग हो जाता है, जिससे एक तरफ चिनाब और दूसरी तरफ ब्यास और रावी के बीच का जल-विभाजन हो जाता है. यह रावी के स्रोत बारा बंगल के पास धौलाधार श्रेणी की ओर झुकता है.

**3. बृहत्तर हिमालय या एल्पाइन ज़ोन** (समुद्र तल से ऊंचाई 4,500 मीटर और अधिक): पीर पंजाल और धौलाधार पर्वत के उत्तर में अत्यंत ऊंची पर्वत श्रृंखलाएँ हैं, जिन्हें 'ग्रेटर हिमालय' और ' ज़ंस्कर पर्वतमाला' नाम से जाना जाता है.

इस क्षेत्र में वर्षा बहुत कम होती है. परिवर्तनीय उर्वरता वाली मिट्टी की उच्च बनावट होती है. गर्मियों में जलवायु शीतोष्ण रहता है और सर्दियों में अर्ध-आर्कटिक रहता है.

इस प्रकार का जलवायु और मिट्टी ड्राई फ्रूट की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है. बृहत्तर हिमालय में बर्फबारी अक्टूबर के मध्य में शुरू होती है और मार्च-अप्रैल तक जारी रहती है. इस क्षेत्र के कुछ प्रसिद्ध दर्रे हैं- सच पास, चीनी पास, चबिया पास और कुगती पास (जिला चंबा), रोहतांग पास, कुंजम पास, बारलाचा पास और हामटा पास और चंद्रखेंरी पास (जिला लाहौल और स्पीति).

सुप्रसिद्ध जंस्कार रेंज राज्य के इसी हिस्से में स्थित है. इसकी शिखरों में शिल्ला (7,025 मीटर) और रिवो फरग्युल (6,791 मीटर) सबसे ऊंची हैं.

## जलवायु क्षेत्र

जलवायु के अनुसार राज्य को पांच क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है अर्थात्

**(i) आर्द्र उप-समशीतोष्ण क्षेत्र** -कांगड़ा जिले का पालमपुर और धर्मशाला क्षेत्र, मंडी जिले का जोगिंदर नगर क्षेत्र और चंबा जिले का डलहौज़ी क्षेत्र

**(ii) आर्द्र उप-शीतोष्ण क्षेत्र -** कुल्लू और शिमला जिले और मंडी, सोलन, चंबा, कांगड़ा और सिरमौर जिले

**(iii) शुष्क शीतोष्ण -** एल्पाइन उच्च भूमि जिसमें लाहौल के प्रमुख भाग स्पीति, पांगी और किन्नौर शामिल हैं.

**(iv) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र -** बिलासपुर, मंडी जिले के प्रमुख भाग, सिरमौर जिले का नाहन क्षेत्र, चंबा जिले की भटियात घाटी, सोलन जिले का नालागढ़ क्षेत्र, हमीरपुर जिला और कांगड़ा जिले के देहरा और नूरपुर क्षेत्र.

**(v) उप-आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्र -** जिला ऊना, जिला सिरमौर का पांवटा साहिब क्षेत्र और जिला कांगड़ा का इंदोरा क्षेत्र.

**स्पीति** हिमाचल प्रदेश में सबसे सूखा क्षेत्र है. प्रति वर्ष 3,400 मिमी वर्षा पाने वाला **धर्मशाला** सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान है. **शिमला और नूरपुर** 1,500 मिमी - 2,000 मिमी वाले वर्षा क्षेत्र में आते हैं.

## प्रचलित पवनों के प्रकार

**(a) गुरुत्वाकर्षणी पवनें:** दिन में विभिन्न समय पर तापमान में बदलाव के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली ये पवनें ऊर्ध्वाधर बहती हैं. सूर्यास्त के बाद रोज़ाना रिज के शिखर से घाटी तल तक पवनें नीचे की ओर चलती हैं. बहुत अधिक ऊंचाई पर, आमतौर पर 6500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर गुरुत्वाकर्षण हवाओं का वेग अत्यधिक तेज़ हो जाता है. इनके कारण हिमाच्छादित चोटियों के शीर्ष पर सफेद पंख से बनते हैं. ये पंख जैसे निर्माण ठंडी, सूखी, ख़स्ता बर्फ़ से बनते है, जिन्हें हवा उड़ाकर लाती है.

**(b) पश्चिमी विक्षोभ:** मध्य अक्षांशों से पश्चिम की ओर से जाने वाली हवाएँ पश्चिमी हिमालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हैं. पश्चिमी विक्षोभ के कारण कम ऊंचाई पर बारिश होती है और ज़्यादा ऊँचाई पर बर्फबारी होती है. पश्चिमी विक्षोभ के आगमन का प्रतीक है दक्षिण-पूर्व से बहने वाली गर्म हवाएं. इसके बाद सिरस और सिर्रोकुमुलस बादल दिखाई देने लगते हैं, जिनके कारण मटमैला आकाश स्ट्रेटस बादलों से भर जाता है. पश्चिमी विक्षोभ से बर्फ़ीला तूफ़ान और बर्फ़बारी भी हो सकती है, जिससे हवाई यातायात बाधित हो जाता है और पहाड़ी दर्रों के रास्ते बंद हो जाते हैं.

**(c) दृश्यता:** मई और जून के महीनों में पश्चिमी हिमालयी और हिमालय पार क्षेत्र में धुंध और धूल होती है. आमतौर पर आसमान में बादल नहीं होते हैं, लेकिन 5 किलोमीटर या इससे भी अधिक ऊँचाई वाली तक व्याप्त इस धुंध के कारण दृश्यता खराब रहती है.

**(d) जेट धाराएं:** ये मुख्य रूप से अत्यधिक ऊँचाई पर पायी जाती हैं. तेज़ गति वाली ये पवनें सर्दियों में ऊपरी वायुमंडल की संकीर्ण बेल्ट में विकसित होती हैं. कई बार तो जेट धाराएं 200 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक गति की हो सकती हैं.

**(e) ली पवनें:** ये पवनें काफी क्षरण कर सकती हैं और क्षति पहुंचा सकती हैं. निम्न कारक हिमालय क्षेत्र में हवाओं की गति, बल और दिशा निर्धारित करते हैं:

(i) वातावरण की स्थिरता (ii) प्रचलित जलवायु

(iii) पवन की गति की रूपरेखा

(iv) जिस ऊंचाई पर पवनें बहती हैं

(v) बाधा की आकृति और आकार (vi) वायु का स्तरीकरण

**(f) दक्षिण-पश्चिनी मॉनसून वर्षा:** हिमालयी क्षेत्र में अधिकतम वर्षा दक्षिण-पश्चिनी मॉनसून के कारण ही होती है. ये पवनें पहले हिमालय से टकरा कर वहां बहुत भारी वर्षा लाती हैं.

**(g) शरद मॉनसून:** ये हवाएँ उत्तर -पूर्व की व्यापारिक पवनों जैसी होती हैं, जो साल के इस समय दुनिया भर में मध्य-अक्षांश पर बहती हैं. उत्तर -पूर्व मानसूनी पवनें हिमालय के कई हिस्सों में सर्दियों की बारिश लाती हैं. इनके कारण पश्चिमी और मध्य हिमालय में व्यापक क्षेत्र में वर्षा होती है.

### ऊँचाई से जुड़े कारक

होने वाली कुल वर्षा की मात्रा लगभग 250 मीटर की ऊँचाई तक बढ़ती है. इससे ऊपर जाने पर बारिश का होना धीरे धीरे कम हो जाता है क्योंकि इसका एक भाग बर्फ के रूप में गिरता है.

लगभग 2,500 मीटर की ऊंचाई तक ऊपर जाने के साथ साथ तापमान धीरे-धीरे कम होता है, जिसके बाद तापमान में गिरावट तेज़ हो जाती है.

कुछेक प्रमुख कारक जो अधिक ऊंचाई पर कार्यशील होते हैं, वे हैं: ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड की कमी, कम घना वायुमंडल, सूर्य की अत्यधिक किरणें और शुष्क वायुमंडल. लगभग 6,000 फीट पर जाकर वर्षा कम होने लगती है और अंतत: 12,000 फीट पर लगभग कोई वर्षा नहीं होती है.

*.......to be continued*

# BULLET NEWS

## (अप्रैल – जुलाई 2020)

**For details please visit our website: www.gyanm.in**

# राष्ट्रीय समाचार

## जुलाई

- 2018-19 में भारत में की गई बाघ जनगणना ने विश्व में कहीं भी सबसे लंबे वक्त तक "कैमरे के ज़रिये वन्यजीव सर्वेक्षण" करने का गिनीज़ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है.
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IIT मद्रास ने दुनिया की पहली ऑनलाइन B.Sc. (प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस) डिग्री शुरू की है.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित सत्र में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (UN ECOSOC) के उच्च-स्तरीय खंड में एक आभासी मुख्य भाषण दिया.
- भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार ट्रेनों के संचालन के मामले में 1 जुलाई को 100 प्रतिशत समय की पाबंदी हासिल कर चलीं सभी 201 ट्रेनें बिना किसी देरी के समयानुसार अपने अपने निर्धारित स्टेशन पर पहुंचीं.
- ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 2005-06 से लेकर 2015-16 के दौरान 27 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं.
- मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ गणराज्य अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश बन गया है.
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने डेटा का स्वचालित और नियमित आदान प्रदान सुगम बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- देश का "पहला केबल-स्टेड" रेल पुल जल्द ही जम्मू और कश्मीर में अंजी खड्ड पर बनाया जा रहा है. यह पुल कटरा और रियासी को आपस में जोड़ेगा.
- भारत और मालदीव ने मालदीव के दो द्वीपों में नेबरहुड फिश प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने से संबंधित अनुबंध पर हस्ताक्षर किए.
- भारत और भूटान ने 15 जुलाई को जयगांव (पश्चिम बंगाल) और पासाखा (भूटान) के बीच एक नया वाणिज्यिक मार्ग खोला.
- जहाज़रानी मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा कोलकाता बंदरगाह से बांग्लादेश के चटोग्राम पोर्ट से होते हुए अगरतला जाने वाला पहला प्रायोगिक मालवाहक जहाज़ रवाना किया गया.
- विश्व बैंक ने गंगा नदी के पुनरोद्धार कार्यक्रम और इसमें प्रदूषण का स्तर कम करने में समर्थन देने हेतु 40 करोड़ डॉलर (लगभग 300 करोड़ रुपये) की सहायता देने की घोषणा की है.
- भारत सरकार ने देश की रक्षा, सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता और देशवासियों के डेटा और उसकी गोपनीयता की रक्षा के प्रयोजन से 29 जून को 59 चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया.
- भारत और भूटान ने पूर्वी भूटान के त्राशियांगत्से जिले में खोलांगछू नदी के निचले हिस्से में 600 मेगावाट की खोलोंगचु जलविद्युत परियोजना के निर्माण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.
- भारत और यूरोप के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 15 जुलाई को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया.

## जून

- 15 जून को लद्दाख की गैलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच डी-एस्केलेशन प्रक्रिया के दौरान हिंसक झड़प में भारतीय कमांडिंग अधिकारी सहित बीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए.
- 4 जून को पहली बार दो प्रधानमंत्रियों (भारत और ऑस्ट्रेलिया) के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से द्विपक्षीय आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- 193 सदस्यीय महासभा में 184 मतों की भारी जीत के बाद भारत को 8वीं बार दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थाई सदस्य चुना गया है.

- यूएसए, यूके, ईयू, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा वैश्विक कृत्रिम बुद्धि गठबंधन (GPAI) शुरू करने के लिए 15 जून को बनाई गई लीग में भारत भी शामिल हो गया है.
- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत उच्च शैक्षिक संस्थानों की रैंकिंग 2020:
- **समग्र सर्वश्रेष्ठ संस्थान:** आईआईटी, मद्रास (इंजीनियरिंग)
- **सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय:** भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
- **सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान:** आईआईएम, अहमदाबाद
- **सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान:** आईआईटी, मद्रास
- **सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा शिक्षा संस्थान:** एम्स, नई दिल्ली
- **सर्वश्रेष्ठ डेंटल साइंस संस्थान:** मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज़, दिल्ली
- **सर्वश्रेष्ठ कॉलेज:** मिरांडा हाउस (लड़कियों के लिए), दिल्ली
- **एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक** (बीजिंग) ने कोविड -19 महामारी के बुरे प्रभावों की रोकथाम के लिए अपने प्रयासों को मज़बूती देने के लिए भारत को 75 करोड़ डॉलर का ऋण देने को स्वीकृति दी है.

## मई

- सरकार ने 13 मई को आत्म-निर्भर भारत अभियान के तहत 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज जो राष्ट्रीय जीडीपी के लगभग 10 प्रतिशत के बराबर है, की पहली खेप की घोषणा की,.
- 13, 14 और 15 मई को घोषित पैकेज के पहले तीन चरणों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:
- 45 लाख MSME इकाइयों के लिए 12 महीने की भुगतान- मुक्त अवधि सहित कुल 3 लाख करोड़ रुपये के प्रतिभू-मुक्त ऋण.
- दाबित MSMEs के लिए 20 हजार करोड़ रुपये - 2 लाख इकाइयों को फायदा मिलेगा.
- MSME फंड ऑफ फंड्स के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश किया जाएगा.
- शिशु मुद्रा लोन योजना के तहत ऋण लेने वालों को 1500 करोड़ रूपये की ब्याज सब्सिडी.
- सरकारी निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों को अगले 45 दिनों के भीतर सभी MSMEs को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है.
- स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए 200 करोड़ रुपये तक की सरकारी खरीद के लिए अब वैश्विक स्तर पर निविदाएं आमंत्रित नहीं की जाएंगी.
- 2.5 लाख किसानों के लिए 2 लाख करोड़ रु के रियायती ऋण
- लघु, सीमांत किसानों को नाबार्ड के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आपातकालीन कार्यशील पूंजी कोष उपलब्ध कराया जाएगा.
- 8 करोड़ प्रवासियों को अगले दो महीनों के लिए 10 किलो खाद्यान्न और 2 किलो दालें मुफ्त में देने के लिए 3,500 करोड़ रुपये की राशि.
- 50 लाख ठेले- रेहड़ियां लगाने वालों को संबल देने के लिए 5,000 करोड़ रु की राशि.
- शहरी गरीबों और प्रवासियों के लिए पीपीपी मोड से किफायती किराये के आवासों और परिसरों का निर्माण किया जाएगा.
- 6 लाख रुपये से 18 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किफायती आवास योजना का मार्च 2021 तक विस्तार किया जाएगा.
- आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम - 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर की गई है.
- भविष्य निधि खाते में कर्मचारियों, नियोक्ताओं का योगदान कम कर 10% किया गया है.
- TDS / TCS की मौजूदा दरों में 25% की कमी, जो 14 मई से शुरू होकर लागू 31 मार्च, 2021 तक लागू रहेगी.
- विवाद से विश्वास योजना को बिना किसी दंड के 31 दिसंबर, 2020 तक बढ़ाया गया.
- बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को 90,000 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशी की घोषणा की ताकि बिजली उत्पादक कंपनियों को भुगतान करने में मदद मिले.
- आत्म-निर्भर भारत अभियान के आर्थिक पैकेज की चौथी किश्त का फोकस आठ प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित था.
- रक्षा में, एफडीआई सीमा 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर दी गई है।
- कोयला खनन निजी क्षेत्र के लिए खोला गया; इस सेक्टर में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा.
- आर्थिक पैकेज की 5वीं किश्त का फोकस COVID के दौरान भारत में मनरेगा, स्वास्थ्य और शिक्षा, व्यवसाय में मूलभूत सुधारों पर केंद्रित था.
- मनरेगा के तहत, लौटने वाले प्रवासियों की मदद के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए.
- भारत केवल दो महीनों में ही पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE) बॉडी सूट का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है. भारत में प्रति दिन तीन लाख से अधिक पीपीई और एन 95 मास्क का उत्पादन हो रहा है.
- सीमा सड़क संगठन ने धारचूला से लिपुलेख तक जाने वाली सड़क, जिसे कैलाश-मानसरोवर यात्रा मार्ग भी कहा जाता है, का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है.
- हाल ही में जारी 'आंतरिक विस्थापन पर वैश्विक रिपोर्ट' (GRID 2020) शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार 2019 में भारत में दुनिया में

अब तक के सबसे अधिक लगभग पाँच मिलियन लोग विस्थापित हुए.

- चल रहे COVID-19 संकट के बीच पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र के पांच द्वीप देशों को सहायता प्रदान करने के लिए भारत ने 10 मई को मिशन सागर का शुभारंभ किया.
- लोकप्रिय टीवी सीरियल रामायण ने विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मनोरंजन कार्यक्रम का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। 16 मई को एक दिन में 77 मिलियन लोगों ने यह शो देखा.

## अप्रैल

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई के वित्तपोषण के लिए 1 अप्रैल, 2020 से एक वर्ष के लिए सांसदों के वेतन में 30 प्रतिशत की कटौती को मंजूरी दी.
- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपालों ने भी स्वेच्छा से कोरोना की लड़ाई का समर्थन करने के लिए एक वर्ष के लिए 30% की वेतन कटौती का फैसला किया है.
- कैबिनेट ने कोरोना से लड़ने के लिए MPLADS (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) को 2020-21 से दो साल के लिए निलंबित करने का फैसला किया.
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार 2019 में सैन्य खर्च के मामले में भारत 71.1 अरब डॉलर खर्च कर के विश्व में तीसरे स्थान पर रहा.
- ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में सर्वेक्षण में शामिल 180 देशों में से भारत 142 वें स्थान पर है.
- भारतीय वायु सेना ने COVID 19 के खिलाफ लड़ने के लिए मालदीव को 6.2 टन आवश्यक चिकित्सीय सामान की आपूर्ति करने के लिए 'ऑपरेशन संजीवनी' का आयोजन किया.

# ख़बर राज्यों से

## जुलाई

- उत्तर प्रदेश में 5 जुलाई को एक ही दिन में 25 करोड़ पौधे लगाने का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया.
- प्रधानमंत्री ने 10 जुलाई को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट का उद्घाटन किया. मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के रीवा जिले में स्थापित इस प्लांट की कुल क्षमता 750 मेगावाट है.
- भारत के पहले सार्वजनिक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन 20 जुलाई को केंद्रीय नई दिल्ली के चेम्सफोर्ड क्लब में किया गया.
- उत्तराखंड वन विभाग ने पिथौरागढ़ ज़िले में स्थित कुमाऊं के मुनस्यारी पार्क में भारत का पहला लाइकेन पार्क विकसित किया है.
- लाइकेन एक प्रकार की वनस्पति होती है, जो कई कवक प्रजातियों के तंतुओं के बीच रहने वाले शैवाल या साइनोबैक्टीरिया के संगम से बनती है.
- 10 जुलाई को आंध्र प्रदेश के गुंटूर ज़िले से सूखी मिर्च लेकर जाने वाली पहली पार्सल कार्गो ट्रेन को बांग्लादेश के लिए रवाना किया गया.
- गुजरात के सूरत ज़िले में काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र की तीसरी इकाई ने 22 जुलाई को पहली बार क्रिटिकैलिटी (निरंतर श्रृंखलात्मक प्रतिक्रिया) प्राप्त कर ली.
- देश में ही निर्मित 700 मेगावाट का यह पहला दाबित भारी जल रिऐक्टर (PHWR) है, जो कमीशनिंग के स्तर तक पहुंचा है.
- फेरी वालों को अपना व्यवसाय जारी रखने हेतु आसान वित्त प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि - पीएम स्व निधि योजना को लागू करने में मध्य प्रदेश शीर्ष पर उभरा है.
- 21 जुलाई को मिज़ोरम में शुरू हुए राज्य के पहले मेगा फूड पार्क (ज़ोरम मेगा फूड पार्क) से 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार मिलने और लगभग 25,000 किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद है.
- हिमाचल प्रदेश भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहाँ 100% घरों में एलपीजी गैस कनेक्शन हैं
- उत्तराखंड ने राज्य में उत्पन्न कचरे को बिजली में बदलने की योजना बनाई है जिसका उद्देश्य 5 मेगावाट बिजली पैदा करना और प्रदूषण पर अंकुश लगाना है.
- केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (AFSPA) की धारा 3 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर पूरे नागालैंड को दिसंबर 2020 तक "अशांत क्षेत्र" घोषित कर दिया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने 13 जुलाई को अपने ऐतिहासिक फैसले में केरल (तिरुवनंतपुरम) के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के संचालन में त्रावणकोर राजपरिवार के अधिकारों को बरकरार रखा है.
- मध्य प्रदेश पर्यटन ने राज्य के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर "इंतज़ार आप का" अभियान शुरू किया.
- विश्व बैंक ने तमिलनाडु में कम आय वाले समूहों को किफायती आवास सुलभ कराने के लिए तमिलनाडु सरकार को दो ऋण, (50 करोड़ डॉलर और 20 करोड़ डॉलर) देने को मंज़ूरी दी है.

## जून

- हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज विभाग ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ई-पंचायत पुरस्कार -2020 योजना के तहत प्रथम पुरस्कार जीता है.

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने 7 जून को 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' जारी किया. इस सूचकांक में बड़े राज्यों में गुजरात शीर्ष पर है, जिसके बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र आते हैं.
- छत्तीसगढ़ सरकार ने पशुपालन को व्यावसायिक रूप से लाभदायक बनाने, मवेशियों द्वारा खुले में चराई को रोकने, सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को हल करने के लिए गोबर खरीदने के लिए 'गोधन न्याय योजना' शुरू की है.
- ओडिशा अपने यहां के आदिवासी छात्रों के छात्रावासों के लिए ISO प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है.
- केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की 150वीं वर्षगांठ पर इसका नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट करने की स्वीकृति दे दी है.
- केरल इंटरनेट को नागरिकों का मौलिक अधिकार घोषित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.
- **बेंगलुरु का केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जिसके नए रनवे के दोनों छोरों पर स्वदेशी रूप से विकसित एविएशन वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया.

## मई

- मिज़ोरम सरकार ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देते हुए रोजगार सृजन और इससे प्राप्त लाभों में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से खेलों को "उद्योग" का दर्जा देने की घोषणा की है.
- केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक सूर्य मंदिर वाले कोणार्क नगर को सूर्य नगरी के रूप में विकसित करने के लिए ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर को 100% सौर उर्जा से संचालित करने की योजना का शुभारंभ किया है.
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव के युवा राजदूत की ओर से मणिपुर की "खुडोल" (Khudol) पहल को विश्व स्तर पर शीर्ष 10 पहलों में स्थान दिया गया है.
- इंफाल की एनजीओ Ya_All "खुडोल" के जरिए LGBTQI + समुदाय, एचआईवी पीड़ितों, दिहाड़ीदारों, बच्चों और किशोरों के भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता का ध्यान रखती है.
- मध्य प्रदेश सरकार ने भोपाल में देश की पहली 'एफआईआर आपके द्वार' योजना शुरू की.
- आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने अंबिकापुर, राजकोट, सूरत, मैसूर, इंदौर और नवी मुंबई को कचरा-मुक्ति के मामले में फाइव स्टार शहर घोषित किया है
- पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में खाली पड़ी बंजर भूमि से आय सृजन करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में बागवानी और मछली पालन शुरू करने के लिए 'मातिर समृष्टि' नामक योजना की शुरूआत की है.
- तेलंगाना खेती को विनियमित करने के उद्देश्य से किसानों को फसल उगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है.
- शुरुआत में धान की फसलें सिर्फ 50 लाख एकड़ और लाल चने की 10 लाख एकड़ तक सीमित होंगी
- कश्मीरी केसर को 'भौगोलिक संकेतक' (GI) टैग दिया गया है. बिना किसी रसायन के उपयोग के कश्मीर घाटी में उगाया जाने वाला केसर प्राकृतिक गहरे लाल रंग का होता है और इसकी तेज़ खुशबू होती है.

## अप्रैल

- 19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य संचालित की जा रही 7,368 सामुदायिक रसोइयों को जिओ टैग करने वाला देश का पहला राज्य बन गया जिसमें प्रति दिन 12 लाख भोजन पैकेट का उत्पादन होता है.
- उत्तर प्रदेश वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामलों की सुनवाई के लिए अपनी सभी अदालतों में अपेक्षित बुनियादी ढाँचा रखने वाला पहला राज्य बन गया है.
- विश्व बैंक ने प्रमुख सड़कों के उन्नयन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क ट्रांस-गठन परियोजना के लिए 8. 2 करोड़ डॉलर की राशि की मंज़ूरी दी है.

# योजनाएं एवं नीतियां

## जुलाई

- संशोधित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 20 जुलाई 2020 को लागू हो गया. नया अधिनियम उत्पाद दायित्व की अवधारणा का परिचय देता है और मुआवजे के लिए किसी भी दावे के लिए उत्पाद निर्माता, सेवा प्रदाता और विक्रेता को दायरे में लाता है.
- सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए अपने उत्पादों पर निर्माता देश अंकित करना अनिवार्य कर दिया है.
- अब ई-कॉमर्स कंपनियों को अन्य शुल्कों के विवरण के साथ-साथ बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमत भी दिखानी होगी.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रूपए की एक नए पैन इंडिया सेंट्रल सेक्टर स्कीम- “एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड” को अपनी मंज़ूरी दी.
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने डिजिटल शिक्षा के लिए 'प्रज्ञाता' (PRAGYATA) 'दिशानिर्देश जारी किया, जिसमें कहा गया है कि प्री-प्राइमरी के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए.

Telegram

## Government Jobs Made Easy




For Free Learning

Join the

**Gyanm Telegram Channel**

**http://t.me/gyanm34**

www.gyanm.in

- “नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट” (NISHTHA) कार्यक्रम पहली बार वर्चुअल मोड में आंध्र प्रदेश में **शुरू** किया.
- NISHTHA बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित है और इसमें शिक्षा का पाठ्यक्रम भी शामिल है. इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है.
- युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 1 करोड़ युवा स्वयंसेवक जुटाने के अपने संकल्प को मज़बूत करने हेतु यूनिसेफ (पेरिस) के साथ भागीदारी की है.
- मंत्रालय ने भारतीय युवाओं में स्वैच्छिकता को बढ़ावा देने में साझेदारी के लिए युवा (यूनिसेफ द्वारा गठित बहु-हितधारक मंच) के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं.
- मछली किसानों को हर समय मछली के शुक्राणुओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने हेतु सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में दुनिया का पहली मछली क्रायोबैंक स्थापित किया.
- क्रायोबैंक भविष्य के उपयोग के लिए कम तापमान (आमतौर पर -196.5 डिग्री सेल्सियस) पर वीर्य को जमाने और संरक्षित करने की सुविधा है.
- केंद्र सरकार ने कुशल लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर खोजने में मदद करने के लिए एक नया आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण या मैपिंग (ASEEM) पोर्टल शुरू किया है.
- विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) ने देश भर में अनुसंधान में इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के लिए एकल मंच प्रदान करने हेतु 'एक्सेलरेट (accelerate) विज्ञान' नामक नई योजना शुरू की है.
- भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इकाई इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT), मानेसर (हरियाणा) ने मोटर वाहन की तकनीकी क्षमता में सुधार के लिए ASPIRE (ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस पोर्टल फॉर इंडस्ट्री, रिसर्च एंड एजुकेशन) नामक ई-पोर्टल लॉन्च किया है.
- CBSE ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में कक्षा XI और XII के लिए एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पाठ्यक्रम एकीकृत किया है.
- वर्तमान कोरोना संकट के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को मनो-सामाजिक सहयोग प्रदान करने के लिए मनो-दर्पन पहल शुरू की गई.
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने COVID-19 संकट के बीच अगले 12 महीनों में भारत के युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी की है.
- कोविड -19 महामारी के बीच भारत अंतर्राष्ट्रीय यातायात को फिर से शुरू करने के नए तरीके के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी के साथ द्विपक्षीय एयर बबल्स व्यवस्था को अंतिम रूप देने वाला है.
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी IIT, NIT और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों से स्वैच्छिक आधार पर अपने निकटवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों को अपनाने के लिए संपर्क किया है.
- इस पहल का उद्देश्य देश के सड़क अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के प्रति छात्रों और शिक्षकों की बौद्धिक समझदारी का लाभ उठाना है.
- रेलवे का लक्ष्य है कि वह अपनी ऊर्जा की जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर होकर अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपनी खाली भूमि का उपयोग करके 2030 तक 'नेट ज़ीरो' कार्बन उत्सर्जन जन परिवहन नेटवर्क के रूप में परिवर्तित हो जाए.
- ऑल इंडिया रेडियो ने 4 जून से 'संस्कृत साप्ताहिकी' में अपने पहले संस्कृत समाचार पत्रिका कार्यक्रम के प्रसारण की शुरुआत की.
- रेलवे ने 109 मूल गंतव्यों पर निजी ऑपरेटरों द्वारा चलाई जाने वाली 151 ट्रेनों का प्रस्ताव देकर निजी भागीदारी के लिए अनुरोध किया है.

## जून

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) की स्थापना को मंजूरी दी है.
- इसका उद्देश्य नियामक वातावरण के माध्यम से अंतरिक्ष गतिविधियों की पूरी श्रृंखला में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ साथ अनुकूल मार्गदर्शक करना भी है.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को कोरोनोवायरस प्रकोप और लॉकडाउन के बीच घर लौट रहे प्रवासी कामगारों के लिए ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर के सृजन के लिए “गरीब कल्याण रोज़गार अभियान” का शुभारंभ किया.
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शहरी मामलों के मंत्रालय के सहयोग से एक संयुक्त “द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP)” नामक कार्यक्रम लॉन्च किया है.
- इस कार्यक्रम में नए इंजीनियरिंग स्नातकों को देश भर के 4,400 शहरी स्थानीय निकायों और 100 स्मार्ट शहरों में प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे.
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने आईबीएम के साथ साझेदारी में भारत में कारोबारियों को नए संसाधन प्रदान करने के उद्देश्य से फ्री डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म 'स्किल बिल्ड रिग्नाइट' का अनावरण किया
- भारत सरकार ने 'वंदे भारत मिशन' के तहत विदेशों से लौटने वाले भारतीय नागरिकों का कौशल मानचित्रण करने के लिए एक नई पहल 'SWADES' (स्किल्ड वर्कर्स अराइवल डेटाबेस फॉर एम्प्लॉयमेंट सपोर्ट) शुरू की है.

- रेहड़ी - फड़ी वालों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना यानी पीएम स्व-निधि की शुरुआत की है.
- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित यह योजना रेहड़ी - फड़ी वालों को 10,000 रुपये तक के कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करती है.
- सरकार ने पशुपालन, डेयरी और पशुधन से संबंधित उद्यमों से जुड़े बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु 15,000 करोड़ रू की पशुपालन अवसंरचना विकास निधि स्थापित करने का फैसला किया है.
- उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक क्षमता और इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप से संबंधित जानकारी रखने में मदद करने के लिए YUKTI 2.0 (यंग इंडिया कॉम्बेटिंग कोविड विद नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन) नामक पहल की शुरुआत की है.
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन में सुधार के लिए Science and Technology Yojana for Aatmanirbhar Bharat in Mining Advancement - SATYABHAMA योजना लॉन्च की गई.
- देश का पहला देशव्यापी ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, इंडियन गैस एक्सचेंज (IGX) बाजार सहभागियों को मानक गैस अनुबंधों में व्यापार करने में सक्षम बनाने के लिए लॉन्च किया गया.
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने देश में पहली संक्रामक रोग निदान प्रयोगशाला विकसित की.
- बीएसएल -2 सुविधा से युक्त इस प्रयोगशाला में बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र, रीयल-टाइम रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन-पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) और ऑन-साइट एलिसा परीक्षण की सुविधा है.
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने COVID-19 महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद देने के लिए एक वेब-आधारित समाधान 'आरोग्य पथ" नामक पोर्टल शुरू किया है.
- गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण की समीक्षा करने के लिए गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी के नेतृत्व एक नई समिति का पुनर्गठन किया है.
- गृह मंत्रालय के एक विशेष प्रभाग के पास लगभग 30,000 स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों को पेंशन वितरित करने का काम है.
- आयातित वस्तुओं की तेज़ गति से सीमा शुल्क निकासी हेतु केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने बेंगलुरु और चेन्नई में प्रौद्योगिकी-आधारित प्रमुख कार्यक्रम 'तुरंत कस्टम्स' लॉन्च किया है.
- युवाओं को पेड इंटर्नशिप प्रदान करने और युवा सहकारों को ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए "सहकार मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम" शुरू किया गया.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में किसानों और व्यापारियों को कृषि उत्पादों की उन्मुक्त बिक्री और खरीद की सुविधा के लिए 'वन इंडिया, वन एग्रीकल्चर मार्केट' के स्थापन के लिए अध्यादेश को मंजूरी दे दी है.
- भारत 3 जून को रियल-टाइम विद्युत् ऊर्जा मार्केट (RTM) बनाने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है. इसके माध्यम से उपभोक्ता आपूर्ति से ठीक एक घंटे पहले बिजली की खरीद कर सकेंगे.
- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून के अवसर पर it #iCommit 'अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य ऊर्जा लचीला भविष्य का निर्माण करना है.
- अगले पांच वर्षों में देश भर में 200 शहरी वनों को विकसित करने के लिए नगर वन (शहरी वन) योजना शुरू की गई.

## मई

- जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने डिजिटल माध्यम से आदिवासी युवाओं को मेंटरशिप प्रदान करने के लिए फेसबुक की साझेदारी में GOAL - Going Online As Leaders" नामक कार्यक्रम का शुभारंभ किया है.
- भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने केंद्रीय सब्सिडी युक्त गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारीवाली पेंशन योजना प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (संशोधित- 2020) शुरू की है.
- इस प्लान में न्यूनतम 1,62,162 रुपये से अधिकतम 15 लाख रु का निवेश करके न्यूनतम कर 1,000 रुपये से लेकर 9,250 रुपये तक की मासिक पेंशन मिल सकती है.
- कोरोनोवायरस लॉकडाउन के कारण विदेश में फंसे लाखों भारतीय नागरिकों को घर लाने के लिए सरकार ने विशेष उड़ानें संचालित करने के लिए "वंदे भारत मिशन" शुरू किया.
- भारतीय नौसेना ने माले से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन "समुंद्र सेतु" (सी ब्रिज) शुरू किया.
- MSME मंत्रालय ने भारतीय MSMEs को राष्ट्रीय और वैश्विक चैंपियन बनाने में सहायता करने के लिए CHAMPIONS पोर्टल (www.Champions.gov.in) लॉन्च किया।
- चैंपियन का अर्थ है "Creation and Harmonious Application of Modern Processes for Increasing the Output and National Strength".
- समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य पालन के विकास के लिए रु 20,000 करोड़ की "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा (मत्स्य धन) योजना" आरम्भ.
- जेईई और एनईईटी परीक्षाओं के उम्मीदवारों को मुफ्त मॉक टेस्ट देने के लिए नेशनल टेस्ट अभ्यास नामक ऐप लॉन्च किया गया.
- गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि 01 जून, 2020 से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) की सभी ड्राई कैंटीन केवल स्वदेशी उत्पाद बेचेंगी.

➢ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने किसानों को आपूर्ति श्रृंखला और माल परिवहन प्रबंधन प्रणाली से जोड़ने के लिए किसान सभा ऐप का शुभारंभ किया है.

➢ यह किसानों, ट्रांसपोर्टरों, सेवा प्रदाताओं जैसे कीटनाशक / उर्वरक डीलरों, कोल्ड स्टोर और गोदाम मालिक, संस्थागत खरीदारों और अन्य संबंधित संस्थाओं को प्रभावी समाधान के लिए जोड़ेगा.

## अप्रैल

➢ COVID-19 के प्रकोप से निपटने के लिए COVID-19 ट्रैकिंग ऐप आरोग्य सेतु केंद्र सरकार द्वारा 2 अप्रैल को लॉन्च किया गया.

➢ COVID-19 के प्रबंधन के लिए निर्णय लेने में मदद करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक एकीकृत भू-स्थानिक मंच "सहयोग" लॉन्च किया गया.

➢ ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को तैयार करने और योजना बनाने के लिए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया.

➢ स्वामीत्व' योजना 6 राज्यों में पायलट मोड में शुरू की गई, जिसमें ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्र की आवासीय भूमि की मैपिंग ड्रोन तकनीक से की गई.

➢ केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत 1 अप्रैल, 2020 से मैनुअल मजदूरों को देय मजदूरी दर में 13 रु से लेकर 34 रु की बढ़ोतरी करने को को मंजूरी दे दी.

➢ कृषि मंत्रालय ने तालाबंदी के दौरान खाद्यान्न, फलों और सब्जियों के परिवहन को आसान बनाने हेतु किसान रथ मोबाइल ऐप लॉन्च किया.

➢ CBSE) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 से कक्षा 11 के विद्यार्थियों को लिए तीन नए विषयों - डिजाइन थिंकिंग, फिज़िकल एक्टिविटी ट्रेनर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - का विकल्प देने का फैसला किया है.

# उद्योग-अर्थव्यवस्था

## जुलाई

➢ भारत ने अमेरिका के साथ आपातकालीन कच्चे तेल भंडार पर सहयोग के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत द्वारा अमेरिकी आपातकालीन भंडार में तेल का भंडारण करने की संभावना भी शामिल है.

➢ वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए डेटा से पता चलता है कि यूएसए 2019-20 में लगातार दूसरे वित्तीय वर्ष में भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है.

➢ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से सार्वजनिक खरीद पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सामान्य वित्तीय नियम 2017 में संशोधन किया है.

➢ गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत डिजिटलीकरण कोष के लिए गूगल के माध्यम से अगले 5 से 7 वर्षों में भारत में 75,000 करोड़ रु निवेश की घोषणा की है.

➢ विश्व बैंक ने COVID-19 महामारी से प्रभावित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के धन प्रवाह को प्रोत्साहन देने के लिए 75 करोड़ डॉलर के MSME आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रम की घोषणा की.

➢ एनएलसी इंडिया लिमिटेड और कोल इंडिया लिमिटेड ने पैन-इंडिया आधार पर सौर और थर्मल पावर परिसंपत्तियों के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम के गठन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.

➢ 24 जुलाई को रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने 14 लाख करोड़ रुपये के बाजार-मूल्यांकन मूल्य को पार किया, जो उस बेंचमार्क तक पहुंचने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई.

## जून

➢ मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति अपना नकारात्मक दृष्टिकोण बरक़रार रखते हुए भारत की क्रेडिट रेटिंग को Baa2 से Baa3 के निम्नतम स्तर पर कर दिया है.

➢ कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने चीनी उत्पादों के बहिष्कार को लेकर राष्ट्रीय अभियान 'भारतीय सामान-हमारा अभिमान' शुरू किया है जिसका उद्देश्य दिसंबर 2021 तक चीनी उत्पादों के आयात में लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये की कमी लाना है.

➢ CCEA ने खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की

➢ धान - 1,888 रुपए, कपास- लंबी - 5825 रुपए, मूंगफली- 5275 रुपए, मक्का - 1,850 रुपए, तुअर / उरद दाल - 6000 रुपए, मूंग दाल - 7196 रुपए, सूरजमुखी - 5885 रुपए

➢ घरेलू बांस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने तत्काल प्रभाव से बांस आयात पर सीमा शुल्क 10% से बढ़ाकर 25% कर दिया.

➢ केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ने 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी होने वाली एमएसएमई की परिभाषा और मानदंड में संशोधन कर के इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करने से जुडी अधिसूचना जारी कर दी है.

➢ एक करोड़ रुपये तक के निवेश और 5 करोड़ रुपये तक के कारोबार वाले विनिर्माण और सेवा उद्यमों को सूक्ष्म उद्यमों के तौर पर वर्गीकृत किया जाएगा.

➢ लघु उद्यमों के लिए निवेश की सीमा को संशोधित कर 10 करोड़ रुपये और टर्नओवर की सीमा 50 करोड़ रुपये रखी गई है.

➢ 20 करोड़ रुपये तक के निवेश और 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले उद्यम को मध्यम उद्यम कहा जाएगा.

- भारतीय रेलवे ने पहली डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेन का सफल संचालन कर नया वैश्विक मानदंड स्थापित किया है. इस ट्रेन में कंटेनरों की दो परतें थीं, जो एक के ऊपर एक रखी हुई थीं.
- इस ट्रेन का संचालन 10 जून को गुजरात के पालनपुर और बोटाद स्टेशनों के बीच किया गया, जिनकी दूरी 338 किमी है.

## मई

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 2019-20 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर गिरकर 3.1 फीसदी पर आ गई है.
- यह बीते 11 साल का सबसे निचला स्तर है जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी रही थी.
- भारतीय रेलवे ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत देश में विनिर्मित 12000 हॉर्सपावर क्षमता के सर्वाधिक शक्तिशाली रेल इंजन का वाणिज्यिक परिचालन उत्तर प्रदेश में शुरू किया.
- इस इंजन को फ्रांस की कंपनी एलस्टम (Alstom) के सहयोग से बिहार में रेलवे के मधेपुरा सयंत्र में बनाया गया है.
- ओएनजीसी और एनटीपीसी ने अक्षय ऊर्जा परियोजना, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाएँ भी शामिल हैं, के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित करने से संबंधित MoU पर हस्ताक्षर किए.

## अप्रैल

- भारत के तेल-खुदरा-टेलीकॉम समूह रिलायंस जियो प्लेटफार्मों में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए फेसबुक ने 43,574 करोड़ रुपये का निवेश किया.
- टीवीएस मोटर की विदेशी सहायक कंपनी टीवीएस मोटर सिंगापुर पीटीई लिमिटेड ने यूके के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल ब्रांड 'नॉर्टन' का अधिग्रहण किया.

# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## जुलाई

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को 517.64 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया, जो चीन, जापान, स्विट्जरलैंड और रूस के बाद दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी रैंकिंग है.
- NPCI ने 2000 रुपये तक के मोबाइल बिल, बिजली बिल, EMI भुगतान और ऋण भुगतान आदि के आवर्ती भुगतान के लिए UPI AutoPay सुविधा शुरू की.
- IRDAI ने 30 सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को अल्पकालिक 'कोरोना कवच' स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों को लॉन्च करने की अनुमति दी है.
- RBI के अनुसार, तमिलनाडु देश के राज्यों के बीच बाजार से उधार लेने में सबसे ऊपर है. कुल उधार में तमिलनाडु का 17% हिस्सा है.
- एचडीएफसी बैंक ने 1,000 शहरों में अपने ग्राहकों को जिपड्राइव नामक तत्काल ऑटो ऋण देने की योजना की घोषणा की.
- HDFC बैंक ने देश भर में किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए ई-किसान धन ऐप लॉन्च किया है. जिसके माध्यम से किसान बैंकिंग और कृषि दोनों सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे.
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने सभी ग्राहकों के लिए 'इंस्टा क्लिक सेविंग अकाउंट' नामक डिजिटल सेल्फ-असिस्टेड ऑनलाइन बचत खाता लॉन्च किया.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (UBI) ने अपने ग्राहकों को LIC पॉलिसियां देने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता करने की घोषणा की.

## जून

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सभी शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों को आरबीआई की देखरेख में लाने के लिए अध्यादेश पारित किया.
- आरबीआई ने भारत में पूर्वोत्तर और ग्रामीण जिलों में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में सुधार और समर्थन के लिए 500 करोड़ रुपये का भुगतान अवसंरचना विकास कोष की स्थापना की है.
- RBI ने निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व, शासन और कॉर्पोरेट संरचना की समीक्षा करने के लिए RBI के सेंट्रल बोर्ड के निदेशक, पी के मोहंती के नेतृत्व में एक पाँच सदस्यीय आंतरिक कार्य समूह का गठन किया.
- एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एग्ज़िम बैंक) द्वारा निकारागुआ गणराज्य में एल्डो चावरिया अस्पताल के पुनर्निर्माण के लिए 2.01 करोड़ डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) को विस्तारित किया गया.
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने कृषि, गृह, एमएसएमई, ऑटो और व्यक्तिगत ऋण सहित अपनी सम्पूर्ण ऋण प्रणाली को डिजिटल बनाने का निर्णय लिया.
- ICICI होम फाइनेंस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, निम्न-मध्यम-आय वाले और EWS ग्राहकों के लिए गृह ऋणों के लिए विशेष किफायती आवास ऋण योजना सरल (SARAL) शुरू की है
- ICICI बैंक ने अपने वेतन खाता ग्राहकों के लिए ऑनलाइन ओवरड्राफ्ट (OD) सुविधा 'इंस्टा फ्लेक्सीकैश' शुरू की है.

## मई

- 22 मई को RBI ने रेपो रेट को 40 बेसिस प्वॉइंट घटाकर 4.5% कर दिया. रिवर्स रेपो दर भी 3.35% पर आ गई. बैंक दर और एमएसएफ अब 4.25% है.
- सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि सभी सहकारी बैंक डिफ़ॉल्ट उधारकर्ताओं से वसूली करने के लिए SARFAESI अधिनियम का उपयोग कर सकते हैं.
- कोटक महिंद्रा बैंक ने एक अनूठी पहल में कोटक 811 बचत खाता खोलने के लिए वीडियो केवाईसी प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की.
- खाता खोलने की यह प्रक्रिया सम्पर्क- रहित, पूर्णतया डिजिटल और काग़ज़ -रहित होकर सम्पूर्ण केवाईसी प्रक्रिया संपन्न करती है.

## अप्रैल

- सरकार ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत बैंकिंग उद्योग को 21 अक्टूबर तक छह महीने के लिए सार्वजनिक उपयोगिता सेवा घोषित किया है.
- RBI ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को COVID-19 द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने के लिए नकदी के संरक्षण के लिए मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कोई लाभांश घोषित नहीं करने को कहा है.

# रक्षा/विज्ञान टेक्नोलॉजी

## जुलाई

- रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों को उनकी आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालिक सैन्य सामग्री की खरीद के लिए अधिकार प्रदान किए.
- रक्षा मंत्रालय ने आखिरकार भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (PC) देने से संबंधित औपचारिक स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है.
- भारतीय नौसेना ने केरल में भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में अपने सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की
- भारतीय नौसैनिक जहाज़ों ने हिंद महासागर में अंडमान - निकोबार द्वीप समूह के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान वाहक यूएसएस निमित्ज़ कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ 'पासेक्स' (PASSEX) अभ्यास का आयोजन किया.
- DRDO ने ओडिशा के बालासोर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में हेलिकॉप्टर द्वारा लॉन्च किये जाने वाले एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र' का परीक्षण किया.
- DRDO ने भारतीय सेना को 'भारत' नामक ड्रोन प्रदान किया है जिस से सेना को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास ऊंचे और पहाड़ी इलाकों में, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख में, सटीक निगरानी करने में मदद मिलेगी.
- बोइंग इंडिया ने AH-64E अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खेप के अंतिम पांच हेलीकॉप्टर और 15 सीएच -47 एफ (I) की खेप के अंतिम पांच, भारी-भरकम चिनूक हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना को सौंप दिए.
- DRDO ने P7 हैवी ड्रॉप सिस्टम विकसित किया है, जो सैन्य कार्गो विमान 'IL 76 गजराज ' से 7-टन वजन तक के सैन्य स्टोर को गिराने में सक्षम है.
- आईआईटी, दिल्ली द्वारा कोरोना वायरस के लिए दुनिया की सबसे सस्ती डायग्नोस्टिक टेस्ट किट Corosure विकसित की गई है.
- भारत और इज़राइल ने संयुक्त रूप से COVID-19 के लिए एक अल्ट्रा रैपिड टेस्टिंग किट विकसित की है जो केवल 30 सेकंड में परिणाम दे सकती है
- ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने भारत के पहले पूर्ण रूप से विकसित न्यूमोकोकल पॉलीसेकेराइड कंजुगेट वैक्सीन (न्यूमोनिया वैक्सीन) को मंजूरी दे दी है.
- 88 वर्षों के बाद हिमालयन गोल्डन बर्डविंग तितली को भारत की सबसे बड़ी तितली नामित किया गया है. 194 मिमी पंखों वाली मादा गोल्डन बर्डविंग उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के दीदीहाट कस्बे में देखी गई.
- 6 जुलाई को भारत का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप "Elyments" लॉन्च किया गया. इस स्वदेशी ऐप से उपयोगकर्ता सजीव फ़ीड, मुफ्त ऑडियो / वीडियो कॉल और पर्सनल/ग्रुप चैट के माध्यम से संपर्क में रह सकते हैं.
- रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऐप Zoom को टक्कर देने के लिए असीमित मुफ्त कॉलिंग और HD ऑडियो-विडिओ वाली JioMeet सर्विस लॉन्च की है.
- इसमें स्क्रीन शेयरिंग, मीटिंग शेड्यूल फ़ीचर और अन्य बहुत सी सुविधाएँ हैं लेकिन ज़ूम के विपरीत इसमें 40 मिनट की समय सीमा नहीं है और कॉल 24 घंटे तक चल सकती हैं.
- चीन ने 23 जुलाई को तिआनवेन 1 नाम से अपना पहला मार्स रोवर सफलतापूर्वक लांच किया. इस एक ही मिशन में मंगल ग्रह की परिक्रमा, इस पर लैंड करने और गश्त करने का लक्ष्य पूरा किया जाना है.
- 20 जुलाई को दक्षिण कोरिया का पहला सैन्य उपग्रह "ANASIS-II" फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से फ्लोरिडा के केप कैनावेरल एयर फोर्स स्टेशन से निजी ऑपरेटर स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किया गया.
- चीन ने Xichang सेटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 3B करियर रॉकेट के माध्यम से अपने" APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया.

- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)मंगल ग्रह पर यान भेजने वाला दुनिया का पहला अरब देश बन गया है. होप नामक इस मंगलयान को जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया .

## जून

- भारतीय नौसेना ने अपनी पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमता को और मज़बूत करने के लिए स्वदेश निर्मित उन्नत टॉर्पीडो विध्वंसक प्रणाली 'मारीच' को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है.
- भारतीय नौसेना ने पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में गहरे पानी में बचाव कार्यों को अंजाम देने वाले अपने Deep Submergence Rescue Vehicle, DSRV का अनावरण किया.
- भारतीय वायु सेना ने एकाकी परिवहन के लिए "Airborne Rescue Pod for Isolated Transportation" (ARPIT) डिज़ाइन कर इसका निर्माण किया है.
- IIT- बॉम्बे ने देशी चिप "ध्रुव" बनाई है, जिसे सेल फोन और रूट गैजेट्स में लगाकर देश के अंदर स्थित जगहों और मार्गों की खोज के लिए उपयोग किया जा सकता है.
- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (कोलकाता) ने फास्ट पैट्रोल वेसल्स (FPV) श्रृंखला का पांचवा और आखिरी पोत **ICGS कनकलता बरुआ** भारतीय तटरक्षक बल को सौंप दिया है.
- दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुँचाने के लिए अपने अंतरिक्ष यान ड्रैगन को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सफलतापूर्वक डॉक करने वाली SpaceX पहली निजी कंपनी बन गई.

## मई

- भारतीय वायु सेना ने कोयंबटूर (तमिलनाडु) के पास सुल्लुर बेस पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस से लैस 'फ्लाइंग बुलेट' नामक अपना 18वां स्क्वॉड्रन शुरू किया.
- भारतीय तटरक्षक बल ने गोवा के पणजी में अपतटीय गश्ती पोत ICGS सचेत और दो अवरोधक (इंटरसेप्टर) नौकाओं C- 450 और C-451 का जलावतरण किया.

## अप्रैल

- ट्रंप प्रशासन ने 15.5 करोड़ डॉलर की हार्पून ब्लॉक II एयर लॉन्चड मिसाइलें और हल्के वज़न के टॉरपीडो भारत को बेचने की मंजूरी दे दी है.

# अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

## जुलाई

- जलवायु कार्रवाई पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का चौथा संस्करण वर्चुअल माध्यम से यूरोपीय संघ, चीन तथा कनाडा की सह-अध्यक्षता में आयोजित किया गया.
- तुर्कमेनिस्तान जिनेवा में स्थित WTO के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने वाला अंतिम पूर्व सोवियत गणराज्य बन गया है.
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण पूर्व एशियाई कार्यालय के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र (SEAR) के दो देश मालदीव और श्रीलंका चेचक और खसरे से मुक्त हो गए हैं.
- जर्मनी ने 2038 तक कोयला- आधारित बिजली उत्पादन समाप्त करने के साथ ही लिग्नाइट और हार्ड कोल बिजली संयंत्रों को बंद करने की समय सारणी तैयार करने और ऑपरेटरों को मुआवज़े के भुगतान के लिए एक कानून पारित किया है.
- 1 जुलाई को लगभग 78% रूसी मतदाताओं ने पुतिन द्वारा 2036 तक अपने पद पर बने रहने से संबंधित संवैधानिक सुधारों के लिए अपना मज़बूत समर्थन दिया.

## जून

- द्विवार्षिक आसियान (एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस) समिट 2020 का 36 वां संस्करण जून में हनोई, वियतनाम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया.
- जर्मनी ने 3 जुलाई, 2021 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ, कॉटन बड्स और खाद्य पदार्थ कंटेनरों, पॉलीस्टीरीन कपों और बक्सों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया.
- भारत के बाहर दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय अमेरिका के लॉस एंजिल्स में शुरू किया गया है. इस विश्वविद्यालय का नाम विवेकानंद योग विश्वविद्यालय रखा गया है.
- मानवरहित चीनी पनडुब्बी (सबमर्सिबल) ने महासागर के नीचे विश्व के सबसे गहरे बिंदु (10,907 मीटर की गहराई) तक गोता लगाने का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है.
- अमेरिका में एक अश्वेत आदमी की मौत पर नाराजगी व्यक्त कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उग्र प्रदर्शन किया जिसके कारण 40 से अधिक अमेरिकी शहरों में अफरातफ़री फैल गई.
- लॉस एंजिल्स से लेकर मियामी और शिकागो तक प्रदर्शनकारियों ने जॉर्ज फ्लॉयड के मुखौटे पहने हुए थे, जिसमें से अधिकतर पर लिखा था "मुझे सांस नहीं आ रही".
- दिग्गज वैश्विक स्तरीय कंपनी एप्पल इंक 1.5 ख़रब डॉलर के बाज़ार पूंजीकरण स्तर तक पहुंचने वाली पहली अमेरिकी कंपनी बन गई है.

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल' (C-TAP) लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य COVID-19 से जंग में प्रयुक्त विभिन्न स्वास्थ्य तकनीकों और उत्पादों जैसे टीकों, परीक्षणों और उपचार को सब के लिए सुलभ बनाना है.
- QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, जबकि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और हावर्ड यूनिवर्सिटी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद हैं.

## मई

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सैन्य मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 18 साल पहले 2002 में रूस के साथ की गई मुक्त आकाश संधि से अलग होने की घोषणा की है.
- इस संधि के तहत निशस्त्र हवाई निगरानी क्षेत्र स्थापित किया गया है, जिससे सदस्य देशों के हवाई क्षेत्रों पर निगरानी करना संभव है.
- कैलाश सत्यार्थी और 88 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने लॉकडाउन के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए विभिन्न देशों की सरकारों से एक हजार अरब डॉलर की मदद का आह्वान किया है.
- भारत ने जिंजा (युगांडा) में "INDIA"  नामक सैन्य युद्ध  क्रिया केंद्र की स्थापना कर इसे युगांडा की पीपल्ज़ डिफेंस फोर्सेज़ को सौंप दिया है.
- संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन और WHO ने संयुक्त रूप से 8 मई को चेचक के उन्मूलन की 40 वीं वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक डाक टिकट जारी किया.
- ईरान सरकार ने अपनी मुद्रा “रियाल” को बंद कर  इसके स्थान पर “टोमन” शुरू करने के अपने निर्णय को क्रियान्वित करने के लिए देश के मौद्रिक और बैंकिंग अधिनियम में संशोधन किया है. एक टॉमन 10,000 रियाल के बराबर है.

## अप्रैल

- 28 अप्रैल को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ब्रिक्स समूह के वर्तमान अध्यक्ष रूस द्वारा ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- भारत समेत 30 देशों के साथ पीटरबर्ग क्लाइमेट डायलॉग के 11वें सत्र की मेजबानी जर्मनी ने 28 अप्रैल को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए की.
- यूएसए ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए अमेरिकी फंडिंग को रोकने का फैसला किया है, जिसमें उसने कोरोनोवायरस के प्रसार को व्यापक रूप से कुप्रबंधन और कवर करने का आरोप लगाया है.
- इतिहास में पहली बार, अमेरिकी तेल की कीमतें 20 अप्रैल को नकारात्मक हो गईं दुनिया में सबसे अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे तेल, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट की कीमतें 0 डॉलर से नीचे गिरकर -$ 40.32 प्रति बैरल हो गई.
- सऊदी अरब ने अपने यहां नाबालिगों द्वारा किए गए अपराधों के मामले में मौत की सजा समाप्त करने की घोषणा की है. इसकी बजाय अपराधी को किशोर सुधार गृह में अधिकतम 10 साल तक रहने की सज़ा मिलेगी.

# चर्चित चेहरे

## जुलाई

**प्रियंका चोपड़ा जोनास:** बॉलीवुड अभिनेत्री को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव )TIFF) 2020 का राजदूत (एंबेसडर) चुना गया है.

**रोशनी नाडर मल्होत्रा:** भारत की सबसे अमीर महिला एक सूचीबद्ध भारतीय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी( कंपनी का नेतृत्व करने **वाली पहली** महिला बन गई हैं.

**ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन:** रेसलर से अमेरिकी अभिनेता बने जॉनसन, काइली जेनर को पीछे छोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलिब्रिटी बन गए हैं.

## जून

**अनमोल नारंग:** 23 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी सिख महिला ने वेस्ट प्वाइंट (न्यूयॉर्क) में स्थित प्रतिष्ठित अमेरिकी सैन्य अकादमी से पास आउट पहली  सिखधर्मी महिला बनकर इतिहास रच दिया है.

**एम एम नेत्रा:** मदुरै (तमिलनाडु) के एक सैलून मालिक की 13 वर्षीय बेटी को यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड पीस (UNADAP) की गुडविल एंबेसडर टू द पूअर नियुक्त किया गया है.

**विराट कोहली:** वर्ष 2020 के लिए दुनिया के 100 सर्वाधिक कमाऊ खिलाड़ियों की फोर्ब्स सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं.

## मई

- **डॉ. शोभना नरसिम्हन:** बेंगलुरु के जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च की प्रोफेसर, जो नैनो मैटेरियल के डिज़ाइन और गुणों पर अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए विख्यात हैं, को अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कैम्ब्रिज (यूएसए) का अंतरराष्ट्रीय मानद सदस्य चुना गया है.
- **रॉबर्टो अज़ेवेदो:** जेनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना कार्यकाल समाप्त होने से एक साल पहले ही 31 अगस्त को इस्तीफा देने का फैसला किया है. ब्राजील के पूर्व राजनयिक रहे अज़ेवेदो 1 सितंबर 2013 को विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख बने थे.

## अप्रैल

**महाराजा रणजीत सिंह:** 19वीं शताब्दी में पंजाब में स्थापित सिख साम्राज्य के दिग्गज भारतीय शासक / राजा को बीबीसी वर्ल्ड हिस्ट्री मैगज़ीन द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में दुनिया में' अब तक का सबसे महान नेता' चुना गया है.

**न्यायमूर्ति रंजन गोगोई:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 16 मार्च को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राज्यसभा के लिए नामित किया.

**बाइज़ू रवीन्द्रन, गौरव गुप्ता होनहार युवाओं में**
बायजूस क्लासेस के संस्थापक बायजू रवीन्द्रन और ज़ोमेटो के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता उन पाँच भारतीयों में शामिल हैं, जिन्हें विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की गयी 40 वर्ष से कम आयु के 115 युवा वैश्विक नेताओं की नई सूची में शामिल किया गया है.

**बिल गेट्स:** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक मंडल से पद छोड़ने की घोषणा की. उन्होंने वारेन फेट के बर्कशायर हैथवे इंक का बोर्ड पद भी छोड़ दिया है, जिस पर वे 2004 से सेवारत थे.

**सत्यरूप सिद्धान्त:** भारतीय पर्वतारोही ने 7 चोटियों और 7 ज्वालामुखियों के शिखरों को फतह कर दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही होने के लिए लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज किया.

# नयी नियुक्तियां

## जुलाई

**केके वेणुगोपाल:** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा 1 जुलाई से अतिरिक्त एक वर्ष के लिए भारत के अटॉर्नी जनरल नियुक्त किये गये हैं.

**तुषार मेहता:** एक जुलाई से तीन साल की अवधि के लिए भारत के सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किये गये हैं.

**पी प्रवीण सिद्धार्थ:** राष्ट्रपति सचिवालय में स्पेशल ड्यूटी पर तैनात अधिकारी (OSD) को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का नया निजी सचिव नियुक्त किया गया है.

**रुद्रेंद्र टंडन:** अफगानिस्तान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए.

**विक्रम दुरईस्वामी:** बांग्लादेश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए.

**डॉ. विधु पी. नायर:** तुर्कमेनिस्तान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए हैं.

**अशोक लवासा:** बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अपना उपाध्यक्ष नियुक्त किया है.

**रविंदर भाकर:** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किये गए हैं.

**राजकिरण राय:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यकाल दो साल के लिए (31 मई, 2022) बढ़ा दिया गया है.

**श्रीकांत माधव वैद्य:** देश की सर्वाधिक बड़ी और कमाऊ कंपनियों में शामिल इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के नए अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**इंद्र मणि पांडे:** वरिष्ठ राजनयिक को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए भारत का अगला राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है.

**जीन कास्टेक्स:** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा फ्रांस के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए हैं. इससे पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री एडवर्ड फिलिप ने पिछले दिन इस्तीफा दे दिया था.

**ली सियन लूंग:** पुनः चौथी बार सिंगापुर के प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

**आंद्रेज़ डूडा:** पांच साल के कार्यकाल के लिए पुनः पोलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**गुडनी जोहान्सन:** चार साल के कार्यकाल के लिए पुनः आइसलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**लाजर चकवेरा:** दक्षिण पूर्व अफ्रीका के छोटे से देश मलावी के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**माइकल मार्टिन:** आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

## जून

**उदय कोटक:** जाने-माने बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने वर्ष 2020-21 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष का पदभार संभाला.

**सुश्री गायत्री आई. कुमार:** ब्रिटेन में भारत की अगली उच्चायुक्त नियुक्त की गयी हैं. सभी राष्ट्रमंडल देशों में भारत के राजदूतों को उच्चायुक्त कहा जाता है.

**कृष्णेंदु मजुमदार:** प्रसिद्ध टेलीविजन निर्माता यूरोप के ऑस्कर के तौर पर लोकप्रिय ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के नए अध्यक्ष बने हैं.

**वोल्कान बोजकिर:** तुर्की राजनयिक और राजनीतिज्ञ संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के अध्यक्ष चुने गए.

**रवीश कुमार:** फिनलैंड में भारत के अगले राजदूत (ऐम्बेसडर) नियुक्त किये गए हैं.

**विजय खंडूजा:** जिम्बाब्वे गणराज्य में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किए गए हैं

**मोनिका कपिल मोहता:** स्विट्ज़रलैंड में भारत की अगली राजदूत नियुक्त की गयी हैं.

## मई

**तरुण बजाज:** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी देश के आर्थिक मामलों के सचिव नियुक्त किये गए हैं.

**गोविंदा राजुलु चिंटला:** नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**डॉ. हर्षवर्धन:** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के 34-सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला.

**वी. विद्यावती:** वरिष्ठ IAS अधिकारी को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (नई दिल्ली) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है.

**मनोज आहूजा:** ओडिशा कैडर के IAS अधिकारी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

**अधीर रंजन चौधरी:** लोकसभा में कांग्रेस दाल के नेता को फिर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय लोक लेखा समिति (PAC) का अध्यक्ष नियुक्त किया है.

**थिएरी डेलापोर्ट:** आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी विप्रो के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) और प्रबंध निदेशक (MD) नियुक्त किये गए हैं.

**मार्कोस ट्रायजो:** ब्राजील के पूर्व मंत्री को न्यू डेवलपमेंट बैंक (शंघाई) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है. वे निजी क्षेत्र के अनुभवी बैंकर के. वी. कामथ की जगह लेंगे.

**बेंजामिन नेतन्याहू:** रिकॉर्ड पांचवीं बार राष्ट्रीय चुनाव जीतकर इज़रायल के प्रधानमंत्री बन गए हैं.

**मुस्तफा अल-कदीमी:** इराकी संसद द्वारा देश के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

## अप्रैल

**संजय कोठारी:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने इन्हें भारत के मुख्य सतर्कता आयुक्त के तौर पर राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई.

**प्रवीण राव:** इन्फोसिस के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) को नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया.

**एम एस महाबलेश्वर:** पुनः निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक के एमडी और सीईओ नियुक्त किये गए.

**विश्वनाथन आनंद:** दिग्गज विश्व शतरंज चैंपियन को विश्व वन्यजीव कोष ने भारत के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम का राजदूत नियुक्त किया है. वे इस भूमिका में पर्यावरण संरक्षण के सरोकारों को अपना समर्थन देंगे.

**कपिल देव त्रिपाठी:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने इन्हें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सचिव नियुक्त किया है.

**टी. एस. तिरुमूर्ति:** 1985 बैच के IFS अधिकारी संयुक्त राष्ट्र संघ, न्युयोर्क में में भारत के अगले राजदूत / स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किये गए हैं. वे वर्तमान राजदूत सैय्यद अकबरुद्दीन का स्थान लेंगे.

# पुरस्कार एवं सम्मान

## जुलाई

**प्रो. पी. सी. महालनोबिस पुरस्कार:** राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित समस्याओं के समाधान देने में उनके योगदान और आजीवन उपलब्धियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन को यह पुरस्कार दिया गया है.

**ग्लोबल ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड 2020:** स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों के आयोजन में सक्रिय रहने हेतु सामाजिक कार्यकर्ता सचिन अवस्थी (उत्तरप्रदेश) को इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है.

**वॉन कर्मन पुरस्कार 2020:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष कैलासवादिवु सिवन को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ एस्ट्रोनॉटिक्स (IAA) द्वारा इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है.

**2020 नेल्सन मंडेला पुरस्कार :**गिनी की डॉक्टर मोरिसाना कॉयेट और ग्रीस की मारियाना वर्दिनॉयनिस को यह पुरस्कार दिया गया.

**डायना पुरस्कार 2020:** ब्रिटिश स्कूल (नई दिल्ली) की 13 वर्षीय छात्रा फ्रीया ठकराल ने अपने "रिसाइक्लर ऐप" के लिए यह पुरस्कार जीता.

**गुलबेनकियन मानवता पुरस्कार:** स्वीडन की 17 वर्षीय पर्यावरण योद्धा (क्लाइमेट एक्टिविस्ट) ग्रेटा थनबर्ग को दस लाख यूरो की पुरस्कार राशि वाले इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है.

## जून

**शांति पुरस्कार 2020:** जर्मन बुक ट्रेड ने भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री और दार्शनिक अमर्त्य सेन को वैश्विक न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सामाजिक असमानता के मुद्दों पर उनके अग्रणी काम हेतु इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना है.

**मैडल ऑफ द आर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया:** भारतीय संगीतकार और ऑस्ट्रेलिया में कलाकृति संगीत संगठन की संस्थापक शोभा शेखर को समुदाय और देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया.

**विश्व खाद्य पुरस्कार 2020:** प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक रतन लाल को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने वाले खाद्य उत्पादन को बढ़ाने हेतु मृदा-केंद्रित दृष्टिकोण विकसित करने के लिए दिया गया है.

**EY वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2020:** बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार शॉ ने 41 देशों के 46 क्षेत्रीय उद्यमियों को हराकर यह पुरस्कार जीता. वे पुरस्कार के 20 साल के इतिहास में यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला उद्यमी और तीसरी भारतीय हैं.

**रिचर्ड डॉकिंस अवार्ड:** दिग्गज लेखक-गीतकार जावेद अख़्तर धार्मिक हठधर्मिता पर सवाल खड़े करने, आलोचनात्मक चिंतन, मानव प्रगति और मानवतावादी मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं. यह पुरस्कार विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश विकासवादी जीवविज्ञानी और बहुचर्चित लेखक रिचर्ड डॉकिंस के नाम पर दिया जाता है.

## मई

**निक्केई एशिया पुरस्कार 2020:** IIT मद्रास के अध्यापक प्रो. टी. प्रदीप को नैनो-प्रौद्योगिकी आधारित जल शोधन में उनके अग्रणी कार्य के सम्मान में 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी' श्रेणी में इस पुरस्कार के लिए चुना गया है.

**'ऑर्डर ऑफ राइजिंग सन (जापान):** मणिपुर के एलोपैथिक डॉक्टर थंगजाम धाली सिंह को जापान सरकार द्वारा भारत में जापान की बेहतर समझ को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

**मेजर सुमन गवानी:** भारतीय सेना के अधिकारी (जिन्होंने 2019 में दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ एक महिला शांतिदूत के रूप में सेवा की) को प्रतिष्ठित UN मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया.

**डॉयश वेल फ्रीडम ऑफ़ स्पीच अवार्ड:** डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म "द वायर" के संस्थापक भारतीय पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन इस अवार्ड के लिए 14 देशों से चुने गए 17 प्राप्तकर्ताओं में शामिल हैं, जिन्हें "मानवाधिकारों और संचार माध्यमों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता" के लिए चुना गया है.

**पुलित्ज़र फ़ोटोग्राफ़ी पुरस्कार 2020:** जम्मू-कश्मीर के तीन फोटो जर्नलिस्ट मुख्तार ख़ान, यासीन डार और चन्नी आनंद को पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद इस क्षेत्र में हुए बंद के दौरान ली गई उनकी तस्वीरों के लिए इस प्रतिष्ठित अमेरिकी पुरस्कार से नवाज़ा गया है. ये सभी पत्रकार एसोसिएटेड प्रेस (एपी) में कार्यरत हैं.

**मार्कस वॉलबर्ग पुरस्कार:** ऑस्ट्रेलिया के जोसेफ जे लैंड्सबर्ग और निकोलस सी. कॉप्स और संयुक्त राज्य अमेरिका के रिचर्ड एच वार्निंग को बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों में वनों के विकास की भविष्यवाणी करने हेतु एक मॉडल विकसित करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

## अप्रैल

**7वां डॉ. एम एस स्वामीनाथन पुरस्कार:** तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति वी. प्रवीण राव ने 2017-2019 के लिए कृषि अनुसंधान, शिक्षण, विस्तार और प्रशासन के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जीता.

# श्रद्धांजलि

## जुलाई

**लालजी टंडन:** मध्य प्रदेश के राज्यपाल, उत्तर प्रदेश में भाजपा के दिग्गज व्यक्ति का स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के कारण 85 वर्ष की उम्र में लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया. उन्होंने 2018 में बिहार के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया.

**प्रो. सी. एस. शेषाद्री:** स्वतंत्रता के बाद के युग के प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ का वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया 88. उन्हें बीजगणितीय ज्यामिति और गणितीय शिक्षा में उनके योगदान के लिए याद किया जायेगा. शेषाद्री स्थिरांक (बीजगणितीय ज्यामिति में) उनके .नाम पर रखा गया है

**सरोज ख़ान:** जानी मानी कोरियोग्राफर, जिनके सुप्रसिद्ध नृत्य संयोजन से सजे गीतों ने देखने वालों के दिल की 'धक-धक' हर बार तेज़ कर दी थी, का 3 जुलाई को 71 साल की उम्र में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया.

**आचार्य श्री पुरुषोत्तमप्रियदासजी स्वामीश्री महाराज:** स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख और मणिनगर श्री स्वामीनारायण गादी संस्थान (अहमदाबाद) के 78 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु जिन्हें पी पी स्वामी के नाम से जाना जाता है, का COVID-19 के कारण निधन हो गया.

**जगदीप :**ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले" में "सूरमा भोपाली"" के रूप में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय दिग्गज हास्य अभिनेता का 81 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया .

**एन्नियो मोरिकोन:** 91 वर्षीय ऑस्कर विजेता इतालवी फिल्म संगीतकार का रोम में निधन हो गया. उन्होंने "The Good, the Bad and the Ugly" फिल्म में संगीत दिया था.

## जून

**सुशांत सिंह राजपूत:** नवोदित अभिनेता ने कथित तौर पर 14 जून को बांद्रा (मुंबई) स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली. वे मात्र 34 वर्ष के थे. उन्होंने 2014 में फिल्म काई पो चे के साथ अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की थी.

USE GYANM10 COUPON CODE FOR 10% DISCOUNT ON ONLINE COURSES

#crackmns
Gyanम्
MNS
(Military Nursing Service)
RECORDED COURSE
With 24*7 Faculty Support
BUY NOW
9117-343434

#hpunursing2020
Gyanम्

HIMACHAL NURSING EXAM 2020
CRASH COURSE
With 24*7 Faculty Support
BUY NOW | 99146-33222

ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
For Graduates
Punjab Patwari
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
Recorded Course
With 24*7 Faculty Support
JOIN NOW | 9117-343434

#gethpgovtjob
Gyanम्
HP CLERK EXAM 2020
10 MOCK TESTS SERIES
Made for your Success!
BUY NOW 99146-33222
Price 499/- Only

ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
PUNJAB POLICE Sub-Inspector
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
RECORDED COURSE
With 24*7 Faculty Support
BUY NOW | 99146-33222

#BANOPO
Gyanम्
SPECIAL BANK PO
RECORDED COURSE
10+ YEARS OF EXP IN MAKING BANK OFFICERS
BASED ON LATEST PATTERN

ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
PPSC HEADMASTER
RECORDED COURSE
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
JOIN NOW
9117-343434

#crackmns
Gyanम्
MNS
(Military Nursing Service)
25 MOCK TESTS SERIES
Made for your Success!
BUY NOW 9646-888-354
Price 799/- Only

Gyanम्
9117-343434
LIVE COMBO BATCH
JOIN TODAY TO CLEAR EXAM BANKING + SSC + GOVT JOBS
JOIN NOW


DOWNLOAD THE GYANM APP TODAY !
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

**बासु चटर्जी**: छोटी सी बात, रजनीगंधा, बातों बातों में, एक रुका हुआ फैसला, चमेली की शादी और ऐसी अन्य कई फिल्मों के निर्देशन के लिए विख्यात 93 वर्षीय फिल्मकार-पटकथा लेखक का आयु संबंधी बीमारियों के कारण 4 जून को मुंबई में निधन हो गया.

**वाजिद खान:** प्रख्यात तबला वादक उस्ताद शराफत अली खान के बेटे और संगीत की दुनिया की विख्यात जोड़ी साजिद-वाजिद के बॉलीवुड संगीतकार का 1 जून को 42 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया.

**विश्व बंधु गुप्ता:** वयोवृद्ध पत्रकार और पूर्व सांसद का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया. प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के संस्थापक सदस्य रहे गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और तेज प्रकाशन समूह के प्रमुख भी थे.

**राजिंदर गोयल:** हरियाणा के पूर्व लेफ्ट आर्म स्पिनर का निधन हो गया. उन्होंने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए प्रथम श्रेणी के 157 मैचों में 750 विकेट लिये थे. उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सर्वाधिक विकेट (637 विकेट) लेने का रिकॉर्ड भी बनाया था.

**वेद मरवाह:** 87 वर्षीय वरिष्ठ पूर्व आईपीएस अधिकारी और पूर्व राज्यपाल का आयु संबंधी समस्याओं के कारण गोवा में निधन हो गया. वे 1985 से -1988 तक दिल्ली के पुलिस कमिश्नर रहे. वे मणिपुर, मिजोरम और झारखण्ड के राज्यपाल रह चुके थे.

**वेरा लिन:** ब्रिटिश गायिका (जिनके भावुक गीतों ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों के सैनिकों का उत्साहवर्धन किया था) का 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

## मई

**बलबीर सिंह (दोसांझ) सीनियर:** 96 वर्षीय दिग्गज हॉकी खिलाड़ी, जो 1948 में लंदन, 1952 में हेलसिंकी और 1956 में मेलबर्न में हुए ओलंपिक खेलों में भारत की स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे, का मोहाली (पंजाब) में निधन हो गया. उनकी मृत्यु उनके मस्तिष्क में रक्त के थक्के के जमने के कारण हुई.

**अजीत (प्रमोद कुमार) जोगी:** नवंबर 2000 से नवंबर 2003 तक नवगठित राज्य छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री रहे पूर्व आईएएस अधिकारी का दो बार दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट) पड़ने के बाद निधन हो गया.

**चुन्नी गोस्वामी:** 1962 में आयोजित जकार्ता एशियाड के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान रहे महान फुटबॉलर का लंबी बीमारी के बाद कोलकाता में निधन हो गया. वे 82 वर्ष के थे.

**रोब गिब्स:** दिग्गज निर्देशक, कथा शिल्पी और लेखक, जिन्होंने टॉय स्टोरी 2, फाइंडिंग नेमो, इनसाइड आउट, ऑनवर्ड, मॉन्स्टर्स, इंक और इंक्रेडिबल 2 जैसी फिल्मों पर काम किया था, का 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्होंने 20 वर्षों तक अमेरिका में कैलिफोर्निया के पिक्सर एनिमेशन स्टूडियो में काम किया.

## अप्रैल

**ऋषि कपूर:** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता का 30 अप्रैल को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. वे 67 वर्ष के थे. वे पिछले लगभग दो वर्षों से एक प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया) से पीड़ित थे.

**इरफान ख़ान:** प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता का 29 अप्रैल को मुंबई में निधन हो गया. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वे कोलन के एक दुर्लभ संक्रमण (पेट के कैंसर) से जूझ रहे थे.

**उषा गांगुली:** प्रख्यात रंगकर्मी का 75 वर्ष की आयु में 23 अप्रैल को दक्षिण कोलकाता में उनके निवास स्थान पर निधन हो गया. उन्होंने 1976 में रंगकर्मी समूह की स्थापना की.

**टोनी लुईस:** डकवर्थ-लुईस पद्धति के सह-आविष्कारक रहे ब्रिटिश क्रिकेटर का 1 अप्रैल को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

**सर स्टर्लिंग मॉस:** फॉर्मूला 1 कार रेसिंग के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों में से एक रहे ब्रिटिश ड्राइवर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्होंने लगभग हर प्रकार की कार चलाकर 529 रेसों में से 212 में जीत हासिल की.

**जीन डिच:** मशहूर कार्टून कैरेक्टर 'टॉम एंड जेरी' और 'पोपाय द सेलर' के जनक का 95 साल की उम्र में प्राग (चेकोस्लोवाकिया) में उनके निवास पर निधन हो गया.

# चर्चित स्थान

## जुलाई

**हापाकांत:** म्यांमार के उत्तरी काचिन प्रांत में जेड की एक खदान में हुए भारी भूस्खलन के कारण कम से कम 162 लोग मारे गए.

## जून

**बागजान ऑयल फील्ड:** 8 जून को असम के तिनसुकिया ज़िले में स्थित एक प्राकृतिक गैस के तेल के कुएं में भीषण आग लग गई. बागजान तेल क्षेत्र का यह तेल का कुआँ ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) के स्वामित्व में है.

**निसर्ग**: 3 जून को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में आये भयंकर चक्रवाती तूफान ने मुंबई से लगभग 95 किमी दक्षिण में खूबसूरत ऐतिहासिक तटीय पर्यटन केंद्र अलीबाग में भारी बारिश और तेज़ हवाओं के साथ व्यापक तबाही मचाई.

## मई

**सुपर साइक्लोन अम्फान:** 20 मई को पश्चिम बंगाल के आधा दर्जन जिलों में भीषणतम चक्रवाती तूफान के गुज़रने के कारण हज़ारों घर तबाह हो गए, निचले इलाकों में पानी भर गया और लाखों लोग बेघर हो गए.

**बेंगलुरु:** यहां के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को भारत और मध्य एशिया में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय हवाई अड्डे का इस साल का SKYTRAX पुरस्कार दिया गया है.

**टैगोर स्ट्रीट, तेल अवीव:** 8 मई को भारतीय कवि रवींद्रनाथ टैगोर की 159वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उन्हें श्रद्धांजलि के तौर पर इज़राइल में तेल अवीव की एक सड़क का नामकरण टैगोर स्ट्रीट करने का फैसला लिया गया.

## अप्रैल

**गैरसैंण:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने घोषणा की कि उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी को जिला चमोली में गैरसैंण में स्थानांतरित कर दिया जाएगा. देहरादून राज्य की राजधानी है.

**नीयू**: दक्षिण प्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप देश 'डार्क स्काई प्लेस' के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला दुनिया का पहला पूरा देश बन गया है.

# खेल जगत

## जुलाई

**चेन्नई के जी आकाश** भारत के 66वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं. अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) ने परिषद की बैठक में जीएम खिताब की पुष्टि की.

**लेफ्टिनेंट कर्नल भारत पन्नू:** भारतीय सेना के अधिकारी ने वर्चुअल रेस एक्रॉस अमेरिका (VRAAM) 2020 के पहले संस्करण में लीडरबोर्ड पर तीसरा स्थान हासिल किया.

**रवींद्र जडेजा:** भारतीय ऑलराउंडर को Wisden द्वारा 21वीं शताब्दी के देश के ' सर्वाधिक मूल्यवान खिलाड़ी' के रूप में नामित किया गया.

**किरेन रिजिजू** ने नाडा और एथलीटों के बीच की खाई को पाटने के लिए खेल के विभिन्न पहलुओं, नशाबंदी और डोप टेस्ट के बारे में जानकारी देने हेतु "नाडा ऐप" नामक पहला मोबाइल ऐप लॉन्च किया.

### अंतरराष्ट्रीय खेल जगत

**मर्सिडीज रेसर वाल्टेरी बोटास** (फिनलैंड) ने ऑस्ट्रिया के स्पीलबर्ग में रेड बुल रिंग ट्रैक पर संपन्न हुई फॉर्मूला वन ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीत लिया.

**टीम मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन** (ब्रिटेन) ने स्पीलबर्ग, ऑस्ट्रिया में स्टीरियन ग्रां प्री जीता और साथ ही हंगरिंग, मोगोरोड, हंगरी में हंगरी ग्रां प्री रेस भी जीती

**लिन डैन:** दो बार ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट (2008 और 2012) रहे स्टार चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व विश्व नंबर बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपने 20 साल के शानदार करियर पर विराम लगाते हुए खेल जगत से संन्यास लेने की घोषणा की.

## जून

सरकार ने देश भर में ज़िला स्तर पर 1000 खेलो इंडिया सेंटर (KIC) स्थापित करने का निर्णय लिया है. इन केंद्रों को या तो पूर्व चैंपियन चलाएंगे या फिर वे कोच की भूमिका निभाएंगे.

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (**AFC**) ने 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेज़बानी भारत को सौंपी है.

### अंतरराष्ट्रीय खेल जगत

4वें एशियाई युवा पैरा गेम्स दिसंबर 2021 में बहरीन (फारस की खाड़ी में एक छोटे से द्वीप देश) में आयोजित किए जाएंगे.

इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान क्लेयर कोनर मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अपने 233 साल इतिहास में पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी.

फीफा ने महिला विश्व कप 2023 के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को संयुक्त रूप से मेजबानी के अधिकार की घोषणा की.

फीफा ने विश्व फुटबॉल टीमों की अपनी नवीनतम रैंकिंग जारी की जिसमें बेल्जियम शीर्ष पर रहा, उसके बाद दूसरे स्थान पर फ्रांस और तीसरे स्थान पर ब्राजील रहा। भारतीय टीम ने अपना 108वां स्थान बरकरार रखा.

## मई

**सानिया मिर्ज़ा:** स्टार भारतीय टेनिस खिलाड़ी एशिया / ओशिनिया ज़ोन का फेड कप हार्ट अवार्ड 2020 जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं.

**दीपा मलिक:** वरिष्ठ पैरा-एथलीट ने पैरालंपिक खेलों से संन्यास लेने की घोषणा की है. अब वे भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) में पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवायें देंगीं.

**नरिंदर बत्रा:** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH), लुज़ाने (स्विट्जरलैंड) के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल मई 2021 तक बढ़ा दिया गया है.

### अंतरराष्ट्रीय खेल जगत

**हेफथॉर जॉर्नसन:** लोकप्रिय टेलीविजन सीरीज़ 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के 31 वर्षीय अभिनेता ने आइसलैंड में 'थॉर पॉवर जिम' में 1,104 पाउंड (501 किलोग्राम) वजन उठाकर डेडलिफ्ट का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया.

## अप्रैल

**पी. वी. सिंधु:** विश्व बैडमिंटन चैंपियन को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) के "मैं हूँ बैडमिंटन" जागरूकता अभियान का सद्भावना दूत बनाया गया है.

**फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम** ने अपना 108वां स्थान बरकरार रखा है. रैंकिंग में बेल्जियम और विश्व चैंपियन फ्रांस क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं जबकि ब्राजील तीसरे स्थान पर है.

# Model Test For
# सामान्य / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग जागरूकता



## सितम्बर GK - 01

1. भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में __________ के लिए एक अखिल भारतीय छाता (अम्ब्रेला) इकाई की स्थापना की रूपरेखा का अनावरण किया है.
A. धन प्रेषण
B. छोटे ऋण
C. खुदरा भुगतान
D. कृषि ऋण
E. चेक भुगतान

2. भारत के केंद्रीय जल आयोग ने पिछले कई महीनों में बाढ़ का पूर्वानुमान लगाने की पहल के लिए किस वैश्विक आईटी कंपनी के साथ हाथ मिलाया है?
A. गूगल
B. माइक्रोसॉफ्ट
C. इंफोसिस
D.आईबीएम
E. टीसीएस

3. किस देश ने सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा और उद्योग में वैज्ञानिकों का समर्थन करने के लिए भारत में 3.95 मिलियन डॉलर का "इनोवेशन चैलेंज फंड" लॉन्च किया है?
A. अमेरीका
B. जर्मनी
C. जापान
D. ब्रिटेन
E. फ्रांस

4. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अराजपत्रित पदों पर चयन के लिए एक सामान्य योग्यता परीक्षा आयोजित करने के लिए कौन से राष्ट्रीय निकाय के गठन को मंजूरी दी है?
A. राष्ट्रीय जॉब्स प्राधिकरण
B. राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी
C. भारतीय भर्ती एजेंसी
D. भारतीय भर्ती प्राधिकरण
E. नेशनल जॉब्स एजेंसी

5. किस शहर को लगातार चौथी बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
A. नवी मुंबई
B. बीदर
C. इंदौर
D. सूरत
E. अजमेर

6. कार्ड को स्वाइप किए बिना कार्ड पर अंकित विवरण का उपयोग करके क्रेडिट / डेबिट कार्ड से किया गया भुगतान वास्तव में _______________ के रूप में जाना जाता है.
A. Over the counter transaction
B. Physical/cash transaction
C. Cardless ATM transaction
D. Card Not Present transaction
E. PoS transaction

7. केरल की स्टार्टअप कंपनी **Techgentsia Software** ने विश्व स्तरीय स्वदेशी वीडियो कॉन्फ्रेंस समाधान विकसित करने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती. इस समाधान का नाम क्या है?
A. WeMet
B. Meets
C. Vconsole
D. Vidicon
E. Evicon

8. किस लघु फिल्म ने देशभक्ति की भावना पैदा करने के उद्देश्य से सूचना और प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति पर ऑनलाइन लघु फिल्म प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता?
A. We care
B. That Day
C. Not me
D. Am I?
E. Victree

9. पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को भारत का नया __________ नियुक्त किया गया है.
A. ऑडिटर जनरल
B. चुनाव आयुक्त
C. सूचना आयुक्त
D. सतर्कता आयुक्त
E. सॉलिसिटर जनरल

10. वर्ष 2020 के लिए कितने खिलाड़ियों को सर्वोच्च खेल पुरस्कार - राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित किया गया है?
A. दो
B.तीन
C. चार
D.पांच
E. छह

11. संयुक्त राज्य अमेरिका का कौन सा राज्य भीषण आग से महज़ एक सप्ताह में ही 10 लाख एकड़ के क्षेत्र में फैले जंगलों

**के जल जाने और सैकड़ों घरों के नष्ट हो जाने के कारण खबरों में रहा?**

A. नेवाडा
B. कैलिफोर्निया
C. फ्लोरिडा
D. टेक्सास
E. एरिज़ोना

**12. अटल पेंशन योजना या APY ________ वर्ष की आयु समूह में सभी बचत बैंक / डाकघर बचत बैंक खाता धारकों के लिए खुली है.**

A. 18 से 70 वर्ष
B.18 से 50 वर्ष
C. 18 से 40 वर्ष
D. 18 से 60 वर्ष
E. 18 साल बाद

**13. किस देश ने काला सागर में अब तक के सबसे बड़े, 320 अरब घन मीटर वाले प्राकृतिक गैस रिज़र्व की खोज की है?**

A. जॉर्जिया
B. रोमानिया
C. यूक्रेन
D. तुर्की
E. रूस

**14. भारत का सबसे लंबा केबल रोपवे ब्रह्मपुत्र नदी पर किस राज्य में शुरू किया गया है?**

A. अरुणाचल
B. मेघालय
C. असम
D. पश्चिम बंगाल
E. नगालैंड

**15. राष्ट्रीय राजमार्गों पर वृक्षारोपण की निगरानी के लिए जीपीएस आधारित मोबाइल ऐप का नाम क्या है?**

A. ग्रीनरी
B.हरियाली
C. हरित पथ
D.हरित मार्ग
E. ग्रीनवे

**16. हाल ही में अनुभवी ऑलराउंडर लिसा स्टालेकर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया. वे किस देश के लिए खेलती थीं?**

A. इंग्लैंड
B. न्यूजीलैंड
C. भारत
D. ऑस्ट्रेलिया
E. दक्षिण अफ्रीका

**17. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया (MCX), मुंबई ने 24 अगस्त को देश का पहला बुलियन इंडेक्स लॉन्च किया. इसका नाम क्या है?**

a. Goldex
b. Soverex
c. Bulldex
d. Bulinex
e. GoSidex

**18. भारत के किस महान खिलाड़ी का जन्मदिन मनाने के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है. ?**

A. मिल्खा सिंह
B. मेजर ध्यानचंद
C. पाली उमरीगर
D. सुनील गावस्कर
E. दारा सिंह

**19. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को पोलियो मुक्त घोषित किया है, जिससे पूरा अफ्रीका पोलियो मुक्त हो गया है?**

A. युगांडा
B. इथियोपिया
C. नाइजीरिया
D. केन्या
E. सूडान

**20. जेम्स एंडरसन 600 टेस्ट विकेट लेने वाले इतिहास के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं. वे किस देश के लिए खेलते हैं?**

A. वेस्ट इंडीज
B. इंग्लैंड
C. ऑस्ट्रेलिया
D. दक्षिण अफ्रीका
E. न्यूजीलैंड

**21. बैंकिंग में धन शोधन निवारण अधिनियम के उल्लंघन के मामलों को निम्नलिखित में से किसको सूचित किया जाता है?**

A. FIU - IND (वित्तीय खुफिया इकाई - भारत)
B. SFIO (गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय)
C. ED (प्रवर्तन निदेशालय)
D. RBI का सतर्कता विभाग
E. बैंकिंग लोकपाल

**22. प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जी सतीश रेड्डी, जोकि शीर्ष संगठन_____ के अध्यक्ष हैं, को अगस्त 2022 तक दो साल का विस्तार दिया गया है:**

A. ISRO
B. CSIR
C. DRDO
D. CDRI
E. ICAR

**23. भारतीय वायु सेना ने ______ के बारे में जानकारी साझा करने के लिए डिजिटल इंडिया पहल के हिस्से के रूप में एक मोबाइल ऐप "MY IAF" लॉन्च किया है?**

A. Its history
B. Recruitment
C. Selection procedure
D. Pay and perks
E. ये सभी

**24. हैदराबाद के 20 वर्षीय नीलकंठ भानु प्रकाश ने "विश्व का सबसे तेज मानव कैलकुलेटर" खिताब जीता. यह प्रतियोगिता किस स्थान पर आयोजित की गई थी?**

A. सिंगापुर
B. इनचान
C. ओसाका
D. लंदन
E. मनीला

**25. नीति आयोग द्वारा जारी 'निर्यात तत्परता सूचकांक 2020' में कौन सा राज्य शीर्ष पर है?**

A. तमिलनाडु
B. महाराष्ट्र
C. गुजरात
D. पंजाब
E. केरल

**26. आईसीआईसीआई बैंक __________ की क्रेडिट योग्यता का आकलन करने के लिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों से उपग्रह डेटा-इमेजरी का उपयोग करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है.**

A. किसानों
B. ट्रांसपोर्टरों
C. दुकानदारों
D. उद्यमियों
E. उद्योगपतियों

**27. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'सट्टेबाज़ी के विपरीत है?**

A. आर्बिट्राज B. लॉन्ग

C. शार्ट D. हेजिंग

E. स्प्रेड

**28. किस बीमा कंपनी ने "शगुन - गिफ्ट ए इंश्योरेंस" नामक अपनी तरह का पहला बीमा उत्पाद लॉन्च किया?**

A. रिलायंस जनरल बीमा कंपनी

B. ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी

C. यूनाइटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी

D. एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी

E. न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी

**29. ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट ने किस राज्य के साथ अपने डिजिटल मार्केटप्लेस पर राज्य की स्थानीय कलाकृतियों और हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?**

A. त्रिपुरा B. मिजोरम

C. नगालैंड D. असम

E. मेघालय

**30. वेस्टइंडीज के उस क्रिकेटर का नाम बताइए जो T20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने.**

A. कीमो पॉल B. ड्वेन ब्रावो

C. आंद्रे रसेल D. हेडन वाल्श

E.फेबियन एलन

**31. सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-599-0019 लॉन्च किया. इस हेल्पलाइन का नाम क्या है?**

A. आशा B. सखी

C. मित्रा D. किरण

E. मदद

**32. संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक देश के दक्षिण पूर्वी राज्य लुइसियाना में आया. इसका नाम क्या था?**

A. केली B. मार्को

C. लॉरा D. हैना

E. बेर्था

**33. सरकार ने स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर उत्पादों को और बढ़ावा देने के लिए एक अगली पीढ़ी की स्टार्टअप चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की. इसका नाम क्या है?**

A. प्रेरणा B. चैलेंजर

C. चुनौती D. बूस्टो

E. जेनस्टार्ट

**34. पहली बार किसी असूचीबद्ध कंपनी द्वारा नए शेयर जारी करने को क्या कहा जाता है?**

A. Exchange Traded Fund

B. Initial Public Offering

C. Rights issue

D. Follow-on Public Offering

E. इनमें से कोई नहीं

**35. सरकार ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए पुरस्कार राशि 7.5 लाख रुपये से बढ़ा कर कितनी कर दी है?**

A. 10 लाख B.12 लाख

C. 15 लाख D. 20 लाख

E. 25 लाख

**36. दिनेश कुमार खारा को किस बड़े बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**

A. एचडीएफसी बैंक B. भारतीय स्टेट बैंक

C. आईसीआईसीआई बैंक D. बैंक ऑफ बड़ौदा

E. पंजाब नेशनल बैंक

**37. सरकार ने किस उद्देश्य के लिए अपनी तरह का पहला जीआईएस-सक्षम राष्ट्रीय भूमि बैंक पोर्टल लॉन्च किया है?**

A. कृषि B. छोटे किसानों

C. कोयला खनन D.औद्योगिक निवेशकों

E. सौर ऊर्जा परियोजनाओं

**38. निम्नलिखित में से किस लेखक ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2020 जीता?**

A. मैरीके लुकास रिजनेवेल्ड B. शोकोफ़ेह अजार

C. गैब्रिएला कैबेज़ोनकमार D. डैनियल केहल्मन

E. फर्नांडा मेलचोर

**39. 31 अगस्त को 'ओणम' धूमधाम से मनाया गया. यह किस राज्य का लोकप्रिय त्योहार है?**

A. तमिलनाडु B. केरल

C. कर्नाटक D. आंध्र प्रदेश

E. तेलंगाना

**40. भारत और किस देश को पहले ऑनलाइन फिडे शतरंज ओलंपियाड का संयुक्त विजेता घोषित किया गया था?**

A. पोलैंड B. हॉलैंड

C. स्वीडन D. रूस

E. फिनलैंड

**41. भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का 31 अगस्त को निधन हो गया. वे भारत के ____ राष्ट्रपति थे.**

A. 10वें B.11वें

C. 12वें D.13वें

E.14वें

**42. अप्रैल से जून तिमाही (Q1 FY21) में भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर 23.9 प्रतिशत की भारी गिरावट हुई. हालांकि, एक क्षेत्र में सकारात्मक वृद्धि देखी गई. इस क्षेत्र को पहचानें:**

A. ऊर्जा B. विनिर्माण

C. कृषि D. खनन

E. व्यापार

**43. यूरोपीय निवेश बैंक किस भारतीय शहर की पहली सिटी मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए EUR650 मिलियन का निवेश करने के लिए तैयार है?**

A. गुवाहाटी B. भोपाल
C. रांची D. कानपुर
E. मैसूर

**44. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को मंजूरी दी. इसका नाम क्या है?**

A. मिशन दक्ष B. मिशन कर्मयोगी
C. उत्तम सेवा D. कर्मठता
E. सेवा प्रथम

**45. पहली बार भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में शीर्ष 50 देशों में शामिल हुआ है. इसकी रैंक क्या थी?**

A. 49वीं B. 48वीं
C. 47वीं D. 46वीं
E. 45वीं

**46. भारत के वर्तमान रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कौन हैं?**

A. अजय कुमार भल्ला B. डॉ विवेक जोशी
C. नित्यानंद राय D. शैलेश
E. राजीव कुमार

**47. टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 ने किस विश्वविद्यालय को शीर्ष पर रखा है?**

A. हार्वर्ड विश्वविद्यालय
B. मेसाचुसेट्स प्रौद्योगिक संस्थान
C. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
D. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
E. लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स

**48. किस देश के साथ भारत ने भारत में AK-47/203 राइफल के निर्माण के लिए एक समझौते को अंतिम रूप दिया?**

A. इजराइल B. स्वीडन
C. रूस D. फ्रांस
E. जर्मनी

**49. भारतीय रिज़र्व बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र के उधार दिशानिर्देशों को संशोधित किया है. नए दिशानिर्देशों के तहत स्टार्ट-अप्स के लिए बैंकों द्वारा दिए गए _____ करोड़ रुपये तक के वित्त प्राथमिकता क्षेत्र के तहत पात्र होंगे.**

A. 30 B. 40
C. 50 d. 60
e. 70

**50. भारतीय नौसेना ने किस अन्य देश की नौसेना के साथ द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'इंद्र नेवी ' आयोजित किया?**

A. फ्रांस B. जापान
C. ऑस्ट्रेलिया D. रूस
E. इंग्लैंड

# सितम्बर GK - 02

**1. किस राज्य ने बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) 2019 रैंकिंग में सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?**

A. उत्तर प्रदेश B.महाराष्ट्र
C. आंध्र प्रदेश D.कर्नाटक
E.गुजरात

**2. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के फैसले की मुख्य विशेषता निम्नलिखित में से कौन सी है?**

A. भारतीय संविधान में संशोधन नहीं किया जा सकता है.
B. केवल सर्वोच्च न्यायालय ही भारतीय संविधान में संशोधन कर सकता है.
C. संविधान के किसी भी संशोधन का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदन ज़रूरी है.
D. संविधान में संशोधन तो किया जा सकता है लेकिन इसके मूल ढांचे में नहीं.
E. संविधान के किसी भी संशोधन में कम से कम 80% सांसदों का मत ज़रूरी है.

**3. प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. गोविंद स्वरुप का हाल ही में निधन हो गया. उन्हें भारत में ___________ के जनक के रूप में जाना जाता था.**

A. खगोल विज्ञान B. जीव विज्ञान
C. अंतरिक्ष विज्ञान D. रेडियो खगोल विज्ञान
E. परमाणु विज्ञान

**4. संयुक्त राष्ट्र की किस एजेंसी ने घोषणा की है कि यह COVID-19 वैक्सीन की वैश्विक खरीद और आपूर्ति में अग्रणी भूमिका निभाएगी?**

A. UNESCO B. UNICEF
C. WHO D. WTO
E. ILO

**5. इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2019 डेविड एटनबरो को प्रदान किया गया है. वे कौन हैं?**

A. स्वीडन के एक प्रसिद्ध परोपकारी व्यक्ति
B. प्रसिद्ध लेखक, और प्रकृति इतिहासकार
C. जाने-माने फिल्म अभिनेता और निर्देशक
D. एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और विद्वान
E. इंग्लैंड के प्रसिद्ध इतिहासकार और सामाजिक कार्यकर्ता

**6. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में किस राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है?**

A. बिहार B. झारखंड
C. छत्तीसगढ़ D. मिजोरम
E. आंध्र प्रदेश




## Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

**7. निम्नलिखित में से किस प्रकार के खातों को डीमैट खाता कहा जाता है?**

A. वे खाते जो शून्य शेष खाते हैं.
B. ऋण चुकाने के लिए खोले गए खाते
C. वित्तीय प्रतिभूतियों को डिजिटल रूप में रखने के लिए खाते
D. वेतन लेनदेन के लिए खोले गए खाते
E. इनमें से कोई नहीं

**8. 2010 में 9 सितंबर को हिमालय दिवस मनाने की शुरुआत किस राज्य ने की थी?**

A. हिमाचल प्रदेश B. उत्तराखंड
C. सिक्किम D. अरुणाचल प्रदेश
E. असम

**9. EASE बैंकिंग सुधार सूचकांक में किस बैंक ने पहला स्थान हासिल किया?**

A. भारतीय स्टेट बैंक B. केनरा बैंक
C. भारतीय बैंक D. बैंक ऑफ बड़ौदा
E. पंजाब नेशनल बैंक

**10. भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के तहत किस भुगतान बैंक के बैंकिंग कार्यों को बंद कर दिया है?**

A. फिनो पेमेंट्स बैंक B. Jio पेमेंट्स बैंक
C. आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक
D. पेटीएम पेमेंट्स बैंक
E. NSDL पेमेंट्स बैंक

**11. भारत नई दिल्ली में 29-30 नवंबर, 2020 को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक की मेज़बानी करेगा. SCO का मुख्यालय कहाँ हैं?**

A. बीजिंग B. शंघाई
C. अस्ताना D. ताशकंद
E. सेंट पीटर्सबर्ग

**12. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

A. अनुपम खेर B. नसीरुद्दीन शाह
C. मधुर भंडारकर D. परेश रावल
E. शबाना आज़मी

**13. किस क्षेत्र की समग्र मूल्यांकन प्रणाली में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन कार्यक्रम 'परख' (PARAKH) की घोषणा की गयी है?**

A. अंतरिक्ष B. रक्षा
C. शिक्षा D. शहरी नियोजन
E. ग्रामीण विकास

**14. अनुभवी आर्य समाज नेता और सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश का नई दिल्ली में निधन हो गया. उन्हें किस क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए याद किया जाता है?**

A. सामाजिक रूढ़िवाद B. दहेज के खिलाफ लड़ने
C. महिलाओं की साक्षरता में सुधार लाने
D. बंधुआ मज़दूरों की रिहाई E. बाल श्रम का विरोध करने

**15. सरकार ने राज्यों के स्टार्टअप रैंकिंग के दूसरे संस्करण की घोषणा की. इस सूची में कौन सा राज्य सर्वोत्तम है?**

A. तेलंगाना B. आंध्र प्रदेश
C. कर्नाटक D. गुजरात
E. केरल

**16. निम्नलिखित में से कौन किसान समुदाय को ऋण प्रदान करने का एक लोकप्रिय माध्यम (चैनल) है?**

A. किसान क्रेडिट कार्ड b. किसान मित्र योजना
C. किसान आसान ऋण योजना D. किसान ऋण योजना
E. इनमें से कोई नहीं

**17. सरकार ने समुद्री क्षेत्र के लिए एक विवाद निवारण तंत्र शुरू किया. इसका नाम क्या है?**

a. SAROD - Ports b. DISPEE-Ports
c. SHIKAA -Ports d. MAREE-Ports
e. SAGAR-Ports

**18. किस सरकारी विभाग ने 'फाइव स्टार विलेज 'नामक योजना शुरू की है?**

A. संचार विभाग B. दूरसंचार विभाग
C. भारत डाक विभाग D. कृषि नवाचार विभाग
E. प्रारंभिक शिक्षा विभाग

**19. किस क्षेत्र में सरकार ने हाल ही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत कर दी है?**

A. निर्माण B. पेट्रोकेमिकल्स
C. नागर विमानन D. रक्षा
E.ऑटोमोबाइल

**20. किस राज्य में 10 सितंबर को 209 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाला भारत का सबसे बड़ा सुअर पालन मिशन लॉन्च किया गया?**

A. असम B. अरुणाचल प्रदेश
C. मेघालय D. पश्चिम बंगाल
E. नगालैंड

**21. वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2020 में किस देश ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया?**

A. सिंगापुर B. हांगकांग
C. स्वीडन D. डेनमार्क
E. स्विट्जरलैंड

**22. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) ने किस बॉलीवुड अभिनेता को को बाल अधिकारों के लिए चलाए जा रहे अभियान "For Every Child" के लिए अपना 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' चुना है.**

A. आलिया भट्ट B. वरुण धवन
C. आयुष्मान खुराना D. दीपिका पादुकोण
E.अनुष्का

**23. न्यूयॉर्क में यूएस ओपन टेनिस ग्रैंड स्लैम में, पुरुषों का एकल खिताब किसने जीता?**

A. अलेक्जेंडर ज्वेरेव B. डोमिनिक थिएम

C. रोजर फेडरर D. राफेल नडाल
E. नोवाक जोकोविक

24. **किसे राज्यसभा के उप सभापति के रूप में फिर से चुना गया है?**
A. मौनी रॉय B. ओम बिरला
C. हरिवंश D. प्रफुल्ल डे
E. सुधांशु त्रिवेदी

25. **भारत को__________ की संस्था यूनाइटेड नेशनज़ कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन (UNCSW) का सदस्य चुना गया है.**
A. UN Women B. ECOSOC
C. UNICEF D. UNESCO
E. UNSC

26. **लोकसभा ने सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2020 में सांसदों के वेतन को _______ प्रतिशत से कम करने के लिए पारित किया.**
A. 10 B. 15
C. 20 D. 25
E. 30

27. **चेक ट्रंकेशन सिस्टम में क्या truncate किया जाता है?**
A. चेक की राशि B. चेक का आकार
C. चेक की अवधि D. चेक का भौतिक संचलन
E. इनमें से कोई नहीं

28. **71 वर्षीय वरिष्ठ राजनेता योशिहिदे सुगा को किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है?**
A. वियतनाम B. कंबोडिया
C. लाओस D. जापान
E. दक्षिण कोरिया

29. **बैंकिंग प्रणाली में क्या बदलाव लाने के लिए लोकसभा ने 16 सितंबर को बैंकिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित किया?**
A. बैंकों के नकदी परिचालन को निष्क्रिय करने के लिए
B.गैर-बैंकिंग कंपनियों को एटीएम की अनुमति देना
C. बैंकों को बीमा व्यवसाय करने की अनुमति देना
D. सहकारी बैंकों को RBI के दायरे में लाना
E. इनमें से कोई नहीं

30. **प्रमुख भारतीय विदुषी डॉ. कपिला वात्स्यायन का हाल ही में निधन हो गया. वे निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से जुड़ी हस्ती नहीं थीं?**
A. शास्त्रीय नृत्य B. कला
C. आर्किटेक्चर D. संगीत
E. कला इतिहास

31. **किस भारतीय इंजीनियरिंग कंपनी ने भारत में मैग्लेव ट्रेन परियोजनाओं के विकास के लिए स्विट्ज़रलैंड के स्विसरैपिडे एजी के साथ समझौता किया है?**
a. L & T b. TELCO
c. BHEL d. DMRC
e. DMRI

32. **किस बैंक ने 'टाइटन पे' घड़ियों के माध्यम से संपर्क रहित भुगतान सेवाओं को लॉन्च करने के लिए टाइटन वॉच कंपनी के साथ भागीदारी की है?**
a. SBI b. PNB
c. HDFC Bank d. ICICI Bank
e. Yes Bank

33. **भारत के पहले अनन्य निजी जेट टर्मिनल का उद्घाटन देश के किस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया गया है?**
A. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली
B. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद
C. केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु
D. छत्रपति अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई
E. चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, चेन्नई

34. **____________ संप्रभु सततशील लक्ष्य (SDG) बॉन्ड जारी करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है.**
A. जापान B. ब्रिटेन
C. जर्मनी D. मेक्सिको
E. कनाडा

35. **किस वित्तीय संस्था ने भारत को हरित भवन विकसित करने, सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों का विस्तार कर शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए दो खरब डॉलर देने का आश्वासन दिया है?**
A. विश्व बैंक B. यूरोपीय पुनर्निर्माण बैंक
C. न्यू डेवलपमेंट बैंक D. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम
E. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

36. **किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश ने राष्ट्रीय खुशहाली और लोगों की खुशियों को मापने वाली पहली वार्षिक भारत हैप्पीनेस रिपोर्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया?**
A. मेघालय B. गोवा
C. नई दिल्ली D. मिजोरम
E. पुडुचेरी

37. **निम्नलिखित में से कौन सा खाता केवाईसी 'मानदंडों की आंशिक पूर्ति के साथ खोला जा सकता है?**
A. सावधि जमा खाता B. चालू खाता
C. बचत बैंक खाता D. लघु बचत बैंक खाता
E. नकदी ऋण खाता

38. **हाल ही में जारी किए गए 2020 के स्मार्ट सिटी सूचकांक में कौन सा शहर सबसे ऊपर है?**
A. सिंगापुर B. हेलसिंकी
C. ज्यूरिक D. सिडनी
E. दुबई

39. **निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत के पहले श्रम मंत्री थे?**
A. एन वी गाडगिल B. के सी नियोगी
C. श्यामा प्रसाद मुखर्जी D. जगजीवन राम

E. सी. डी. देशमुख

**40.** **भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में शहरी जनसंख्या का अनुपात सबसे कम है?**

A. ओडिशा  B. हिमाचल प्रदेश
C. बिहार  D. असम
E. अरुणाचल प्रदेश

**41.** **निम्नलिखित में से कौन सी योजना भारत में शहरी क्षेत्रों के विकास से जुड़ी नहीं है?**

a. AMRUT  b. HRIDAY
c. PRASAD  d. DISHA
e. PMAY (urban)

**42.** **भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन कब शुरू किया गया था?**

A. दिसंबर, 2014  B. जून, 2015
C. अक्टूबर, 2015  D. मार्च, 2016
E. जून, 2016

**43.** **निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध भारतीय वास्तुकार (आर्किटेक्ट) नहीं है?**

A. फली नरीमन  B. चार्ल्स कोरेरा
C. बी वी दोशी  D. हाफ़िज़ कांट्रेक्टर
E. लॉरी बेकर

**44.** **निम्न में से कौन सी नदी बंगाल की खाड़ी में डेल्टा नहीं बनाती है?**

A. गोदावरी  B. कृष्णा
C. नर्मदा  D. कावेरी
E. महानदी

**45.** **निम्नलिखित में से कौन सा तूफान आमतौर पर एक महासागर से उत्पन्न नहीं होता है?**

A. साइक्लोन  b. हरिकेन
c. टोर्नेडो  d. टाइफून
e. चक्रवात

**46.** **विदर्भ क्षेत्र निम्नलिखित में से किस राज्य का हिस्सा है?**

A. महाराष्ट्र  B. मध्य प्रदेश
C. गुजरात  D. छत्तीसगढ़
E. राजस्थान

**47.** **पश्चिमी विक्षोभ निम्न-दाब के क्षेत्र होते हैं, जो सर्दियों के दौरान विशेष रूप से भारत के उत्तरी राज्यों में बनते हैं. वे निम्नलिखित में से किससे उत्पन्न होते हैं?**

A. अरब सागर  B. लाल सागर
C. भूमध्य – सागर  D. अरब की खाड़ी
E. कैस्पियन सागर

**48.** **निम्नलिखित में से कौन सी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी नहीं है?**

A. CARE  B. CIBIL
C. Moody's  D. S&P
E. CRISIL

**49.** **निम्न में से कौन सा हिंदू कैलेंडर माह सबसे अधिक गर्मी वाला महीना माना जाता है?**

A. वैशाख  B. श्रावण
C. ज्येष्ठ  D. आषाढ़
E. भादो

**50.** **निम्नलिखित में से कौन अपने शिक्षार्थियों की संख्या और पाठ्यक्रमों के मामले में सबसे बड़ा Massive Open Online Courses (MOOCs) माना जाता है?**

A. Udacity  B. Coursera
C. EdX  D. Udemy
E. Tedex

## ANSWER KEY | SEPTEMBER GK TEST | 1

| Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 2 | A | 3 | D | 4 | B | 5 | C |
| 6 | D | 7 | C | 8 | D | 9 | B | 10 | D |
| 11 | B | 12 | C | 13 | D | 14 | C | 15 | C |
| 16 | D | 17 | C | 18 | B | 19 | C | 20 | B |
| 21 | A | 22 | C | 23 | E | 24 | D | 25 | C |
| 26 | A | 27 | D | 28 | D | 29 | D | 30 | B |
| 31 | D | 32 | C | 33 | C | 34 | B | 35 | E |
| 36 | B | 37 | D | 38 | A | 39 | B | 40 | D |
| 41 | D | 42 | C | 43 | D | 44 | B | 45 | B |
| 46 | B | 47 | D | 48 | C | 49 | C | 50 | D |

## ANSWER KEY | SEPTEMBER GK TEST | 2

| Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 2 | D | 3 | D | 4 | B | 5 | B |
| 6 | E | 7 | C | 8 | B | 9 | D | 10 | C |
| 11 | A | 12 | D | 13 | C | 14 | D | 15 | D |
| 16 | A | 17 | A | 18 | C | 19 | D | 20 | C |
| 21 | B | 22 | C | 23 | B | 24 | C | 25 | B |
| 26 | E | 27 | D | 28 | D | 29 | D | 30 | D |
| 31 | C | 32 | A | 33 | A | 34 | D | 35 | D |
| 36 | D | 37 | D | 38 | A | 39 | D | 40 | B |
| 41 | D | 42 | B | 43 | A | 44 | C | 45 | C |
| 46 | A | 47 | C | 48 | B | 49 | C | 50 | B |



# IBPS CLERK–PRELIMS

# (MODEL TEST PAPER)

## तर्क शक्ति

**दिशानिर्देश: निम्न प्रश्नों में एक प्रश्न और दो कथन I और II दिए हैं. आपको इनका अध्ययन कर निर्णय लेना है कि क्या दिए गए आंकड़े/जानकारी उस प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त हैं अथवा नहीं. दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वोत्तम विकल्प का चुनाव करें.**

**1)** 19 लोगों की पंक्ति में L और K के बीच कितने लोग खड़े हैं? (**ध्यान** दें: सभी सीधी रेखा में उत्तर की ओर मुंह करके खड़े हैं.)

I. Y पंक्ति में बाईं ओर अंतिम छोर पर खड़ा है. Y और K के बीच केवल पांच लोग खड़े हैं. K और R के बीच केवल छः लोग खड़े हैं. केवल चार लोग R और L के बीच खड़े हैं.

II. J पंक्ति के बिल्कुल बीच में खड़ा है. केवल दो लोग I और J के बीच खड़े हैं. केवल पांच लोग I और L के बीच खड़े हैं. I L के बाईं ओर खड़ा है. J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर K खड़ा है.

A. यदि कथन I और II, दोनों को मिलाकर दी गयी जानकारी उत्तर देने हेतु पर्याप्त **नहीं** है.

B. यदि कथन I और II, **दोनों** में दी गई जानकारी उत्तर देने हेतु आवश्यक है.

C. यदि प्रश्न का उत्तर देने हेतु **अकेले कथन II** में दी गई जानकारी पर्याप्त है, किन्तु **अकेले** कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त **नहीं** है.

D. यदि प्रश्न का उत्तर देने हेतु या तो **अकेला कथन I** पर्याप्त है या **अकेला कथन II** पर्याप्त है.

E. यदि प्रश्न का उत्तर देने हेतु **अकेले** कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त है, किन्तु **अकेले** कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त **नहीं** है.

**2)** A, B, C, D, E और F - छह लोग एक वृत्ताकार संयोजन में खड़े हैं. कुछ व्यक्तियों का मुंह केंद्र की ओर है, जबकि शेष का मुंह बाहर की ओर है (अर्थात केंद्र के विपरीत). E के सन्दर्भ में A की क्या स्थिति है?

*(**नोट**: एक ही दिशा की ओर का मतलब है - अगर एक व्यक्ति का मुंह केंद्र की ओर है, तो दूसरे व्यक्ति का मुंह भी केंद्र की ओर है. विपरीत दिशाओं की ओर का मतलब है - अगर एक व्यक्ति केंद्र की ओर मुंह करके खड़ा है, तो अन्य व्यक्ति बाहर की ओर मुंह करके खड़े हैं.)*

I. E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर C खड़ा है. E का मुंह बाहर की ओर है. D और B, दोनों का पड़ोसी C है. जिस दिशा में E है, F उसी दिशा में दूसरे स्थान पर है. D उसी दिशा में देख रहा है जिस दिशा में E देख रहा है

II. B और E के बीच केवल दो लोग खड़े हैं. B और E, दोनों का मुंह बाहर की ओर है. B और F, दोनों का पड़ोसी E है. C और A, दोनों का पड़ोसी B है. D का पड़ोसी A नहीं है.

A. यदि कथन I और II, **दोनों** में दी गई जानकारी उत्तर देने हेतु आवश्यक है.

B. यदि प्रश्न का उत्तर देने हेतु **अकेले कथन II** में दी गई जानकारी पर्याप्त है, किन्तु **अकेले** कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त **नहीं** है.

